

बजट : सत्ता पक्ष और विपक्ष में गतिरोध बरकरार - 12



केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- अधिक आयकर संग्रह मध्य वर्ग के आगे बढ़ने का सबूत- 12



बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के बीच 13वें आम चुनाव के लिए हुआ मतदान - 13



इटली ने नेपाल को रौंदकर आईसीसी टूर्नामेंट में जीत का खाता खोला- 14


आज का मौसम

$24.0^0$ अधिकतम तापमान

$11.0^0$ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.52 सूर्यास्त 06.01


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:26 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 13 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 80, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## परेशान नहीं कर पाएंगे रिकवरी एजेंट आरबीआई के नए सख्त नियम लागू

मुंबई, एजेंसी

- कर्ज वसूली एजेंटों के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य, फोन कॉल की रिकॉर्डिंग संबंधी नियमों का मसौदा जारी



बैंक के लिए कर्ज वसूली करने वाले रिकवरी एजेंट अब परेशान नहीं कर पाएंगे क्यों कि आरबीआई ने बैंक एजेंटों की नियुक्ति और उनके कामकाज के नियमन के लिए गुरुवार को नियमों का मसौदा जारी किया। इसमें एजेंट के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य करने और कर्जदारों को किए जाने वाले सभी फोन कॉल की रिकॉर्डिंग का प्रावधान है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि वसूली एजेंट द्वारा उधारकर्ता को किए गए सभी फोन कॉल को रिकॉर्ड किया जाए। इसके साथ ही एजेंट को कर्जदार के साथ 'सभ्य तरीके' से बातचीत करनी होगी।

नियमों के मसौदे मुताबिक, बैंक का कर्मचारी या वसूली एजेंट कर्जदार के साथ शालीनता एवं मर्यादा बनाए रखते हुए व्यवहार करेगा और कर्ज वसूली के लिए उधारकर्ता के घर जाने पर भी अपना आचरण संयमित रखेगा। आरबीआई इस पर भी विचार कर रहा है कि वसूली एजेंटों के लिए भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) द्वारा संचालित 'ऋण वसूली प्रशिक्षण' को अनिवार्य किया जाए। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समीक्षा की बैठक में एजेंटों के आचरण को नियमित करने के लिए कदम उठाने की बात कही थी। पहले ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिनमें वसूली एजेंट के खराब व्यवहार से कर्जदारों को काफी परेशानियां उठानी पड़ीं।

## 114 राफेल विमानों को खरीदने की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा मंत्रालय का बड़ा फैसला, 3.60 लाख करोड़ की डिफेंस डील, फ्रांस के राष्ट्रपति के भारत आने पर हो सकता है सौदा



रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने रक्षा बलों की युद्ध तत्परता बढ़ाने के लिए कुल 3.60 लाख करोड़ रुपये के सैन्य उपकरणों के पूंजीगत अधिग्रहण को मंजूरी दी।

राफेल विमानों की खरीद को मंजूरी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से ठीक चार दिन पहले मिली। इस सौदे को हालांकि अंतिम रूप देने के लिए औपचारिक अनुबंध इस साल के अंत से पहले होने की संभावना नहीं है, क्योंकि रक्षा मंत्रालय को अब हथियारों के पैकेज की लागत और बारीक विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए दसॉल्ट एविएशन के साथ बातचीत करनी होगी। अप्रैल 2019 में, भारतीय वायुसेना ने लगभग 18 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से 114 बहु-भूमिका लड़ाकू विमान (एमआरएफए) की खरीद के लिए एक आरएफआई (सूचना के लिए अनुरोध), या प्रारंभिक निविदा जारी की। इस परियोजना के अन्य दावेदारों में लॉकहीड मार्टिन का एफ-21, बोइंग का एफ/ए-18 और यूरोफाइटर टाइफून शामिल थे। लड़ाकू विमानों की खरीद का यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारतीय वायुसेना के लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या आधिकारिक तौर पर स्वीकृत 42 की संख्या से घटकर 31 रह गई है। लगभग 13 साल पहले, रक्षा मंत्रालय ने मध्यम बहु-भूमिका लड़ाकू विमान (एमएमआरसीए) के एक बेड़े की खरीद के लिए जमीनी स्तर पर तैयारी पूरी कर ली थी। हालांकि, यह परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई थी।

### तटरक्षक बल को कानपुर एचएएल से मिलेंगे 8 डोर्नियर 228 विमान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 2,312 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के अंतर्गत किया है और इसमें संचालन भूमिका संबंधी उपकरण की खरीद भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर यहां एचएएल के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन, कानपुर के साथ हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध से एलएएल का उत्पादन तंत्र सुदृढ़ होगा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और सहायक उद्योगों के व्यापक नेटवर्क को समर्थन मिलेगा ।

## ब्रीफ न्यूज

### दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का निधन



**नई दिल्ली।** दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का गुरुवार को यहां निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं। वह 1980 और 1990 के दशक में टीवी समाचार जगत के सबसे जाने-माने चेहरों में से एक थीं और जिनकी शांत शैली आज के टेलीविजन समाचार बुलेटिन के शोरगुल से बिल्कुल अलग थी। माहेश्वरी 1976 से लेकर 2005 तक टीवी समाचारों का जाना-पहचाना चेहरा थीं। उनके साथ सलमा सुल्तान, मीनू तलवार, शम्मी नारंग, गीतांजलि अय्यर, नीति रविंद्रन और अन्य भी थीं। उनका नाम सुनते ही प्रसारण जगत और उसके श्वेत-श्याम से रंगीन प्रसारण में परिवर्तन की यादें ताजा हो जाती हैं।

### ब्राजील के राष्ट्रपति 18 को पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा 18 फरवरी को भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि लूला की राजकीय यात्रा से दोनों देशों की द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। साथ ही द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने बताया कि मोदी 21 फरवरी को राष्ट्रपति लूला से मिलेंगे और दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे।

### असम राइफल्स श्वान दस्ते में भारतीय नस्ल के कुत्तों को करेगा शामिल

**जोरहाट।** केंद्र सरकार के स्वदेशीकरण के आह्वान को मजबूती प्रदान करते हुए असम राइफल्स अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए दस्ते में भारतीय नस्ल के कुत्तों को शामिल करने की योजना बनाई है। कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आलोक ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के तहत 'तंगखुल हुई' नस्ल के कुत्तों को श्वान दस्ते में शामिल कर लिया है।

## रेरा को समाप्त कर देना चाहिए, यह दागी बिल्डरों के लिए काम कर रहा

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, कहा- जिनके लिए रेरा बनाया वे पूरी तरह से निराश और हताश

- कोर्ट की सख्त टिप्पणी से रियल एस्टेट सेक्टर में मची हलचल

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि सभी राज्यों के लिए रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के गठन पर पुनर्विचार करने का यह सही समय है क्योंकि यह संस्था दागी बिल्डरों को सुविधा प्रदान करने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि जिन लोगों के लिए रेरा बनाया गया था, वे पूरी तरह से निराश और हताश हैं।

पीठ ने जोर देकर कहा कि अगर इस संस्था को समाप्त कर दिया जाए तो उसे कोई आपत्ति नहीं होगी। पीठ ने हिमाचल प्रदेश सरकार को रेरा के कार्यालय को अपनी पसंद के स्थान पर स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए ये टिप्पणियां कीं। हिमाचल प्रदेश सरकार और अन्य द्वारा दायर याचिका पर पीठ ने नोटिस जारी किया, जिसमें हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जो राज्य के रेरा कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने से संबंधित था। उच्च न्यायालय ने इससे पहले रेरा कार्यालय के स्थानांतरण से संबंधित जून 2025 की अधिसूचना पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। बाद में, 30 दिसंबर 2025 को अपने आदेश में, उच्च न्यायालय ने अंतरिम आदेश को जारी रखने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने 30 दिसंबर के उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगा दी है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, दागी बिल्डरों को सुविधा देने के अलावा यह संस्था (रेरा) कुछ नहीं कर रही है। बेहतर होगा कि इस संस्था को समाप्त कर दिया जाए, हमें इसमें कोई आपत्ति नहीं है ...अब समय आ गया है कि सभी राज्य इस प्राधिकरण के गठन पर ही पुनर्विचार करें। राज्य सरकार ने अधिवक्ता सुगंधा आनंद के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में कहा कि हिमाचल प्रदेश रेरा कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने का निर्णय शिमला शहर में भीड़भाड़ कम करने के लिए लिया गया था, और यह पूरी तरह से प्रशासनिक कारणों पर आधारित था। प्रतिवादी की ओर से पेश एक वकील ने कहा कि प्राधिकरण जिन परियोजनाओं से संबंधित मामलों को देखता है, उनमें से 90 प्रतिशत शिमला, सोलन, परवानू और सिरमौर में हैं, जो अधिकतम 40 किलोमीटर के दायरे में आते हैं। उन्होंने कहा कि रेरा के समक्ष लंबित शिकायतों में से लगभग 92 प्रतिशत इन्हीं जिलों से हैं।

### किसी को अरावली को छूने की अनुमति नहीं देंगे

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह किसी को भी अरावली की पहाड़ियों को छूने की अनुमति नहीं देगा। इसी के साथ विशेषज्ञों द्वारा पर्वतमाला की परिभाषा स्पष्ट किए जाने तक हरियाणा सरकार को जंगल सफारी पर विस्तृत योजना प्रस्तुत करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि अरावली पहाड़ियों से संबंधित मुख्य मामले पर विचार करते समय 'जू सफारी' के मुद्दे पर भी संज्ञान लिया जाएगा। हरियाणा का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने सफारी परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को 10,000 एकड़ से संशोधित करके 3,300 एकड़ से अधिक कर दिया है। उन्होंने कहा कि वे केवल इतना चाहते हैं कि उन्हें डीपीआर को केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के समक्ष समीक्षा के लिए प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। पीठ ने कहा, हम विशेषज्ञ नहीं हैं। अरावली की परिभाषा विशेषज्ञ तय करेंगे। सीजेआई ने कहा कि अरावली केवल हरियाणा या राजस्थान की ही नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी पर्वत शृंखला है जो कई राज्यों से होकर गुजरती है। उन्होंने हरियाणा सरकार के वकील से कहा, हम जू सफारी के मुद्दे पर मुख्य मामले के साथ ही विचार करेंगे। इस पर हरियाणा सरकार के वकील ने कहा कि मुख्य मामला बिल्कुल अलग है और जंगल सफारी का मुद्दा अलग है। पीठ ने इसपर टिप्पणी की, कभी-कभी, सीईसी अनुमति देने में बहुत चुनिंदा रवैया अपनाता है। अगर हम अनुमति देते हैं, तो वे बहुत ही आकर्षक तस्वीर पेश करेंगे कि ये पेड़, वन्यजीव और जंगल हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि विशेषज्ञ समिति की राय आने के बाद वह सफारी परियोजना पर विचार करेगी।

## बिजली-कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और सपा नेता शिवपाल यादव आमने-सामने

**अमृत विचार:** विधानसभा में गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। बिजली आपूर्ति, कानून व्यवस्था, किसान और बजट के मुद्दों पर सदन का माहौल बार-बार गरमाया। ऊर्जा मंत्री और सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बीच तीखी बहस केंद्र में रही।

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत होते ही भाजपा विधायकों ने सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में शिक्षा, कानून व्यवस्था और निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में सुविधाओं, बेहतर भवनों और निवेशकों के बढ़ते भरोसे को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

सदन में सबसे तीखी बहस ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव के बीच हुई। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पीएम सूर्य घर योजना सहित कई केंद्रीय योजनाओं में देश में अग्रणी है और आज प्रदेश में कहीं 24 तो कहीं 21 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब सपा कानून व्यवस्था और बिजली की बात करती है तो हंसी आती है। इस पर शिवपाल सिंह यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में भी बिजली और सड़क के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम हुआ था।



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा एवं सपा विधायक शिवपाल सिंह

### किसान, डीजल व अधिग्रहण पर सरकार का जवाब

किसानों की बदहाली, डीजल की कीमत और जमीन अधिग्रहण को लेकर सपा विधायक अनिल प्रधान ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसान कर्ज, मौसम की मार और आवारा पशुओं से परेशान हैं, वहीं खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। जवाब में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यूपी में डीजल पर वैट देश के कई राज्यों की तुलना में कम है और डीजल की कीमतें पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु सहित करीब 20 राज्यों से कम हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सरकार लगातार योजनाओं पर काम कर रही है। भूमि अधिग्रहण पर उन्होंने कहा कि किसानों से संवाद कर बाजार दर पर मुआवजा दिया जाता है।

## देशव्यापी हड़ताल का मिलाजुला असर, बैंकिंग सेवाएं सुचारू रहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच की सरकार की नीतियों के खिलाफ गुरुवार को आहूत एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का सामान्य जनजीवन पर खास असर नहीं पड़ा।

श्रमिक संगठनों ने कई राज्यों में मुख्य रूप से कार्यालय परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। कुछ जगहों पर श्रमिक हड़ताल में समर्थन दिखाने के लिए कार्यस्थल पर देर से पहुंचे। उत्तर प्रदेश ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, गोवा सहित कई राज्यों में इसका मिला-जुला असर देखने को मिला। श्रमिक संगठनों ने दावा किया कि हड़ताल में 30 करोड़ से अधिक श्रमिकों, किसानों और अन्य वर्गों ने भाग लिया। बैंकिंग सेवाएं भी सुचारू रूप से चलती रहीं।



## ट्रैक्टर-ट्रॉली भिड़ंत में तीन बच्चों की मौत, 18 घायल

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

- थाना उघैती क्षेत्र में गुरुवार देर शाम गांव सिद्ध बरौलिया के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्राली सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। मौत की सूचना पर परिजनों में चीत्कार मचा है।



हादसे के बाद मौके पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली।

थाना वजीरगंज क्षेत्र में आंवला मार्ग स्थित गांव उरैना के एक परिवार में शादी होनी थी। परिवार, रिश्तेदार और ग्रामीण गुरुवार देर शाम भात मांगने के लिए उघैती क्षेत्र के गांव खितौरा जा रहे थे। देर शाम उघैती के गांव सिद्धपुर बरौलिया के पास विपरीत दिशा से आए ट्रैक्टर ने उनके ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में उरैना की ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार 20-25 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची। घायलों को बिसौली सीएचसी पर लाया गया। जहां चिकित्सक ने उरैना निवासी राखी (12) पुत्री गिरधारी, पूजा (13) पुत्री मदन लाल और नितिन (13) पुत्र उपेंद्र को मृत घोषित कर दिया। बाकी के घायलों का इलाज किया जा रहा है। सूचना मिलने पर एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया, सीओ बिसौली सुनील कुमार और एसडीएम राशि कृष्णा ने घायलों का हाल जाना।

## संसद में पारित हुआ औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद ने गुरुवार को औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए सरकार ने संहिता के संबंध में कहा कि यह श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की गारंटी देती है। राज्यसभा में, विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा जवाब दिए जाने के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। हालांकि, श्रम मंत्री के जवाब से पहले ही प्रवाधानों के प्रति विरोध जताते हुए कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने सदन से वॉक आउट किया।



- सरकार ने कहा यह संहिता श्रमिकों को न्यूनतम वेतन की देती है गारंटी
- देश में महिलाओं और पुरुषों को समान वेतन पाने का अधिकार होगा

मांडविया ने कहा, इस श्रम संहिता में हमने सुनिश्चित किया है कि संवैधानिक सुरक्षा मानकों के साथ न्यूनतम वेतन मानक तय करेंगे। देश में महिलाओं और पुरुषों को समान वेतन पाने का अधिकार होगा। मंत्री ने कहा कि औद्योगिक संबंध संहिता तो 2020 में ही पारित हो चुकी है और ढाई महीने पहले लागू भी हो चुकी है, लेकिन अधिकतर सदस्यों ने चर्चा में संहिता की ही बात की है और इसे कामगार विरोधी बताया है। मांडविया ने कहा, हम तो एक छोटा सा संशोधन लाए हैं। यह संशोधन केवल कानूनी स्पष्टता के लिए सदन में लाया गया। मांडविया ने कहा, हम श्रमिकों के हित में एक संहिता लाए हैं। तीन कानूनों को इसमें शामिल किया गया।

**एसआईआर** — मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा- 3 .26 करोड़ मतदाताओं को भेजे गए नोटिस

## नो-मैपिंग के 1.04 करोड़, विसंगतियों के 2 .22 करोड़ मतदाता चिह्नित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- दस दिन में आपत्ति का मौका
- 1.09 करोड़ को भेजे जा चुके हैं नोटिस

**अमृत विचार :** प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नो-मैपिंग और तार्किक विसंगतियों को लेकर बड़े पैमाने पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छह जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के आधार पर कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने हैं। इनमें से अब तक लगभग एक करोड़ 9 लाख मतदाताओं को नोटिस निर्गत किए जा चुके हैं। 10 दिन में आपत्ति देनी होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान नो-मैपिंग से संबंधित 1 करोड़ 04 लाख और तार्किक विसंगतियों से संबंधित 2 करोड़ 22 लाख मतदाताओं की पहचान की गई है। इन सभी श्रेणियों में आने वाले मतदाताओं की सूचियां संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को उपलब्ध करा दी गई हैं। साथ ही, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन सूचियों को तहसील, पंचायत भवन, वार्ड कार्यालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाता इन सूचियों को ऑनलाइन भी देख सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की वेबसाइट के साथ-साथ जनपदवार, विधानसभा-वार और बूथ-वार जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी ये सूचियां उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि किसी भी मतदाता को जानकारी के अभाव में असुविधा न हो। रिणवा ने बताया कि सभी मतदाता सहायता केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों को कार्यदिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों पर वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची, 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, नो-मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों से संबंधित सूचियां, फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 तथा घोषणा-पत्र पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। जिन मतदाताओं के नाम नो-मैपिंग अथवा तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आए हैं, वे सूची प्रदर्शित होने की तिथि से 10 दिनों के भीतर आपत्तियां व्यक्तिगत रूप से दे सकते हैं।

### मंडलायुक्त, डीएम और एसडीएम करेंगे औचक निरीक्षण

सीईओ रिणवा ने शहरी क्षेत्रों में कामकाजी दंपत्तियों की सुविधा को देखते हुए अवकाश के दिनों में भी सुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही मंडलायुक्त (रोल ऑब्जर्वर), जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को सुनवाई केंद्रों का औचक निरीक्षण कर समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रत्येक सुनवाई केंद्र पर हेल्प डेस्क स्थापित करने के दिए निर्देश

नवदीप रिणवा ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुनवाई से संबंधित सभी अभिलेखों और आपत्तियों का सुरक्षित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सुनवाई केंद्र पर हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार, 13 फरवरी 2026



न्यूज ब्रीफ

### नोटिसों की सुनवाई कराया निस्तारण

**गजरौला, अमृत विचार :** गजरौला कलां सहराई के पंचायत सचिवालय में नो मैपिंग से संबंधित नोटिसों के समाधान के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पारितोष द्विवेदी ने 40 नोटिसों की सुनवाई कर निस्तारण कराया। ये लोग नोटिस मिलने के बाद से तहसील के चक्कर लगा रहे थे। उन्हें काफी परेशानी हो रही थी। शिविर गुरुवार दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक चला। बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में पहुंचे और लाभ उठाया। इसके अलावा पूर्व में ग्राम पंचायत अटकोना में घर-घर जाकर नोटिसों का निस्तारण किया गया था।

### साक्षरता शिविर में लोगों को दी जानकारी

**मझोला, अमृत विचार :** ब्लॉक अमरिया की ग्राम पंचायत निसावा निसैया में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर आपका पहला कदम रहा। ग्रामीणों को आधुनिक बैंकिंग सेवाओं और धोखाधड़ी से बचने के टिप्स दिए गए। जगदीश कुमार ने बताया कि बैंक खाते को सक्रिय और सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर केवाईसी अपडेट करना अनिवार्य है। उन्होंने सेंट्रल केवाईसी के फायदे बताए। साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी गई।

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव मुड़िया बिलहरा के लाल बहादुर शास्त्री महारानी लक्ष्मीबाई पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। एसओ करेली विपिन शुक्ला ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शुरुआत कराई। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रबंधक गौरी मिश्रा, बृजेश वर्मा, चौविनेश श्रीवास्तव, वीरपाल, अनूप, विश्वजीत, देव कुमारी, स्वाती शुक्ला, मोनी शुक्ला, मानवी, शिवा, सविता मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में कई पुरस्कृत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज रामनगर जगतपुर में गुरुवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत बरखेड़ा अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल रहे। बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। चेयरमैन ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। निरंतर परिश्रम कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य वीरेश पांडेय, अनिल कुमार, संजय कुमार, दीपक कुमार, रोहित श्रीवास्तव, कमलेश कुमार, विकास अवस्थी, प्राची आदि मौजूद रहे।

# बाबूगिरी संभाली और वेतन फंड में की सेंधमारी, अफसर बेखबर

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पत्नी के खाते में एक करोड़ से अधिक सरकारी रकम पहुंचने का मामला, डीआईओएस कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक खलबली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** डीआईओएस कार्यालय में सालों से अवैध तरीके से अटैचमेंट के नाम पर बाबूगिरी कर अहम पटलों का कार्यभार संभाल रहा बीसलपुर के एक इंटर कॉलेज का चपरासी इल्हाम का खेल उजागर होने पर खलबली मच गई है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पत्नी के खाते में एक करोड़ से अधिक की सरकारी रकम का ट्रांजेक्शन जिम्मेदारों की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर गया है। फिलहाल डीएम के निर्देश पर सीडीओ की अगुवाई में गठित कमेटी जांच में जुट गई है। इधर, डीआईओएस कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक प्रकरण खलबली मचा गया है। प्रथम दृष्टया से भी सामने आ रहा है कि पत्नी के खाते में भेजी गई रकम शिक्षकों के वेतन फंड से स्थानांरित हुई है। एक बाबू जोकि मूल रूप से चपरासी है। वह अकेले कैसे ये सब करता चला गया ऐसे में सवाल ये भी है कि जिम्मेदार उसके साथ थे या फिर बेखबर।

बता दें कि लंबे समय से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अहम पटलों का कार्यभार संभालने का काम चर्चित इल्हाम शम्सी कर रहा था। उसकी मूल तैनाती बीसलपुर के जनता इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी पद पर थी। मगर, सात साल से अधिक समय से वह डीआईओएस कार्यालय में अवैध तरीके से अटैंचमेंट के नाम पर लेखाकार बनकर काम संभालता रहा। उसकी पत्नी अर्शी खातून के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में डीआईओएस कार्यालय से जुड़ी एक करोड़ से अधिक की सरकारी धनराशि भेजी गई। इस खाते से 3641885.56 रुपये यूपीआई लेनदेन के जरिए निकाले जा चुके थे और वर्तमान में खाते में 66.18 लाख से अधिक रुपये शेष थे। संदिग्ध गतिविधि की आशंका पर बैंक ने खाते को फ्रीज कर दिया और बड़ा गोलमाल सुर्खियां बन चुका है। इसकी जांच के लिए टीम गठित की जा चुकी है। पूरी तरह से तस्वीर जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी कि आखिर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने अकेले खेल किया या कोई इसमें मददगार भी बना। फिलहाल गुरुवार को मामले को लेकर खलबली मची रही। डीआईओएस राजीव कुमार कलेक्ट्रेट पहुंचे और कोषागार के अधिकारियों संग मंथन चलता रहा। इधर, इल्हाम डीआईओएस दफ्तर नहीं पहुंचा। वह जिस कक्ष में बैठता था, उसमें ताला पड़ा रहा। अन्य कर्मचारी भी मामले को लेकर चर्चाएं करते रहे। बताते हैं कि इल्हाम ने पूर्व डीआईओएस के कार्यकाल के दौरान ही अपनी पत्नी के खाते को जुड़वा दिया था। उसकी पत्नी के खाते में भेजी गई सरकारी रकम प्रथम दृष्टया शिक्षकों के वेतन फंड से जुड़ी बताई जा रही है। जिसमें उसकी सेंधमारी चलती रही। चूंकि खाते को कोषागार तक दर्ज कराना इतना आसान तो नहीं। ऐसे में उसने अधिकारियों को गुमराह कर विश्वास में लेकर संबंधित अभिलेखों में हस्ताक्षर करा लिए या फिर मिलीभगत रही। ये जांच का विषय है। मगर ये तय माना जा रहा है कि जो भी किया गया सब साजिश के तहत ही रहा होगा। ये बात अब प्रकरण उजागर होने पर अधिकारी भी दबी जुबां से स्वीकार कर रहे हैं। इतना ही एक नई बात निकलकर ये भी आई है कि खुद को फंसता देख निकाली गई करीब 36.41 लाख की रकम को उसने राजकीय कोष में वापस जमा करा दिया। इसकी पुष्टि भी कुछ अधिकारियों ने की है। ट्रेजरी से रकम भेजी जाती रही और पकड़ न होने के पीछे जिम्मेदारों का तर्क है कि इसकी जांच पड़ताल विभागीय स्तर से ही संभव है। ट्रेजरी में जो खाते अपलोड होकर आते हैं, उन्हीं में रकम भेज दी जाती है।



डीआईओएस दफ्तर के कक्ष में इस तरह लेखाकार का काम संभालता था इल्हाम शम्सी।



डीआईओएस दफ्तर में गुरुवार को बंद रहा इल्हाम का कमरा।

> इस मामले में सीडीओ की अगुवाई में कमेटी गठित कर जांच कराई जा रही है। कोषागार स्तर से ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि उसमें फीड कराए गए खातों की क्रॉस चेकिंग की जाए। ये संबंधित विभाग की जिम्मेदारी होती है। कोषागार स्तर से कोई लापरवाही नहीं हुई है।
>
> **- सुरेश यादव**, वरिष्ठ कोषाधिकारी

### पूर्व में उठा शोर तो मामला दबा गए थे जिम्मेदार

डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी संभाल रहा इल्हाम विभागीय अधिकारियों के खासा करीबी के तौर पर पहचाना जाता रहा है। हालांकि जिम्मेदारों का इसके पीछे ये तर्क है कि उसका काम बेहतर था। वहीं, माध्यमिक शिक्षा विभाग के ही कुछ अन्य जिम्मेदारों की मानें तो काम कोई भी हो, लेकिन इल्हाम के बिना नहीं होता। मूल पद भले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का हो, लेकिन जब वह डीआईओएस दफ्तर में काम संभालता और अपने कक्ष में बैठा हो, उस वक्त भले कोई कॉलेज का प्रधानाचार्य भी आ जाए तो उसके सामने वह किसी अफसर से कम रुतबा नहीं रखता था। काम कराने के लिए उसे सलाम तो करना ही पड़ता। करीब दो से तीन माह पूर्व भी गलत खाते में डीआईओएस कार्यालय से जुड़ी रकम भेजे जाने का शोर बढ़ा था। मामला काफी चर्चित रहा। मगर, उस वक्त जिम्मेदार इस बात को दबा गए थे।

### शिक्षक संघ ने की न्यायिक जांच की मांग

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने भी इस पूरे प्रकरण को गंभीर बताया है। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने इस बाबत डीआईओएस से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शिक्षिकों के हित को सुरक्षित रखते हुए ठोस कदम उठाए जाएं। प्रशासन से मांग की गई कि न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त एक्शन लिया जाए। इससे जुड़ा ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें इसके अलावा कहा कि आयकर फार्म 26 एएस में कई शिक्षकों को अपनी जानकारी नहीं मिल पा रही है। उसमें कई सालों से कटौती भी दर्शाई नहीं जा रही है। वहीं, होली से पूर्व वेतन देने की भी मांग की गई है। इस मौके पर संरक्षक सतीश चंद्र गंगवार भी मौजूद रहे।

### शासन से तलब की गई रिपोर्ट, कमेटी कर रही जांच

डीआईओएस कार्यालय से जुड़े इस संगीन प्रकरण में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने सीडीओ की अगुवाई में जांच कमेटी गठित की है। इसमें सिटी मजिस्ट्रेट, एलडीएम समेत कई अधिकारी शामिल किए हैं। डीआईओएस की ओर से भी सीडीओ को अपनी आख्या बनाकर भेज दी गई है। प्रकरण की जांच भले ही अभी कछुआ चाल से चल रही हो। मगर, मामला शासन स्तर तक पहुंच चुका है। जिसे लेकर अभी आगे और सख्ती होने की उम्मीद जताई जा रही है। बताते हैं कि प्रकरण के संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी संज्ञान लिया है। इसकी पूरी रिपोर्ट डीएम से तलब की गई है। ऐसे में संबंधित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई करते हुए जल्द निलंबन होना तय माना जा रहा है।

# समाधान के आश्वासन पर धरना समाप्त

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम माधौपुर फरदिया में शिव मंदिर के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन को हटाने और हाईवे पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर भाकियू भानू का चल रहा धरना प्रदर्शन छठे दिन समाप्त हुआ। एसडीएम के चौदह दिन में समाधान के आश्वासन पर कार्यकर्ता मान गए।

गुरुवार को एसडीएम मयंक गोस्वामी पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और वार्ता की। इस दौरान धरना प्रदर्शन को भूख हड़ताल का रुप दे दिया गया था। एसडीएम ने आंदोलनकारियों को फल खिलाकर अनशन तुड़वाया। समस्याओं के निराकरण के लिए 14 दिन का समय मांगा और भाकियू भानु जिलायक्ष भजन लाल क्रोधी समेत अन्य पदाधिकारियों को लिखित आश्वासन पत्र सौंपा। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। एसडीएम ने बताया कि शिव मंदिर के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन को हटाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया था। विभागीय अभिलेखों की जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त लाइन एवी मोरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वयं निर्मित कराई गई है। वर्तमान में यह लाइन विद्युत वितरण विभाग को विधिवत हस्तांतरित नहीं की गई है, जिसके कारण इस पर विभाग का प्रत्यक्ष नियंत्रण स्थापित नहीं है। मंदिर समिति के अध्यक्ष दीनदयाल, सचिव ठाकुरदास, धर्मपाल, बाबूराम वर्मा, अशोक राठौर, रामगोपाल, डोरी लालपाल, ओंकार सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



भाकियू भानु पदाधिकारियों को लिखित आश्वासन देते एसडीएम मयंक गोस्वामी।

- भारतीय किसान यूनियन भानू को एसडीएम ने दिया आश्वासन

# सत्य की रक्षा के लिए हुआ राजा परीक्षित का जन्म

**बिलसंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम बमरोली के राधा रसिक बिहारी मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। दूसरे दिन भक्तों ने कथा का श्रवण कर पुण्यलाभ अर्जित किया। कथा की शुरुआत भगवान कृष्ण के सत्य स्वरूप की वंदना की गई। कथाव्यास ने परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। कहा कि राजा परीक्षित का जन्म सत्य की रक्षा के लिए हुआ था। उनकी माता उत्तरा के गर्भ में परीक्षित को अश्वत्थामा ने मारना चाहा लेकिन भगवान कृष्ण ने उन्हें बचा लिया। कहा कि सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है। आरती के बाद कथा का समापन किया गया।



बलरामकृष्ण।

# ग्रामीणों को बताया मतदान का महत्व



ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताती छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत ग्राम नारायनपुर में शिविर हुआ। जिसकी थीम मतदाता जागरूकता अभियान रही।

प्राचार्य डॉ.सुधीर कुमार शर्मा के निर्देशन मे गांव में रैली निकालकर मतदाता जागरूकता के नारे लगाए और घर-घर जाकर ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया। स्वयंसेवियों ने नागरिकों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दिलाया। लोकतंत्र की मजबूती में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। प्राचार्य ने मतदाता जागरूकता अभियान पर विस्तृत जानकारी दी। कहा कि लोकतंत्र की सफलता नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस मौके पर डॉ.राजिया, शकील, सोनू डॉ.अरविंद दीक्षित, शाहिद खान, डॉ.विनोद सिंह, डॉ.सौरभ सक्सेना, अंकित गुप्ता ,डॉ.जयनारायण आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रगति स्वाभिमान और सफलता की ओर कार्यक्रम के तहत बीएसए कार्यालय में बाल उत्सव का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, बीएसए रोशनी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराया। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।

जूनियर हाई स्कूल भिंडारा के छात्र-छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नाटक की प्रस्तुति दी। कंपोजिट स्कूल ललौरीखेड़ा की छात्राओं ने आधाफुल और फिल्म स्टार का अपहरण की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के दौरान दर्शक खुद तालियां बजाने से नहीं रोक सके। नगर क्षेत्र पीलीभीत के छात्राओं ने कजरी डांस, मरौरी के मुंडेला छात्राओं ने प्रेरणा गीत, कंपोजिट स्कूल नवादिया दहला की छात्राओं ने समूह नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रतियोगिता में पांच छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। मरौरी ब्लॉक की प्रियंका देवी, बीसलपुर की साक्षी, मरौरी ब्लॉक से सालवी, पूरनपुर से संतोष, मरौरी से शिवानी, शामिल रही। मेरे बदलाव की कहानी में पांच छात्राओं का चयन किया गया। जिसमें ललौरी खेड़ा की सोनाली, बरखेड़ा की राखी देवी, मरौरी से करिश्मा, अमरिया से करन गुप्ता, मरौरी से नीरज कुमार का चयन किया गया। विजेताओं को मंडलीय प्रतियोगिता में शामिल करने के लिए भेजा जाएगा। इस मौके पर जिला समन्वयक बालिका शिक्षा मनीष श्रीवास्तव, राकेश पटेल, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, उत्तर प्रदेश यूनिसेफ के एजुकेशन ऑफिसर रवि राज दयाल ,एसआरजी अमित पाठक, प्रशांत त्रिवेदी, एसआरजी वैभव जैसवार मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं। ● अमृत विचार

- ब्लॉक प्रमुख और बीएसए ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

# खाटू श्याम के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु



खाटू श्याम के भजन सुनाते गायक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** कस्बे में खाटू श्याम सेवा कमेटी के तत्वाधान में तृतीय श्रीखाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें गायक कलाकारों ने खाटू श्याम के भजन सुनाए। इस पर श्रद्धालु झूम उठे।

बता दें कि बुधवार को खाटू श्याम सेवा कमेटी के सदस्यों की ओर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई थी। इसके बाद रात को मेला मैदान में श्री खाटू श्याम का भव्य संकीर्तन चला। गायक कलाकार प्राची उपाध्याय कानपुर, चेतन शर्मा दिल्ली, अमन मिश्री वृंदावन के द्वारा खाटू श्याम के भजन सुनाए गए। भजनों को सुनकर भक्त झूम उठे। इस दौरान खाटू श्याम सेवा कमेटी के सदस्य हिमांशु गुप्ता, अरविंद कुमार, दर्पण सक्सेना, अभिषेक गुप्ता, अर्पित सक्सेना, ऋषि राज गुप्ता, अमन गुप्ता, जितेंद्र मौर्य, योगेश सक्सेना, श्याम गुप्ता, अभिषेक गंगवार, ऋतिक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# आइसीयू में बेडसाइड अल्ट्रासाउंड की शुरुआत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में भर्ती गंभीर मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए वार्ड से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। आईसीयू में पाइंट-ऑफ-केयर (पीओसी) अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू कर दी गई है। जिससे मरीज के बेड पर ही तत्काल और सटीक जांच संभव हो सकेगी। आईसीयू प्रभारी डॉ. अरविंद एम के नेतृत्व में इसकी शुरुआत की गई है। उप प्राचार्य डॉ. अरुण सिंह ने बताया कि आईसीयू को अत्याधुनिक डिजिटल अल्ट्रासाउंड मशीन से सुसज्जित किया गया है। इसमें तीन विशेष प्रोब लिनियर, कर्विलीनियर और फेज्ड एरे शामिल हैं। इनकी मदद से हृदय की कार्यप्रणाली, फेफड़ों में संक्रमण (निमोनिया) और पेट की आंतरिक चोटों की सटीक और तत्काल पहचान की जा सकती है।

# ईपीएफ-ईएसआई जमा न करने पर फर्म को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा के अंतर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों के ईपीएफ और ईएसआई अंशदान जमा न किए जाने के मामले में बीएसए ने सेवा प्रदाता फर्म को नोटिस जारी किया है।

बता दें कि बेसिक शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर और ब्लॉक एमआईएस जैसे पदों पर आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं। लखनऊ की रिल्यूट रेसिंग कंपनी के द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मियों के वेतन से सेवा प्रदाता फर्म द्वारा ईपीएफ और ईएसआई की नियमित कटौती की जाती है। आरोप है कि दिसंबर 2024 से अब तक कटौती की गई धनराशि कर्मचारियों के ईपीएफ और ईएसआई खातों में जमा नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों को न सिर्फ ब्याज का नुकसान हो रहा है, बल्कि ईएसआई से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। कर्मचारियों का कहना है कि ईपीएफ और ईएसआई जैसी वैधानिक कटौती की जाती है, इसलिए उसे जमा कराया जाएगा। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए बीएसए रोशनी सिंह ने फर्म को पूर्व में कई पत्रों के माध्यम से ईपीएफ व ईएसआई जमा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अनुपालन न होने पर अब कड़ा रुख अपनाते हुए पुनः नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भी मामले में आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा है। कर्मचारियों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- बेसिक शिक्षा विभाग के 25 से अधिक आउटसोर्सिंग कर्मियों की कटौती अटकी

# पीटीआर : दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वन्यजीव प्रबंधन के लिए क्षमता विकास पर चल रही दो दिवसीय कार्यशाला का बृहंस्पतिवार को समापन हो गया। कार्यशाला में टाइगर रिजर्व समेत वन एवं वन्यजीव प्रभाग की सभी आठ रेंजों के वन अफसर एवं वनकर्मियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा वन्यजीवों को आधुनिक विधि से रेस्क्यू करने एवं वाइल्डलाइफ अधिवक्ता सुरेश चंद्र यादव द्वारा वन अपराधियों के विरूद्ध वन अपराध से संबंधित विभिन्न वन विधियों एवं धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उदय सतरबला, डॉ. योगेश प्रताप सिंह, विश्व प्रकृति निधि के डॉ. मुदित गुप्ता एवं वाइल्डलाइफ वार्डन दुधवा रमेश सिंह ने सभी वन अफसरों एवं कर्मचारियों को वन एवं वन्यजीवों के संबंध मे विस्तार से बताया। कार्यशाला में टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके, प्रशिक्षु डीएफओ हिमांशु वाबले, उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, रुद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रोजेक्ट दिव्य दर्शन : पीटीआर में दिव्यांग बच्चे मुफ्त में करेंगे जंगल सफारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद भर के दिव्यांग बच्चे अब पीलीभीत टाइगर रिजर्व में निशुल्क जंगल सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे। टाइगर रिजर्व प्रशासन ने प्रोजेक्ट दिव्य दर्शन के तहत इन सभी दिव्यांग बच्चों को लेकर एक प्लान तैयार किया गया है। जनपद के करीब 3400 दिव्यांग बच्चों को डाटा एकत्र करने के बाद एक रोस्टर प्लान तैयार किया गया है। रोस्टर प्लान के मुताबिक यह दिव्यांग बच्चे बारी-बारी से प्रत्येक बुधवार को टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैवविविधिता के दम पर देश-दुनिया में एक टूरिज्म आईकॉन के रूप में उभर रहा है। देश के कोने-कोने एवं विदेशी धरती से बड़ी संख्या में सैलानी तराई की गोद में बसे टाइगर रिजर्व की खूबसूरती एवं बाघ समेत अन्य वन्यजीवों का दीदार करने पहुंच रहे हैं। सफारी वाहनों के माध्यम से सैलानी मिनी गोवा कहे जाने वाले इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच, सप्त सरोवर समेत अन्य टूरिज्म प्वाइंटों तक पहुंचते हैं। इन सबके बीच टाइगर रिजर्व प्रशासन ने जनपद के दिव्यांग नौनिहालों को भी विश्व पटल पर अपनी पहचान बना रहे पीलीभीत टाइगर रिजर्व को करीब से दिखाने का निर्णय लिया, ताकि वे भी अपनी धरोहर के बारे में जान सके। इसको लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन ने प्रोजेक्ट दिव्य दर्शन के तहत पूरा एक प्लान तैयार किया है। इसको लेकर पूर्व में जिला पुनर्वास एवं दिव्यांग, बेसिक शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों के सहयोग से बकायदा सर्वे कराया गया। इसमें विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत करीब 2700 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा जनपद के करीब 800 दिव्यांग बच्चे ऐसे भी चिन्हित किए गए हैं, जो किसी शिक्षण संस्था से नहीं जुड़े हैं। टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा इन सभी दिव्यांग बच्चों का डाटा एकत्र करने के बाद एक रोस्टर प्लान तैयार किया गया है।टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक दिव्यांग बच्चों को जंगल सफारी के लिए बुधवार का दिन निश्चित किया गया है। इस दिन साप्ताहिक बंदी रहती है। रोस्टर के मुताबिक दिव्यांग बच्चे बारी-बारी बुधवार को सुबह-शाम शिफ्ट में जंगल सफारी का आनंद लेगें। टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक प्रत्येक शिफ्ट में दो से चार सफारी वाहन रवाना किए जाएंगें। खास बात यह है कि यदि दिव्यांग बच्चों के माता पिता भी जंगल सफारी के इच्छुक होंगे तो उन्हें भी यह सुविधा दी जाएगी।



पीटीआर के चूका बीच पर मनोहारी दृश्य देखते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

- टाइगर रिजर्व प्रशासन ने तैयार किया प्लान, जनपद में 3400 दिव्यांग बच्चे होंगे लाभांवित
- बुधवार को पीटीआर में होने वाली साप्ताहिक बंदी के दिन करेंगे जंगल सफारी

> हमारा उद्देश्य है कि जनपद के दिव्यांग बच्चों को जंगल सफारी का अनुभव प्रदान कराना और उन्हें प्रकृति के करीब लाना है। ताकि वे भी प्रकृति की इस अमूल्य धरोहर के बारे में जान सकें। इसको लेकर एक प्लान तैयार किया गया है। प्लान के मुताबिक ही इन बच्चों को जंगल सफारी करने का मौका दिया जाएगा।
>
> **- मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

## जिले में आज

- शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मापअप राउंड सुबह 10 बजे से।
- मुड़िया हुलास गांव में श्रीशतचंडी महायज्ञ एवं मानस वेदांत संत सम्मेलन दोपहर 01 बजे।
- समस्त राशन की दुकानों पर राशन सुबह 08 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### घर से जेवर लेकर युवती प्रेमी संग फरार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बहन भाभी के साथ 10 फरवरी को बीसलपुर बाजार खरीदारी करने गई थी। दोपहर करीब एक बजे तहसील के पास पहुंची। इस दौरान नुसरत अली बाइक से आया और बहन को ले गया। बहन घर से नकदी जेवर भी ले गई। जब आरोपी के पिता मेहरबान अली से जानकारी तो उसके परिवार वालों ने अभद्रता की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### बाइक की टक्कर से छात्र घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम अहिरपुरा निवासी श्रीपाल शर्मा का पुत्र दीपक शर्मा ग्राम सफौरा स्थित स्कूल में कक्षा सात का छात्र है। वह रोज की तरह गुरुवार सुबह साइकिल से पढ़ने गया था। दोपहर एक बजे घर आ रहा था। सफौरा और अहिरपुरा के बीच बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। उसे सीएचसी बीसलपुर से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# मुठभेड़ में धरे दो गोमांस तस्कर पैर में गोली लगने से हुए घायल

## एसओजी टीम और पूरनपुर पुलिस ने की धरपकड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** एसओजी टीम की मदद से पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो गोमांस तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी। एक अन्य महिला भी गिरफ्तार की गई। उसकी भी गोकशी की घटना में संलिप्तता बताई जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

गोकशी की घटनाओं की रोकथाम के लिए एसपी के निर्देश पर सख्ती की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार रात पूरपुर पुलिस गश्त कर रही थी। इस बीच सूचना मिली कि भगवंतापुर से पूरनपुर की तरफ आने वाले रास्ते पर दो गोमांस तस्कर बाइक से गोकशी की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। इस पर कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने भगवंतापुर रोडपर हनुमान मंदिर के पास पुलिया पर चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान बाइक सवार दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वह पुलिया से पहले जंगल की तरफ जाने वाले रास्ते पर अचानक मुड़कर भागने लगे। रास्ता कच्चा व ऊबड़ खाबड़ होने पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।

पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो उनकी ओर से फायरिंग कर दी गई। पुलिस ने भी अपनी ओर से जवाबी कार्रवाई की और फिर मुठभेड़ में दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों ने अपना नाम शेरपुरकलां निवासी अकरम पुत्र सूखा और पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी कामिल उर्फ मुरादी पुत्र गंठा बताया। आनन-फानन में दोनों को पूरनपुर सीएचसी ले जाकर इलाज कराया। दोनों की स्थिति सामान्य है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो तमंचे, कारतूस, गोकशी में इस्तेमाल हासेने वाले उपकरण बरामद किए। पूछताछ में ये भी सामने आया कि वह निराश्रित पशुओं को पकड़कर खेतों में गोकशी को अंजाम देने की फिराक में थे।


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए गोमांस तस्कर। ● अमृत विचार

### गैंगस्टर एक्ट के तहत कसेगा शिकंजा

पकड़े गए आरोपियों पर पुलिस की ओर से शिकंजा कसने की तैयारी कर ली गई है। इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई लगभग तय है। वहीं, आरोपियों की संपत्तियों का भी चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। उनकी संपत्ति भी जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। पकड़ा आरोपी अकरम पुत्र सूखा पूरनपुर कोतवाली का शातिर अपराधी और हिस्ट्रीशीटर है। उसका लंबा आपराधिक इतिहास है। उस पर पूरनपुर कोतवाली में करीब 21 मुकदमे, जबकि कामिल उर्फ मुरादी पर पूरनुपर, घुंघचिहाई थाने में दस मुकदमे दर्ज है।

### 6 फरवरी को की थी घटना, महिला साथी भी गिरफ्तार

पकड़े गए आरोपियों से हुई पूछताछ के बाद पूरनपुर पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने अपने साथी बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसिया खानपुर गांव के निवासी नईम उर्फ मुन्ना पुत्र सलीम कुरैशी और पूरनपुर के मोहल्ला अहमदनगर निवासी रेशमा पत्नी इस्लामुद्दीन के साथ मिलकर छह फरवरी की रात गांव सुआबोझ के जंगल के पास खेत में गोकशी की थी। एक गोवंशीय पशु की हत्या कर मांस तस्करी को ले गए थे। इस संबंध में पूर्व में ही मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी महिला रेशमा को भी गुरुवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। फरार आरोपी नईम की तलाश में टीम दबिश दे रही है।

- चेकिंग के दौरान रोकने पर आरोपियों ने की थी फायरिंग

# जनसुनवाई में पीलीभीत पुलिस प्रदेश में प्रथम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जनशिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पीलीभीत पुलिस ने प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल किया है। जनवरी माह की आईजीआरएस रैंकिंग में पीलीभीत पुलिस को उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। जिले के 17 थानों ने जनसुनवाई और शिकायत निस्तारण में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इनमें सुनगढ़ी, कोतवाली, बीसलपुर, पूरनपुर और महिला थाना ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का परिचय दिया। निस्तारण की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा ने बताया कि शासन की ओर से निर्धारित 11 मानकों के आधार पर रैंकिंग जारी की गई थी।

- जनवरी की आईजीआरएस रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ किया घोषित

इनमें शिकायत दर्ज करने की गति, फीडबैक की स्थिति, डिफॉल्टर प्रकरणों की संख्या, मौके पर जाकर जांच और समाधान की गुणवत्ता जैसे बिंदु शामिल थे। जिले में लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया गया और प्रत्येक शिकायत का विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित किया गया। जनवरी की रैंकिंग में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान मिलना जिले के हर पुलिसकर्मी की मेहनत का परिणाम है।

# लापता छात्र का फंदे से लटका मिला शव


छात्र का शव मिलने पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** लापता छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तीसरे दिन उसका शव गांव के कुछ दूरी पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


तरुण।

थाना क्षेत्र ग्राम सिरसा सरदाह निवासी 22 वर्षीय तरुण पुत्र वीरेंद्र भारती इंटरमीडिएट का छात्र था। वह मंगलवार दोपहर करीब एक बजे घर से निकला और लापता हो गया। देर शाम तक जब वापस नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू कर दी गई। मगर, कुछ पता नहीं चल सका। उसी दिन रात को परिजन थाने गए लेकिन पुलिस ने उस वक्त गुमशुदगी दर्ज नहीं की। तीसरे दिन गुरुवार को लापता छात्र का शव गांव के करीब 200 मीटर दूर शैलेंद्र कुमार के गन्ने के खेत में यूकेलिप्टिस के पेड़ पर रस्सी के बने फंदे से लटका मिला। प्रथम दृष्टया उसके खुदकुशी करने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसके पीछे कारणों को लेकर कोई कुछ नहीं बता पा रहा। ग्रामीणों ने फंदे से लटका शव देखा तो भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले भी पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और मौका मुआयना कर जानकारी की। फील्ड यूनिट टीम को भी मौके पर बुलाकर सुरागरसी कराई गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। मृतक तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी 16 वर्षीय बहन अनीता और 14 साल का भाई आदेश है। पिता वीरेंद्र भारती मानसिक रुप से अस्वस्थ हैं। पढ़ाई के साथ ही वह खेती मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने में सहयोग करता था। एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है।

- गजरौला पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम ने की जांच- पड़ताल

# घायल वृद्ध को नहीं मिला मेडिकल कॉलेज में इलाज

संवाददाता, पीलीभीत/बरखेड़ा

**अमृत विचार :** सांड़ के हमले में घायल बुजुर्ग के परिवार वालों ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। इसकी पोर्टल पर शिकायत की गई है।

बरखेड़ा क्षेत्र के गांव जोगीठेर निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि 9 फरवरी की सुबह करीब छह बजे उसके 73 वर्षीय पिता पुरुषोत्तम दास घर से खेत पर जा रहे थे। गांव के बाहर रास्ते में एक छुट्टा सांड़ ने पिता को हमला कर घायल कर दिया था। पिता के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने जैसे तैसे सांड़ को भगाकर बचाया। घायल पिता को पहले गांव टिकरी माफी में निजी चिकित्सक के पास ले गए। इसके बाद मंगलवार को हालत में सुधार न होने पर सीएचसी बरखेड़ा लाए। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। आरोप है कि वहां वह पिता को लेकर दोपहर करीब तीन बजे मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल ले आए थे। उन्हें ऑर्थोपेडिक वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। आरोप है कि तीन घंटे तक उन्हें कोई चिकित्सक देखने तक नहीं आया। इसके बाद सीएमओ से कॉल करके मदद मांगी। मगर इसके बाद भी कोई मदद नहीं मिली। इसकी मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद शाम को उनके पिता को बरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। उनका ये भी कहना है कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती करने के बाद भी कोई इलाज नहीं किया गया। इसे लेकर सख्त नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

- बेटे ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत, कार्रवाई की मांग

# विवाहिता को घर से निकाला, जेठ पर दुष्कर्म का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी बरेली जिले के थाना शीशगढ़ क्षेत्र के एक युवक से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में चार लाख रुपये की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष नहीं माना। आरोप लगाया कि 20 जनवरी की रात उसके जेठ ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पति, ससुर, सास समेत अन्य परिजनों को दी, तो उल्टा उसके साथ मारपीट की गई। 31 जनवरी को उसे ससुराल से निकाल दिया गया। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

# धार्मिक गतिविधियों में वृद्धि और कट्टरपंथी प्रभाव मिले तो करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी एवं डीआईजी अजय साहनी की अध्यक्षता में भारत-नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबंधन एवं सीमा पर अवैधानिक गतिविधियों के प्रभावी नियंत्रण को लेकर परिक्षेत्र स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। इस दौरान भारत-नेपाल सीमा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने मादक पदार्थों, खाद्यान्न, खाद की तस्करी के संबंध में जानकारी लेने के साथ बार्डर एरिया में मादक पदार्थो की तस्करी पर नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि यदि कहीं पर धार्मिक गतिविधियों में वृद्धि-कट्टरवादी प्रभाव पाया जाये तो तत्काल कार्यवाही की जाये और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।

गांधी सभागार में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में एडीएम वित्त ने पूर्व बैठक की अनुपालन आख्या का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान बार्डर पिलर्स की क्षति, जाली मुद्रा, मानव तस्करी, खाद्यान्न समेत अन्य सामग्रियों की तस्करी, खाद तस्करी, वनों अवैध कटान, वन एवं वन्यजीव, पर्यावरण संबंधी अपराध, सर्विलांस व टेक्नीकल इंटेलीजेंस, वाहन चोरी एवं अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण सहित विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई। उन्होंने बार्डर एरिया के क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल, पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने मादक पदार्थों, खाद्यान्न, खाद की तस्करी के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि खाद तस्करी, खाद्यान्न तस्करी का कोई इनपुट प्राप्त नही हुआ है। मंडलायुक्त ने कहा कि बार्डर एरिया में मादक पदार्थो की तस्करी पर नजर रखी जाए। यदि कहीं पर धार्मिक गतिविधियों में वृद्धि-कट्टरवादी प्रभाव पाया जाये तो तत्काल कार्यवाही की जाए। जाली मुद्रा की जानकारी लेने पर एडीएम ने बताया कि जाली मुद्रा से संबंधित कोई प्रकरण संज्ञान में नहीं आया है।

मंडलायुक्त ने जिला पूर्ति अधिकारी को सीमावर्ती क्षेत्र में पेट्रोल तस्करी पर रोक लगाने एवं जिला खनन अधिकारी को बालू खनन पर रोक लगाने, जिला मत्स्य अधिकारी को शारदा नदी में अवैध शिकार पर रोक लगाने के निर्देश दिए। प्रवासी पक्षियों के शिकार पर रोक व तोतो की खरीद/बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाए। बताया कि घर में तोते पालना भी अपराध की श्रेणी में आता है, ऐसे लोगों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाए। एसएसबी कमांडेंट को निर्देशित किया कि पिलर्स की नियमित निगरानी रखी जाए।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने के प्रति आश्वस्त किया। बैठक में एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा, डीएफओ भरत कुमार डीके, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, एएसपी विक्रम दहिया, डिप्टी कमाडेंट एसएसबी कुलदीप कुमार, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक आदि मौजूद रहे।



गांधी सभागार में भारत-नेपाल सीमा को लेकर हुई बैठक में मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी व उपमहानिरीक्षक अजय साहनी।

- डीआईजी बोले- सीमा सुरक्षा बल नियमित आने जाने वालों पर रखें नजर

# पति और सास ने किया प्रताड़ित

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** कस्बे की रहने वाली धर्मवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब पौने सात वर्ष पूर्व थाना जहानाबाद के गांव नवादा श्यामपुर निवासी धर्मपाल से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति धर्मपाल, सास माया देवी अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। मायके वालों ने ससुराल वालों को समझाया लेकिन नहीं माने। कई बार मारपीट की और जान से मारने की कोशिश की गई। आठ फरवरी को मारपीट कर की और फिर नौ फरवरी को दोनों बच्चों और पति के साथ मायके आई। यहां भी पति ने विवाद किया और मायके छोड़ गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म करने की कोशिश

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** परिजन की गैर मौजूदगी में एक किशोरी से घर में घुसकर छेड़छाड़ की गई। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। इस पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। किशोरी की मां से मिली तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति मथुरा मजदूरी करने गए हुए थे। उसी दौरान 9 फरवरी को रिश्तेदारी में एक व्यक्ति का निधन होने पर वह चली गई थी। घर पर 15 वर्षीय पुत्री अकेली थी। आरोप है कि तभी गांव का अमित कुमार वर्मा रात करीब साढ़े 11 बजे उसके घर में घुस आया और पुत्री से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर किशोरी पर हमला भी किया। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग व रिश्तेदार पहुंच गए। इस पर आरोपी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित कर धमकी देता भाग गया। जब वह वापस घर पहुंची तो घटना की जानकारी हुई। उनका कहना है कि आरोपी पूर्व में कई युवतियों से छेड़छाड़ कर चुका है। उससे परिवार की जान का खतरा बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# खेत पर गई किशोरी से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार:** खेत पर कई किशोरी को पड़ोसी गांव के युवक ने रास्ते में पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशोरी के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना न्यूरिया में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि 10 फरवरी को उसकी 17 वर्षीय बहन खेत पर गई थी। इस दौरान वहां मौजूद न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम शिवपुरिया निवासी आदेश ने बहन को पकड़ लिया। आरोप है कि बहन से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर हमला कर धमकाया। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# डीपीआरओ के निरीक्षण में पंचायत सहायक नदारद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** डीपीआरओ को अमरिया ब्लाक में ग्राम पंचायत के निरीक्षण के दौरान तमाम अव्यवस्थाएं मिलीं। पंचायत घर में पंचायत सहायक अनुपस्थित मिला, टाइल्स भी टूटी पाई गई। आरआरसी सेंटर के पास भी गंदगी जमा मिली। कूड़ा कलेक्शन भी होते नहीं मिला। इस पर उन्होंने सचिव प्रधान को ग्राम पंचायत में साफ सफाई कर अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कर सात दिन के अंदर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

डीपीआरओ रोहित भारती ने बृहस्पतिवार को अमरिया ब्लाक की ग्राम पंचायत जगत का निरीक्षण किया। यहां पंचायत सचिवालय के निरीक्षण के दौरान पंचायत सहायक अनुपस्थित मिले। भवन के निरीक्षण में कुछ स्थानों में टाइल्स टूटी मिलीं और बाउंड्रीवाल का कार्य भी अधूरा मिला। इसके बाद उन्होंने आरआरसी सेंटर का भी निरीक्षण किया।

यहां कूड़ा कलेक्शन को दिए गए ई-रिक्शा समेत अन्य उपकरणों को उपयोग होते नहीं मिला। परिसर के नजदीक ही गंदगी भी देखने को मिली। डीपीआरओ ने सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। यहां भी कमियां मिलीं। जिस पर उन्होंने सचिव व ग्राम प्रधान को साफ-सफाई कराने समेत सभी अन्य व्यवस्थाओं के सुधार के लिए 07 दिनों का समय दिया गया। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कुछ खामियां पाई गई हैं। जिन्हें दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।


गांव जगत में पंचायत सचिवालय का निरीक्षण करते डीपीआरओ रोहित भारती।

- डीपीआरओ ने अमरिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत जगत का किया निरीक्षण, परखी व्यवस्थाएं
- पंचायत भवन की टाइल भी मिली टूटी, आरआरसी सेंटर के पास मिली गंदगी

# सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** चाचा के घर से लौट रही 15 वर्षीय किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में अमरिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूर्व में ही एक नाबालिग आरोपी को भी गिरफ्तार कर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।

घटना अमरिया क्षेत्र में हुई थी। यहां के एक ग्रामीण ने बीते दिनों पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि नौ फरवरी की सुबह 11 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री अपने चाचा के घर गई थी। पड़ोस की एक महिला के आने के बाद उसकी पुत्री दरवाजे पर पहुंची। तभी पहले से घात लगाकर खड़े सलमान शाह पुत्र रियासत शाह ने उसकी पुत्री को तमंचा दिखाकर धमकाया। इसके बाद सलमान ने अपने साथी फिरोज शाह और एक नाबालिग साथी की मदद से उसकी पुत्री को बाइक पर बैठा कर ले गए। आरोपियों ने गन्ने के खेत में ले जाकर पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुत्री ने किसी तरह नहर में कूदकर अपनी जान बचाई और घर पहुंचकर जानकारी दी। अमरिया पुलिस इस मामले में नाबालिग आरोपी को पकड़कर कार्रवाई कर चुकी है। अब अन्य दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


अमरिया पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

- बीते दिनों अमरिया क्षेत्र में हुई थी घटना, किशोरी ने नहर में कूदकर बचाई थी जान

# मैसेज को लेकर दो पक्षों में मारपीट, क्रॉस रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** अमरिया क्षेत्र के कैचूटांडा गांव निवासी मोहम्मद हफिजान पुत्र अब्दुल वहीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का अरुण मौर्य उसकी रिश्तेदार युवती को मैसेज करता था।

इस संबंध में युवती के मामा ने मंगलवार शाम करीब सात बजे अरुण को फोन कर मैसेज भेजने से मना किया। आरोप है कि इस पर अरुण ने फोन पर गाली-गलौज की। इसके बाद वह अपने मामा के साथ अरुण को समझाने उसके घर पहुंचे। वहां अरुण, सोनू, अनिकेत, बहादुर ने मारपीट कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को अलग किया। उधर, दूसरे पक्ष से अरुण मौर्य ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि मंगलवार शाम गांव के ही कुछ लोग उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। अमरिया एसओ अमित कुमार ने बताया कि गांव में स्थिति पूरी तरह शांत है। आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

- फोन पर कहासुनी के बाद घर पहुंचकर किया हमला, एक गंभीर

# ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गजरौला कलां निवासी गुरपेज सिंह पुत्र हरभजन सिंह ने सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने पुत्र के साथ सात जनवरी को पीलीभीत किसी निजी कार्य से गए थे। छतरी चौराहे के पास शाम पांच बजे वह अपनी बाइक रोककर खड़े हुए थे। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह और उसका पुत्र घायल हो गए। उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद होमगार्ड के सामने ट्रक चालक ने इलाज कराने और बाइक सही करने की बात कही, लेकिन बाद में मुकर गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पत्नी के ससुराल न लौटने पर युवक ने फंदा लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** विवाद के चलते चार साल पहले बच्चे के साथ मायके में रह रही पत्नी से आहत होकर एक युवक ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के पिता ने उसकी पत्नी और परिजनों पर आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

बिलसंडा क्षेत्र के ईंटगांव निवासी रामप्रताप ने बताया कि उनका 28 वर्षीय बेटा की पिंकू मकान के सामने बनी दुकानों के टीन शेड में लगे लोहे के एंगल से रस्सी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। शव देख चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने बताया कि पिंकू का विवाह क्षेत्र के ही गांव चरखौला निवासी लौंग श्री के साथ छह साल पहले हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच अनबन शुरू हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि पिंकू की पत्नी पिछले करीब चार वर्षों से उसे छोड़कर अपने मायके में रह रही थी। पिंकू का एक बेटा भी है, जो अपनी मां के साथ ही रह रहा है। पत्नी के घर नहीं लौटने पर उसने परेशान होकर खुदकुशी कर ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- मृतक की पत्नी और उसके मायके वालों पर उकसाने का आरोप

# कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन के नाम रहा बृहस्पतिवार का दिन

## रामपुर में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य छोड़ किया प्रदर्शन, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।



प्रतिमा तोड़े जाने के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते पाल महासभा के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में बृहस्पतिवार को दिन धरना प्रदर्शन के नाम रहा। रामपुर में वकील की हत्या के विरोध में यहां अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर एडवोकेट प्रोटक्शन एक्ट लागू की मांग की। वही भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भड़की भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने भी विरोध जताते हुए जुलूस निकाला और डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर व्यापार समझौता रद्द करने की मांग की। इसके अलावा बनारस में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा तोड़े जाने के विरोध में अखिल भारतीय पाल महासभा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर प्रतिमा को पुर्नस्थापित कराने एवं नगर निगम के दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। धरना प्रदर्शन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में खासी गहमा-गहमी का माहौल रहा।

**अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा तोड़े जाने पर भड़की पाल महासभा :** अखिल भारतीय पाल महासभा के कार्यकर्ताओं ने बनारस में नगर निगम द्वारा अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा तोड़े जाने के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। महासभा के जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार पाल की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजस वर्धन तोमर को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि यह कृत्य अत्यंत निंदनीय एवं समाज के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। ऐसी महान विभूति की प्रतिमा तोड़ा जाना एक गंभीर प्रकरण है। कहा कि बनारस प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र भी है, जहां पर ऐसा कृत्य करना अत्यंत शर्मनाक और प्रधानमंत्री की छवि को भी धूमिल करने वाला है। ज्ञापन में पाल, बघेल, धनगर, गड़रिया समाज की आस्था की प्रतीक माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को पुर्नस्थापित करने एवं नगर निगम के दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश कुमार पाल, रामकुमार पाल, रामेश्वर दयाल, कमलेश कुमार, गोकिल प्रसाद, खेमकरन, रंजीत पाल, चंद्रपाल, हरेंद्र कुमार, सतीश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

- बनारस में अहिल्याबाई होल्कर प्रतिमा तोड़े जाने के गुस्साई पाल महासभा ने भी किया प्रदर्शन

### अमेरिका-भारत समझौता किसान विरोधी : जिलाध्यक्ष

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ता बृहस्पतिवार को भड़क उठे। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता कचहरी तिराहे पर एकत्र हुए। यहां से सभी कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम कार्यालय के बाहर व्यापार समझौते के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका-भारत समझौता किसान विरोधी कदम है। इसमें किसानों ने कोई सहमति भी नहीं ली गई। यदि यह समझौता अमल में लाया जाएगा तो इससे देश का किसान तबाह हो जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष की अगुवाई में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा। जिसमें अमेरिका-भारत समझौता को रद्द करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष के अलावा मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी, जिला उपाध्यक्ष अमित गंगवार, मोहम्मद नसीम कादरी, अलाउद्दीन, जिला महामंत्री नेमचंद वर्मा, वीरपाल राजपूत, महेंद्र कुमार, नागेंद्र कुशवाहा, सखावत हुसैन, सोनू शाह, वीरपाल राजपूत समेत तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के आहवान पर मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की आठ सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर मांगों को निस्तारण कराने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जनपद अध्यक्ष रोचक वर्मा, जनपद महामंत्री ओम प्रकाश, प्रान्तीय संगठन मंत्री प्रशांत शर्मा, कृष्ण कुमार, श्रवण सिंह राना, अंजलि, चेतन सक्सेना, गजेंद्र कुमार, प्रेमपाल, रूपेश कुमार, मोहित कुमार, यश आर्या, शिवम पाल, पंकज शर्मा, संदीप पाटिल आदि शामिल रहे।

### रामपुर कांड : एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद खां की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या के विरोध में जिला संयुक्त बार एसोसिएशन समेत तीनों बार एसोसिएशन के अधिवक्ता बृस्पतिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अवस्थी के नेतृत्व में तमाम अधिवक्ता एकत्र हुए। सभी अधिवक्ता कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते हुए डीएम कार्यालय के पिछले गेट पर पहुंचे। यहां आक्रोशित अधिवक्ताओं ने हत्या के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कहा गया कि वकील न्याय प्रणाली का एक अभिन्न अंग होते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता लगातार हमलों का शिकार हो रहे हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब अन्य राज्यों में अधिवक्ता प्रोटेक्शन अधिनियम लागू किया जा चुका है, तो उत्तर प्रदेश सरकार इसे लागू करने में देरी क्यों कर रही है। इस देरी के कारण अधिवक्ता वर्ग खुद को असुरक्षित और ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इस दौरान पदाधिकारियों की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक क्षतिपूर्ति देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने, हत्यारोपियों के विरुद्ध अविलंब और कठोरतम कानूनी कार्यवाही करने, प्रदेश में जल्द से जल्द अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अवस्थी, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक नगाइच, सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष सरोज बाजपेई, संयुक्त बार के महासचिव विद्याराम वर्मा, मोहन स्वरूप, विजय कुमार सिंह, विमल कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्र छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

बीसलपुर, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली। इसकी शुरुआत स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत के साथ कराई। यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान भी चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्रप्रभा गंगवार, डॉ. रोहित पटेल, महेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार से मिलीं महिला आयोग सदस्य

पीलीभीत, अमृत विचार : महोफ कॉलोनी में गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय ने बाघ हमले में जान गंवाने वाली महिला के परिवार से मुलाकात की। उनसे पूरी घटना के बारे में जानकारी की। परिवार को दैवीय आपदा योजना से चार लाख रुपये का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। छह ऐसे परिवार जो समस्त सरकारी सेवाओं से वंचित है उनसे वार्ता की। यह भी संज्ञान में आया कि छह परिवार आज भी खुले में शौच कर रहे हैं, और पानी लाइन भी काट दी गयी है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित परिवारों की सहायता का आश्वासन दिया कि आस पास के क्षेत्र की तार फेंसिंग कराई जाए।

### शहर से देहात तक छुट्टा पशुओं से लोग परेशान

पीलीभीत, अमृत विचार : शहर से देहात तक लोग छुट्टा पशुओं से परेशान है। इन पशुओं के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। कई हादसों में जान तक चली गई है।

# वार्षिकोत्सव में हुए कार्यक्रम



कार्यक्रम में चेयरमैन का स्वागत करता स्टाफ। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** गांव आमडार स्थित राजकीय हाईस्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बरखेड़ा श्याम बिहारी भोजवाल, विशिष्ट अतिथि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज रामनगर के प्रभारी प्रधानाचार्य वीरेश पांडेय रहे।

सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुति की गई। छात्रा काजल, छाया, पायल, मानसी, पिंकी, वर्षा, प्रभा ने विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र प्रवेश सिंह ने चंद्रशेखर आजाद का एकल अभिनय किया। छात्रा नैंसी, नितेश, जसोदा, सरोजा, सुरभि, तनिष्का, फरनाज,शकुंतला ने सोशल मीडिया नाटक का मंचन किया गया। छात्र सारिक अली मिस्टर फेयरवेल व छात्रा काजल को मिस फेयरवेल चुना गया। संचालन हिमांशु शर्मा ने किया। अंत में पुरस्कार वितरित किया गया। प्रधानाचार्या भारती दीक्षित, अध्यापिका रोली तिवारी, रेखा, पदमा यादव आदि मौजूद रहे।

# वार्षिक जूनियर स्पोर्ट्स मीट का समापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लिटिल एंजेल्स स्कूल में चल रही वार्षिक जूनियर स्पोर्ट्स मीट का गुरुवार को समापन हुआ। कक्षा केजी से चार तक की दौड़ प्रतियोगिताएं हुई। केजी हुपूज बालक वर्ग की बुल रेस में आद्विक गंगवार, शुभ शर्मा, मिहिर जैसवार, बालिका वर्ग में जिगजेग एंड बीन बैग्स बैलेंस रेस में खिरद खान, प्रियांशी सिंह और आव्या गंगवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।

केजी वुडपैकर बालक वर्ग में मनमीत सिंह, श्रीनिधि रस्तोगी, आरू गंगवार, बालिका वर्ग में आध्या गंगवार, मिस्टी वर्मा, अरीशा राय, केजी ऑरियल्स बालक वर्ग में श्रेयांश सिंह, सारांश मित्तल, मोयश अग्रवाल,



सम्मानित किए गए बच्चों संग प्रबंधक व प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

बालिका वर्ग में अनाया जूलियन, यशस्वी वर्मा और नेहुल जगबानी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। केजी फाल्कन बालक वर्ग में अस्मिक माथुर, स्वर्णिक एवं देवांश सिंह, बालिका वर्ग में ईशानी, उपतेज कौर एवं उन्नति प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। इसके अलावा भी कई कक्षाओं में विजेता रहे। प्रधानाचार्य एनसी पाठक ने आभार जताया। प्रबंधक डॉ.संजीव अग्रवाल ने विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# पति समेत अन्य ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया पचपेड़ा की निवासी शबाना बी पुत्री मोहम्मद उमर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका निकाह थाना गजरौला के गांव मानपुर हटुआ निवासी मोहम्मद तसब्बर से हुआ था। पति मोहम्मद तसब्बर,सास हमसीरन, जेठ मुजफ्फर, ननद नसरीन, हसीन बानो, नसीम पत्नी सलमान ने अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये और बुलेट बाइक की मांग की। इसके पूरा न होने पर मारपीट की। चार फरवरी को वह अपने पति के साथ अपने मायके आई। छह फरवरी को पति संग ननद के यहां दावत खाने गई। उसके बाद मायके वापस आ गई। इसके बाद पति ने मारपीट की और मायके छोड़ गया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला को नकली नोट देकर सोने के कुंडल हड़पे

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** एक महिला को ईदगाह चौराहे के पास दो ठगों ने निशाना बनाया। उसे नकली नोट दिए और सोने के कुंडल ले गए।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुरिया नवीराम निवासी दयाराम की पत्नी शांति देवी अपनी बहन के बेटे हेमराज के घर बरेली जनपद के नवाबगंज कस्बा गई थी। वहां से वह मेहमानी खाकर किसी वाहन में बैठकर गुरुवार को ईदगाह चौराहे पर उतरी। चौराहे पर उतरने के बाद शांति देवी ने अपने गांव जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रही थी। इसी समय दो ठग उसके पास आए और कहा कि वह जो सोने के कुंडल पहने हुए हैं, उन्हें बेचेंगी। यह कहकर उन्होंने चिल्ड्रन बैंक के 500 व 200 रुपए के नकली नोट महिला को दिखाए। महिला लालच में आ गई और उसने अपने कुंडल कानों से उतार कर उक्त दोनों ठगो को दे दिए। उन्होंने तत्काल अपने पास रखें चिल्ड्रन बैंक के 500 व 200 के नए नकली नोट महिला को थमा दिए। और उससे कहा कि इन्हें अपने बैग में रख लो। आरोपियों के जाने के बाद जब महिला ने टेंपो का किराया देने को रुपए निकाले तो ठगी का पता चला। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास टीम कर रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

# जिठनिया गांव में तालाब में डूबकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** खुले में शौच को गए ग्रामीण का पैर फिसल गया। इस कारण वह तालाब में गिर गए। जहां गहरे पानी में जाने की वजह से उनकी डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। युवक की मौत की असल वजह जाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है।

अमरिया थाना क्षेत्र के जिठनिया निवासी 42 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र गोविंद राम रोज की भांति घर से बाहर शौच के लिए निकले थे। गांव से करीब 200 मीटर दूर तालाब के समीप पैर फिसल से वह गहरे पानी में गिर गए। काफी देर तक जब वह घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई और उनकी तलाश शुरू की गई। गांव की कुछ महिलाएं उपले पाथने के लिए निकली थी, उन्होंने प्रेमपाल का शव तालाब के पानी में उतराता हुआ देखा। इसकी सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, बड़े भाई भोले राम ने बताया कि प्रेमपाल मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनकी मौत से पत्नी गीता देवी और दो बच्चों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

# रोडवेज पर आरओ वाटर प्लांट का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में चलाए जा रहे 28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पण अभियान के तहत गुरुवार को रोडवेज बस स्टैंड पर आरओ वाटर प्लांट का लोकार्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर व शिलापट का अनावरण किया। बता दें कि यहां पूर्व में लगा वाटर प्लांट खराब होने पर लंबे समय से बंद था। फिलहाल अब यात्रियों को राहत मिलेगी।

पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि गर्मी का मौसम नजदीक है और यात्रियों व रोडवेज कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय से पहले आरओ



लोकार्पण के बाद लोगों को संबोधित करतीं चेयरमैन डॉ .आस्था अग्रवाल।

- नगर पालिका पीलीभीत का चल रहा है 28 दिन अट्ठाइस लोकार्पण अभियान

वाटर प्लांट की स्थापना की गई है। नगर पालिका द्वारा नए आरओ वाटर प्लांट की स्थापना से अब शुद्ध पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी। मौजूद रोडवेज कर्मचारियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व यात्रियों ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभासद साकेत सक्सेना, सुहानी सक्सेना, आयुषी पांडेय, सुनीता गंगवार, पंकज तिवारी, रवि अग्रवाल, राकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# लाट साहब के जुलूस को लेकर की बैठक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार चौक कोतवाली परिसर में बड़े लाट साहब के जुलूस को लेकर चौकी प्रभारियों की मीटिंग ली।

उन्होंने निर्देश दिए कि अराजक तत्वों को शांति भंग में पाबंद किया जाए और विशेष सतर्कता बनाए रखेंगे। उन्होंने जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक और चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# गन्ना बुवाई के लिए बीज का आवंटन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद के गन्ना किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए 1460 क्विंटल गन्ना बीज का आवंटन मुख्यालय से किया गया है। यह आवंटित बीज मिनी मिल प्रक्षेत्र पीलीभीत तथा चीनी मिल प्रक्षेत्र पुवायां से मिलेगा।

शासन की ओर से प्रदेश के सभी जनपदों को गन्ना बीज (ब्रीडर सीड) का आवंटन किया है। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने बताया कि इस वर्ष जिले के गन्ना किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए 1460 क्विंटल गन्ना बीज का आवंटन मुख्यालय से किया गया है। यह आवंटित बीज चीनी मिल प्रक्षेत्र पीलीभीत और चीनी मिल प्रक्षेत्र पुवायां से मिलेगा। आवंटित बीज से जिले के प्रगतिशील गन्ना किसानों के खेतों पर बसंतकालीन आधार पौधशाला की स्थापना की जाएगी। बसंतकालीन पौधशाला स्थापना के इच्छुक किसान अपने सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक या ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं। बताया कि किसानों को प्रत्येक 03 वर्ष में बीज बदलाव कर देना चाहिए। लगातार एक ही किस्म की बुवाई करने से उससे कीट आदि की संभावना बढ़ जाती है।



गन्ने की फसल का जायजा लेते जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव।

- आवंटित गन्ना बीज से खेतों पर शरदकालीन आधार पौधशाला की होगी स्थापना

# गन्ना विकास समिति पूरनपुर की बैठक संपन्न

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति पूरनपुर की मासिक बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। इसमें गत वर्ष के बजट को पढ़कर सुनाया गया। आगामी बजट पर विस्तार से चर्चा की गई।

बताया कि सोसायटी को 43249650 रुपये की इनकम हुई और 42617650 रुपये खर्चा हुआ। बचत 632000 रुपये हुई। किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर से गन्ना भुगतान जल्द कराने पर भी बात की गई। इस मौके पर चेयरमैन नितिन दीक्षित, उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, पार्वती देवी, सिपाहलाल, राजकिशोर, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रहे।

# शिविर की सफलता के लिए किया मंथन



बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 22 फरवरी को वृहद मेगा शिविर का आयोजन किया जाना है। इसकी सफलता के लिए गुरुवार को समस्त न्यायिक, प्रशासनिक आदि अधिकारियों संग बैठक की गई। प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में आयोजित बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/जिला जज रविंद्र कुमार ने शिविर के सफल आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश दिए। कई बिंदुओं पर विचार विमर्श कर कार्ययोजना बनाई गई। प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अपर जिला जज सतीश कुमार ने अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर कार्ययोजना से बैठक में अवगत कराया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## सिटी ब्रीफ

### वकीलों का विरोध प्रदर्शन आज होगा

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: रामपुर में अधिवक्ता फारूख अहमद खां की गोली मारकर हत्या किए जाने से जिले के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश है। जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री मथुरा प्रसाद अवस्थी ने बताया कि बार एसोसिएशन रामपुर के आवाहन पर शुक्रवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचेगे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा।

### दिव्यांग बुजुर्ग ने पूर्व गृह राज्य मंत्री को भेजा पत्र

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: परेली गांव निवासी प्रेमचंद ने बताया कि वह दिव्यांग बुजुर्ग है। गांव निवासी विपक्षी वेद प्रकाश विश्वकर्मा, दीपक, देवशरन, लोकेश पुत्र जसकरन आदि जबरन उसकी मेड़ तोड़कर अपने खेत में मिला ली है। उन्होंने लेखपाल के मुंशी पर 5000 रुपए मांगने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम से शिकायत की थी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दिव्यांग ने पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी को पत्र भेजकर खेत पर हो रहे कब्जा को रोकने की मांग की है।

### परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिल पा रही

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: कुंभी ब्लॉक के गांव मढ़िया निवासी रामप्यारी उर्फ जनका परिवार रजिस्टर नकल पाने के लिए ब्लॉक के अधिकारियों के पास चक्कर लगा रही है, लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी महिला को परिवार रजिस्टर की नकल देने में आनाकानी कर रहे हैं। उनका कहना है कि परिवार रजिस्टर की नकल उनके पास नहीं है, गायब हो चुकी है। रामप्यारी ने खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी से गुहार लगाई है। मढ़िया के पंचायत सेक्रेटरी अनुज वर्मा ने बताया कि किसी भी ग्राम पंचायत में परिवार रजिस्टर पूरा नहीं बना है। इसलिए नकल नहीं मिल पा रही है।

### विधायक रोमी साहनी का जन्मदिन मनाया

कुकरा, अमृत विचार: ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर के माजरा रोशननगर में मौलाना वहीदुल्ला के निवास पर विधायक रोमी साहनी के चाहने वालों ने उनका 61 वां जन्मदिन केक काट कर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। समर्थकों ने विधायक के दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर डॉ. आफताब, सोबरन लाल, अंकुर लाल, डॉ. मेहताब, सत्यम मिश्रा, रवि जोशी, बृजेश शर्मा, अध्यक्ष प्रधान संघ हरजिन्दर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# छोटी काशी में हाई अलर्ट, आयुक्त-आईजी ने कसी कमान

## महाशिवरात्रि: भीड़ प्रबंधन से लेकर कंट्रोल रूम तक की गई समीक्षा, 24 घंटे रहेगी निगरानी, लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)


बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत। मंचासीन पालिकाध्यक्ष, आईजी, डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: महाशिवरात्रि के मौके पर छोटी काशी में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। व्यवस्थाओं का स्थलीय जायजा लेने के लिए लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत और आईजी लखनऊ रेंज किरण एस गुरुवार को गोला पहुंचे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ छोटी काशी कॉरिडोर क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पार्किंग स्थलों, बैरिकेडिंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण के रूट प्लान, यातायात डायवर्जन, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की। नक्शे के माध्यम से श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास मार्गों का अवलोकन किया गया तथा मौके पर पैदल भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आंकलन किया। कॉरिडोर परिसर में प्रस्तावित सीसीटीवी कंट्रोल रूम, खोया-पाया केंद्र और अस्थायी मेडिकल शिविर स्थल का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाए और भीड़ की स्थिति पर लगातार मॉनिटरिंग रखी जाए। अंत में चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने आभार ज्ञापित किया। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, एएसपी पश्चिमी अमित राय, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ रमेश कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और वॉलिंटियर्स शामिल हुए।

### स्वच्छता- प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

ईओ को नालियों की समुचित सफाई, ओडर ट्रीटमेंट और महाशिवरात्रि की रात्रि में विशेष पथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी स्ट्रीट लाइटें क्रियाशील रखने और खराब लाइटों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मोबाइल शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था और नियमित सफाई पर भी जोर दिया गया।

### बिजली और अग्नि सुरक्षा पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान आयुक्त और आईजी ने बिजली पोल पर लटकते तारों को तत्काल कसवाने और संपूर्ण विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएसओ को सख्त निर्देश दिए गए कि मंदिर मार्गों पर गैस सिलेंडर खुले में न रखे जाएं और अवैध रूप से एक सिलेंडर से दूसरे में गैस रिफिलिंग की गतिविधि बिल्कुल न होने पाए। दमकल विभाग को संवेदनशील स्थलों पर फायर टेंडर तैनात रखने, जबकि स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस और मेडिकल टीम उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए।

### भीड़ प्रबंधन के लिए बहुस्तरीय योजना

प्रशासन ने इस बार भीड़ प्रबंधन के लिए बहुस्तरीय रणनीति तैयार की है। संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।

### सुरक्षा व ट्रैफिक के कड़े इंतजाम

मंडलायुक्त एवं आईजी लखनऊ रेंज ने नीलकंठ मैदान में अफसरों, वॉलिंटियर्स, मंदिर प्रबंधन के साथ बैठक की। बैठक में डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम, एसडीएम, सीओ, ड्यूटी में लगाए गए मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। बैठक में शिवरात्रि पर मजिस्ट्रेट ड्यूटी एवं अन्य व्यवस्थाओं में तैनात अधिकारियों से उनके उत्तरदायित्व की जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए।

### मंडलायुक्त ने की पालिकाध्यक्ष की खुलकर सराहना

बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू की कार्यशैली की सराहना की। कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। मंडलायुक्त ने कहा कि बड़ी संख्या में युवा वॉलिंटियर्स सेवाभाव से प्रशासन के साथ जुड़कर कार्य कर रहे हैं, जो अत्यंत सुखद और प्रेरणादायक है।

# लेखपाल के सामने युवक की पिटाई, घायल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव कोरैय्या तालूकेदारी में खेत की पैमाइश के दौरान राजस्व लेखपाल की मौजूदगी में गांव के ही चार लोगों ने युवक को गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीट दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। गांव कोरैय्या तालूकेदारी निवासी श्यामू ने बताया कि राजस्व लेखपाल उसके खेत की जांच करने पहुंचे थे।

इसी दौरान लेखपाल ने गांव के ही शिवराम, बालकराम, दाताराम व अम्बरपाल को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि चारों ने लेखपाल के सामने ही उसे गालियां दीं और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सिर पर लाठी लगने से उसका सिर फूट गया और वह लहूलुहान हो गया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

# गन्ना भरे ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, चालक घायल

संवाददाता, भानपुर

- डबल ट्रॉली जोड़कर गन्ना क्रेशर पर जा रहा था ट्रैक्टर
- लखीमपुर खीरी में नशे में धुत चालक ने किया हादसा


हादसे के बाद मौके पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहन।

अमृत विचार: भीरा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। पलिया की ओर से गन्ना लदे दो ट्रॉलियों को लेकर दाऊदपुर क्रेशर जा रहे ट्रैक्टर ने लखीमपुर से आ रही क्रेटा कार को टक्कर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे खाई में पहुंच गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हुआ है। वहीं ट्रैक्टर में जुड़ी दोनों ट्रालियों के पलटने से गन्ना भी सड़क पर बिखर गया। इससे कुछ देर के लिए आवागमन में बाधित हुआ।

हादसा बीबीपुर गन्ना सेंटर के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक सतनाम सिंह पुत्र महेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं क्रेटा कार चालक अवधराम को भी हल्की चोटें आई हैं। वह एलआईसी कंपनी में कार्यरत हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा।

पुलिस ने ट्रालियों को सीधा कराकर सड़क पर बिखरा गन्ना हटवाया। तब जाकर यातायात सुचारू हो सका।

# नौरंगाबाद में तेंदुआ पिंजरे में कैद, वन विभाग की टीम ने कतर्निया में छोड़ा

संवाददाता, सिंगाही


मौके पर वन विभाग की टीम के साथ मौजूद वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तर निघासन की वन रेंज बेलरायां क्षेत्र के नौरंगाबाद में कई दिनों से घूम रहा तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के शिकंजे में फंस गया। वन विभाग की टीम ने अफसरों के निर्देश पर तेंदुए को कतर्निया वन्य जीव विहार में ले जाकर छोड़ दिया। तेंदुआ के पकड़े जाने से लोगों ने राहत महसूस की है।

उत्तर निघासन की बेलरायां वन रेंज क्षेत्र में थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद और उसके आसपास के गांवों में कई दिनों की तेंदुआ देखा जा रहा था। वह गन्ने के खेतों से लेकर आबादी तक घूम रहा था। वन क्षेत्राधिकारी नार्थ बेलरायां भूपेंद्र सिंह ने इसे गंभीरता से लिया और उसे पकड़े के लिए अलग-अलग स्थानों पर दो पिंजड़े लगाए थे। इसके अलावा तेंदुए की लोकेशन जानने के लिए ट्रैप कैमरे लगाए थे, जिनकी निगरानी के लिए टीमें भी लगाई गई थीं। वन क्षेत्राधिकारी इन टीमों को स्वयं लीड कर रहे थे। वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार की तड़के तेंदुआ नौरंगाबाद में लगाए गे पिंजड़े में आकर कैद हो गया। निगरानी टीम की सूचना पर वह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और पिंजरे समेत तेंदुआ को वन रेंज कार्यालय लाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। तेंदुए की उम्र करीब पांच साल की है। वह पूरी तरह से स्वस्थ्य था। उन्होंने बताया कि उच्च अफसरों के निर्देश पर तेंदुए को कतर्निया वन्य जीव विहार में ले जाकर छोड़ा गया है।

- पिछले कई दिनों से चहलकदमी कर रहा था तेंदुआ


पिंजरे में कैद तेंदुआ।

# बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पर गाली गलौज का आरोप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- पुलिस में रिपोर्ट दर्ज न होने पर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

अमृत विचार: सेंट्रल बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी लालबिहारी वर्मा ने नामांकन पत्र खारिज होने से नाराज अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पर गाली गलौज, अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

बार संघ के चुनाव अधिकारी लालबिहारी वर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि छह फरवरी को बार संघ के चुनाव उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच चुनाव कमेटी द्वारा की गई। जांच में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश कुमार त्रिपाठी और संयुक्त मंत्री पद के प्रत्याशी कमल किशोर का नामांकन पत्र त्रुटि होने के चलते खारिज कर दिया गया। आरोप लगाया कि राकेश त्रिपाठी ने वरिष्ठ कमेटी के उकसाने पर अपने वकील साथियों के साथ लालबिहारी वर्मा पर हमलावर होते हुए गाली गलौज, अभद्रता की, जिससे उन्हें गहरा सदमा पहुंचा है और वह मानसिक रूप से परेशान हैं।

उन्होंने विपक्षी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की तहरीर पुलिस में दी, लेकिन अब तक रिपोर्ट दर्ज न होने से अपनी जानमाल का खतरा बताते हुये मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। बार संघ के पूर्व महामंत्री, अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे राकेश त्रिपाठी एडवोकेट ने बताया कि उनका नामांकन पत्र गलत तरीके से खारिज किया गया है।

वरिष्ठ कमेटी को विश्वास में लिए बगैर चुनाव कमेटी गठित की गई है। वरिष्ठ कमेटी ने चुनाव प्रक्रिया को अवैध घोषित किया है।

# बजाज मिल ने 8 दिन का किया 2050.12 लाख का भुगतान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन द्वारा 27 जनवरी को किए गए सत्याग्रह में बजाज चीनी मिल के यूनिट हेड राकेश यादव ने पिछले पेराई सत्र का संपूर्ण भुगतान 29 जनवरी तक करने और इस सत्र का आठ दिन का गन्ना भुगतान 12 जनवरी तक करने का लिखित समझौता किया था। समझौते के मुताबिक 2050.12 लाख रुपए का भुगतान हो चुका है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि आगे गन्ना भुगतान रुका तो सत्याग्रह किया जाएगा।

संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया ने बताया कि इस पेराई सत्र में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड ने अब तक 98.67 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की है, जिसका गन्ना मूल्य 39105.38 लाख रुपए है। गन्ना किसानों का 37055.26 लाख रुपए अभी बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बजाज मिल का चीनी, शीरा, बैगास, प्रेसमड, इथेनॉल की निरंतर बिक्री होती रहती है किंतु गन्ना विभाग और भुगतान कराने के जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत होने के कारण धन का डायवर्जन कर गन्ना किसानों का भुगतान नहीं किया जाता है। सत्याग्रह किया जाएगा।

### कैश क्रेडिट लिमिट नहीं बनवाते बजाज

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा का कहना है कि बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि के मालिकान ब्याज कमाने के उद्देश्य से बैंक से कैश क्रेडिट लिमिट नहीं बनवाना चाहते हैं। इसलिए अब तक लिमिट बनवाने के लिए किसी बैंक में आवेदन पत्र तक नहीं दिया है। कंपनी के पीआरओ सतीश श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी बैंकों द्वारा लिमिट न बनाए जाने का मिथ्या प्रचार करते हैं।

# अभिलेखागार से फाइल गायब, फर्जी प्रश्नोत्तरी जारी होने का लगा आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 42 साल पुरानी सीलिंग पत्रावली में बड़ा खेल
- अभिलेखपाल समेत अज्ञात अरेन्जर पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: कलक्ट्रेट के अभिलेखागार (माल) में 42 वर्ष पुरानी सीलिंग एक्ट से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पत्रावली के गायब होने और उसके नाम पर फर्जी प्रश्नोत्तरी जारी किए जाने का मामला सामने आया है। डीएम के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने तत्कालीन अभिलेखपाल (माल) हरिसरन सिंह एवं उस समय कार्यरत अज्ञात अरेन्जर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला वाद संख्या 68/43 गुरुदयाल सिंह व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार, धारा 11(2) सीलिंग एक्ट ग्राम घोला परगना पलिया, न्यायालय नियत प्राधिकारी निघासन से जुड़ा है, जिसका फैसला 07 जून 1982 को हुआ था। इस आदेश की प्रमाणित प्रति उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में दाखिल करने के लिए मांगी गई थी। जब अभिलेखागार में पत्रावली की तलाश कराई गई तो वह न फेहरिस्त में दर्ज मिली, न संरक्षित बस्तों में और न ही दशकों के अंदर-बाहर जिला आदान-प्रदान रजिस्टरों में उसका कोई उल्लेख मिला। जांच के दौरान 27 मई 2005 की एक प्रश्नोत्तरी सामने आई, जिसमें उक्त पत्रावली को क्रमांक 1196 पर अंकित बताया गया है, लेकिन वर्ष 2004 से 2019 तक संरक्षित प्रश्नोत्तरी रजिस्टर में इसका कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। यही नहीं, उपलब्ध प्रति केवल फोटोप्रति है और उस पर किए गए हस्ताक्षर भी अपठनीय हैं। इससे उक्त प्रश्नोत्तरी के फर्जी अथवा कूटरचित होने की आशंका है। कार्यालय अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2004 से 2008 तक हरिसरन सिंह अभिलेखपाल (माल) के पद पर तैनात थे। अभिलेखागार में पत्रावलियों का रखरखाव, दाखिला, नकल निर्गमन और न्यायालयों में प्रेषण का दायित्व अरेन्जर पर होता है। ऐसे में तत्कालीन अरेन्जर की भूमिका भी संदिग्केध है।

मामले का खुलासा होने के बाद प्रभारी अभिलेखपाल विवेक चन्द्र सक्सेना ने पूरे मामले की रिपोर्ट डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को भेजी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए डीएम में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए। डीएम के आदेश पर प्रभारी अभिलेखापाल विवेक चंद्र सक्सेना ने आरोपियों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। सदर कोतवाली पुलिस ने तत्कालीन अभिलेखपाल माल और अरेंजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया विवेचना की जा रही है।

# अस्वीकृत की गई गन्ने की प्रजातियों से मचा हड़कंप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- गन्ना अनुसंधान परियोजना के प्रोजेक्ट क्वार्डीनेटर ने दी स्वीकृति

अमृत विचार: जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश ने किसानों को प्रतिबंधित किस्म गन्ना बीज उत्पादन को लेकर सीड एक्ट ऑर्डर 1966 के तहत विधि कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं गन्ना अनुसंधान परियोजना के प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर डॉ. दिनेश सिंह ने स्वीकृति देकर कहा है कि किसान इन प्रजातियों का गन्ना उगा सकते हैं।


क्षेत्र के गांव सांडा निवासी किसान गुरप्रीत सिंह, नवदीप सिंह और सिमरनजीत सिंह के फार्म पर बीज को-17018, को-18022, को-86032, को-20016, को-21012 का बीज जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अस्वीकृत बताते हुए नोटिस थमा दी, जिससे किसानों में हड़कंप मच गया। घबराए किसानों ने भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया। कुलवंत सिंह जोशन ने संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक को किसानों की स्थिति बताई। इस मामले में अखिल भारतीय समन्वित गन्ना अनुसंधान परियोजना के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर (गन्ना) डॉ. दिनेश सिंह से मुलाकात कर उनको लखीमपुर के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। डॉ. दिनेश सिंह ने खीरी के जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अस्वीकृत की गई गन्ना पर प्रजाति स्वीकृति करते हुए इन प्रजातियों को स्वीकृत बताया, जिसमे प्रजाति को-17018, को-पीबी 17215, को एस-16233, को एस-17231, को-18022, को पीबी-18213 और को-पी 16437 गन्ना प्रजातियों को स्वीकृत करते हुए एक पत्र जारी कर दिया है।

# पुस्तकालय खोलने की मांग सदन से

पसगवां अमृत विचार। जंगबहादुरगंज से सटे गांव बरखेरिया जाट में एक आधुनिक पुस्तकालय स्थापित करने की मांग विधान परिषद में उठाई गई है। विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने सदन में यह मांग रखते हुए कहा कि बरखेरिया जाट और निकटवर्ती कस्बा जंगबहादुरगंज में विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और आम नागरिकों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक सुव्यवस्थित पुस्तकालय आवश्यक है। उन्होंने सदन को बताया कि क्षेत्र के छात्र-छात्राएं इंटर, स्नातक और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। यदि बरखेरिया जाट में एक आधुनिक पुस्तकालय स्थापित किया जाता है, तो उन्हें पाठ्यपुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित सामग्री, समाचार पत्र, पत्रिकाएं और डिजिटल अध्ययन सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। ग्राम प्रधान सुरेश गुप्ता ने इस पर खुशी जाहिर की है।

# भीरा के सुमित गुप्ता आत्महत्या प्रकरण में एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मैलानी /भानपुर


आरोपी सतेंद्र सिंह उर्फ ललतू।

- 12 फरवरी को होना था नंदन शुक्ला का विवाह, तैयारियों पर लगा विराम
- पुलिस दबाव की चर्चा, इंस्पेक्टर बोले, पंडाल हटाने से पुलिस का कोई लेना-देना नहीं

अमृत विचार: थाना मैलानी पुलिस ने भीरा निवासी सुमित गुप्ता के आत्महत्या करने के मामले में सातवें दिन एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मामले में नामजद नगर पंचायत भीरा की चेयरमैन के पति समेत आठ आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी है।

थाना व कस्बा भीरा के मोहल्ला विवेकानंद निवासी सुमित गुप्ता ने 6 फरवरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष के पति संजय शुक्ला समेत नौ लोगों के नाम लिए थे और बंधक बनाकर प्रताड़ित करने समेत कई गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो में सुमित ने कहा था कि आरोपियों की प्रताड़ना से परेशान होकर वह आत्महत्या कर रहा है। उसका शव थाना मैलानी क्षेत्र में मिला था। पुलिस ने वीडियो सामने आने के बाद चेयरमैन पति समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सभी आरोपियों के रसूखदार होने के कारण पुलिस गिरफ्तारी से बचकर उन्हें अपना बचाव करने का मौका दे रही थी। इसको लेकर पुलिस की कार्यशैली पर तमाम सवाल खड़े हो गए थे। मृतक की पत्नी ने दो दिन पहले एसपी से मुलाकात की थी। साथ ही उसने वीडियो जारी कर आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर जहर खाकर आत्महत्या की चेतावनी दी थी। इस पर अफसरों ने थाना भीरा व मैलानी पुलिस को कड़ी फटकार लगाई और आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी। मैलानी पुलिस ने गुरुवार को कस्बा भीरा के मोहल्ला गुरु नानक नगर निवासी सतेंद्र सिंह यादव उर्फ ललतू को लखीमपुर और शाहजहांपुर जनपद की सीमा के पास से गिरफ्तार करने का दावा किया गया है। मैलानी थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले में अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस विभिन्न संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### नगर पंचायत चेयरमैन के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम का हटाया पंडाल

भीरा, अमृत विचार: नगर के मोहल्ला विवेकानंद निवासी सुमित गुप्ता आत्महत्या प्रकरण में नामजद आरोपित नगर पंचायत अध्यक्ष पति संजय शुक्ला के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम को लेकर नई स्थिति सामने आई है। विवाह समारोह के लिए लगाए गए पंडाल को हटा दिया गया है, जिससे कार्यक्रम के संपन्न होने पर प्रश्नचिह्न लग गया है। नगर पंचायत चेयरमैन पति संजय शुक्ला के पुत्र नंदन शुक्ला का विवाह 12 फरवरी यानी गुरुवार को होना प्रस्तावित था। इसके लिए शिवनगर वार्ड, मैलानी रोड पर एक स्कूल के सामने खाली पड़े प्लॉट में वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा था। पंडाल सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही थीं। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि आत्महत्या प्रकरण में नामजद आरोपियों में से कोई व्यक्ति कार्यक्रम स्थल पर मौजूद है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद लोगों में हलचल मच गई और लगाए जा रहे पंडाल को हटाया जाने लगा। साथ ही अन्य सामग्री भी समेट ली गई। क्षेत्र में चर्चा है कि बढ़ते पुलिस दबाव के चलते कार्यक्रम स्थल को हटाया गया है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। भीरा थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम स्थल से पंडाल हटाना या सामग्री इधर-उधर करना पुलिस की जानकारी में नहीं है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के वहां होने की सूचना पर पुलिस केवल पूछताछ के लिए पहुंची थी और आवश्यक जानकारी लेने के बाद लौट आई। पंडाल हटाने के संबंध में पुलिस की कोई भूमिका नहीं है।

# गौरीफंटा बॉर्डर पर युवक से पिस्टल के 10 कारतूस बरामद

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार: इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित गौरीफंटा चेक पोस्ट पर एसएसबी ने एक व्यक्ति को पिस्टल के 10 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक हरियाणा का रहने वाला है।

एसएसबी अधिकारियों के अनुसार मंगलवार शाम करीब 7:15 बजे सीमा चौकी पर तैनात जवान नेपाल से आने-जाने वाले यात्रियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान नेपाल की ओर से आ रहे एक व्यक्ति के बैग की स्कैनिंग में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। जवानों ने संबंधित व्यक्ति को रोककर उसके बैग और व्यक्तिगत सामान की तलाशी ली। बैग से 65 बोर के 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम नरेश कुमार निवासी गल्ला पट्टी, किठाना, थाना राजौन, जनपद कैथल (हरियाणा) बताया। उसने बताया कि बरामद कारतूस उसकी 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल के हैं। हालांकि मौके पर वह लाइसेंस संबंधी कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। अधिकारियों ने बताया कि वैध लाइसेंस होने की स्थिति में भी नेपाल से भारत कारतूस या हथियार लाना-ले जाना नियमों के तहत प्रतिबंधित है। इसके लिए विशेष अनुमति जरूरी होती है। एसएसबी ने आरोपी को बरामद कारतूसों के साथ गौरीफंटा पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस जांच कर लाइसेंस की वैधता व अन्य पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### फीस जमा करने निकला छात्र लापता



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के कुम्हारन टोला वार्ड नंबर 1 निवासी गौरव दीक्षित का 17 वर्षीय पुत्र सक्षम दीक्षित घर से फीस जमा करने के लिए 3500 रुपए लेकर निकला था। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी वह घर वापस नहीं पहुंचा तो परिजनों ने कॉलेज में पता किया। पता चला कि सक्षम विद्यालय आया ही नहीं। वह अपने साथ मोबाइल ले गया था, जो स्विच ऑफ आ रहा है। पिता ने बेटे के गायब होने की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### विजयपाल मुख्यमंत्री पुरस्कार को चयनित



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अहमदनगर गांव निवासी बरेली के जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कला के आचार्य विजयपाल प्रजापति को मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। उन्हें शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2023 में भी उन्हें मण्डल स्तर पर डीएम ने कला का सर्वश्रेष्ट पुरस्कार दिया था।

### जमीन पर कब्जे को लेकर पिटाई का आरोप

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी बाबू ने बताया कि उसका मोहल्ला इंदिरा नगर में एक भूखंड है। जिस पर महंगापुर के कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं। इसलिए उसने अदालत में मुकदमा भी कर रखा है। विपक्षी उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। गुरुवार को विपक्षी दीपक आदि पूरे परिवार सहित नींव खोदवाने के लिए पहुंच गए। उसने मना किया तो दीपक ने अपने करीब 6 साथियों के साथ मिलकर उसकी व उसके पुत्र गोलू की पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच कर रही है।

### बस के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी शिवपाल ने बताया कि उनका पुत्र करन कुमार (18) बाइक से आठ फरवरी रविवार को अपनी दादी गीता देवी निवासी लखनऊ को गोला रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। तभी ओलियनगंज जाने वाले मार्ग के निकट अलीगंज रोड पर बस के चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उनके पुत्र की मौत हो गई और गीता देवी गंभीर घायल हो गई, जिनका इलाज लखनऊ के आइकॉन हास्पिटल में इलाज हो रहा है। उन्होंने अज्ञात बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### घायल बच्चे की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरदोई जिले के थाना मझिला के गांव एलमापुर अडौआ निवासी सद्दाम हुसैन का छह वर्षीय पुत्र रसूल शाह अपने परिवार के साथ शाहाबाद थाना क्षेत्र के सराय में रहने वाली मौसी के घर गया था। 2 फरवरी को घर के बाहर खेल रहा था। कार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया था। परिवार वालों ने उसे यहां मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। गुरुवार की सुबह बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गयी। चौक कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना शाहाबाद थाना क्षेत्र की है।

# बिना परमिशन झूले व मौत का कुआं संचालित

## संपूर्णानगर क्षेत्र में सहकारी विकास संघ की भूमि पर एक महीने के लिए लगा है मेला, बोर्ड परीक्षाएं भी होंगी प्रभावित

**संवाददाता, संपूर्णानगर**



मेले में लगे बड़े-बड़े झूले। ● अमृत विचार



मेले में लगा मौत का कुआं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाजार क्षेत्र में खीरी-पीलीभीत उपनिवेश सहकारी विकास संघ की भूमि पर एक माह के लिए मेले का आयोजन किया जा रहा है। आरोप है कि मेले में नियमों को ताक पर रख बड़े विद्युत चालित झूले, इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन और मौत का कुआं संचालित किए जा रहे हैं, जबकि अनुमति पत्र की शर्त संख्या 16 में बड़े/विद्युत चालित झूलों व जोखिमपूर्ण मनोरंजन गतिविधियों पर रोक है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों में झूलों से हादसे होने की घटनाएं सामने आती रही हैं, इसके बावजूद यहां बड़े-बड़े झूले लगाए गए हैं। सवाल उठ रहा है कि यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो जिम्मेदारी किसकी होगी। इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं नजदीक हैं। अभिभावकों और व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि मेले से बच्चों का ध्यान पढ़ाई से भटक सकता है। संपूर्णानगर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष इश्तियाक अहमद खान ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान मेला नहीं लगना चाहिए था। ऐसे आयोजन छुट्टियों में हों तो बेहतर है। उन्होंने जोखिमपूर्ण झूलों और मौत का कुआं पर भी आपत्ति जताई।

भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष व पलिया विधानसभा संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह ने कहा कि मेले सामाजिक कार्यक्रम का हिस्सा हैं, लेकिन परीक्षा के समय इनका आयोजन बच्चों की पढ़ाई पर असर डाल सकता है। उन्होंने भी खतरनाक झूलों पर रोक की बात कही। क्षेत्र पंचायत सदस्य व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी संपूर्णानगर दिनेश शर्मा ने कहा कि मेला लगाना गलत नहीं है, परंतु बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए तारीखों में बदलाव होना चाहिए था ताकि छात्रों की साल भर की मेहनत प्रभावित न हो। मेला संचालक लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि मेला एक माह तक चलेगा।

> मामले में शिकायत मिली थी, इसको दिखाया जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> -डॉ. अवनीश कुमार एसडीएम, पलिया



दिनेश शर्मा क्षेत्र पंचायत सदस्य



इश्तियाक अहमद खान।



इश्तियाक अहमद खान।



मंदिर प्रांगण में हवन करते यूनिट हेड अवधेश गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

# श्री तिरूपति बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

**संवाददाता, खंभारखेड़ा**

**अमृत विचार:** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, खंभारखेड़ा परिसर स्थित श्री तिरूपति बालाजी मंदिर का 12वां वार्षिकोत्सव गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन से हुई।

मंदिर के पुजारी विपिन वेंकटेश शुक्ला ने मुख्य यजमान एवं चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता से विधिवत पूजन-अर्चन कराया। इस अवसर पर अरुण प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र ढाका, आशीष श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, योगेश सिंह, अतुल सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, संजय शुक्ला, राजेश पांडेय, डॉ. धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, अनिल कुमार दीक्षित, तरुण मिश्रा, मनोज अवस्थी, राजेश उपाध्याय, नरेंद्र पाल सिंह, पी.एन. शर्मा, शैलेश श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। हवन-पूजन एवं आरती के उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मणों को वस्त्र और दक्षिणा प्रदान कर सम्मानित किया गया और उन्हें भोजन कराया गया। कार्यक्रम के अंत में कन्या भोज के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

# प्रवेश पत्र वितरण के साथ हुआ विदाई समारोह



गोला के गांधी विद्यालय में प्रवेशपत्र के साथ खड़े विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

- विद्यार्थियों को दी परीक्षा संबंधी जानकारी

**अमृत विचार:** नगर के गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को कक्षा 10 के विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र वितरित कर उन्हें समारोह पूर्वक विदाई दी गई। प्रधानाचार्य ने उन्हें परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी दी।

नगर के मोहम्मदी रोड स्थित गांधी विद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने कक्षा 10 के विद्यार्थियों को हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 के प्रवेश पत्र वितरण कर सम्मान पूर्वक विदाई देते हुए उन्होंने प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़ने, अनुचित साधनों का प्रयोग न करने, प्रवेश पत्र व मूल आधार कार्ड साथ रखने, परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचने सहित अनेक परीक्षापयोगी जानकारी दी।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। परीक्षा प्रभारी रामसनेही, डॉ. राजेश कुमार, आमिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा को अवसर मानकर करें तैयारी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**



सरस्वती विद्या निकेतन में बोर्ड परीक्षार्थियों के साथ प्रधानाचार्य और शिक्षक।

- सरस्वती विद्या निकेतन में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई
- कार्यक्रम में विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए दी गई शुभकामनाएं

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा को भय के रूप में नहीं बल्कि ज्ञान, संस्कार और क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मानने की प्रेरणा दी।

गुरुवार को कॉलेज सभागार में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र का अनावरण, पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ हुआ। प्रांजली, पीहू, अंशिका जायसवाल, शीतल वर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, अंश शुक्ला आदि विद्यार्थियों ने अपने भावों को व्यक्त कर 12वीं के विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों को छूने, अपनी उपलब्धि साझा करने के लिए उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थी, अध्यापकों के कार्यों का विषय, अध्यापकों के विचारों का लक्ष्य और अध्यापकों के प्रयासों का प्रतिबिंब होते हैं। परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास, समय प्रबंधन पर जोड़ दें।

प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से कहा कि बोर्ड परीक्षा को भय के रूप में नहीं बल्कि अवसर मानकर अच्छे से तैयारी करें। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बनाए रखने और नियमित अध्ययन करने की सलाह दी। कहा कि सार्थक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना भविष्य की सफलता की नींव है। वरिष्ठ शिक्षक कौशल किशोर मिश्रा ने परीक्षा केंद्र पर पहुंचने से पहले की सावधानियों, समय पर पहुंचने, उत्तर पुस्तिका का मुख्य पृष्ठ अच्छी तरह से पढ़कर सभी प्रविष्टियां भरने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी यादों को साझा किया, जिसमें कक्षा के पल, खेलकूद और शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के क्षणों को याद करते हुए वे भावुक हो गए। शिक्षकों ने 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई और सुखद भविष्य की कामना की। समापन पर कक्षा 11 और 12 सभी विद्यार्थियों को जलपान कराया गया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल

**पलिया कलां, अमृत विचार:** संपूर्णानगर रोड पर गुरुवार एक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। तीनों घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर एक घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना मैलानी क्षेत्र के बांकेगंज निवासी अमन व रामनिवास बाइक से गांव पकरिया में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उनके साथ गांव इटैया निवासी सोनू पाल भी था। तीनों संपूर्णानगर रोड पर मंडी समिति के आगे पहुंचे ही थे। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गये। मौके पर पहुंचे लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां उनका उपचार जारी है। इनमें सोनू पाल का पैर टूट गया। उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर समेत भाग निकला।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: कक्ष निरीक्षकों के आईडी कार्ड पर होगा क्यूआर कोड

**लखीमपुर खीरी, संवाददाता**

- संदिग्ध स्थिति में क्यूआर कोड के जरिए हो सकेगी पहचान

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए इस बार भी कक्ष निरीक्षकों के आईडी कार्ड पर क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि क्यूआर कोड के माध्यम से परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षकों की पहचान डिजिटल रूप से सत्यापित की जा सकेगी।

डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि बोर्ड सचिव के निर्देशों के क्रम में जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। 13 फरवरी तक सभी कक्ष निरीक्षकों को क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। परीक्षा के दौरान संदिग्ध स्थिति में क्यूआर कोड को मोबाइल एप से स्कैन कर पहचान की पुष्टि की जा सकेगी। जिन शिक्षकों के क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए सादे परिचय पत्र जारी किए जाएंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग से लगाए गए कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से निर्गत होंगे। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि 18 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली परीक्षा के लिए पर्याप्त कक्ष निरीक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# बसारा गो आश्रय केंद्र से गोवंश स्थानांतरण पर बवाल, ग्रामीण भड़के

**संवाददाता, बेहजम**



ट्रैक्टर-ट्रालियों में लादे जा रहे गोवंश।



गो आश्रय स्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़ व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेहजम ब्लॉक के बसारा स्थित गौ आश्रय केंद्र से गोवंश पशुओं के स्थानांतरण को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की जा रही है, जबकि ग्रामीणों ने इसे गौशाला बंद करने की साजिश बताते हुए विरोध जताया है। मामले को लेकर बीडीओ और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस और कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया।

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार 29 अक्टूबर 2025 को बसारा गौ आश्रय केंद्र में कुल 362 निराश्रित गोवंश पशु दर्ज थे। उसी दिन पश्चिमी पशु चिकित्सा अधिकारी अनुरोध सिंह ने 99 पशुओं को अभिलेखों में फरार दर्शाया। इस पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं कि जब केंद्र पर चौकीदार तैनात था तो इतने पशु एक साथ कैसे फरार हो गए और एक भी पकड़ा क्यों नहीं गया। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक 12 नवंबर 2025 को बसारा ग्राम पंचायत के अस्थाई गौ आश्रय केंद्र से 60 पशुओं को बेहजम ब्लॉक की ग्राम पंचायत पैला स्थित अस्थाई केंद्र में स्थानांतरित किया गया। अब शेष 98 पशुओं को लखीमपुर के सदर ब्लॉक स्थित कादीपुर के स्थाई गौ आश्रय केंद्र में भेजने की तैयारी है। इसकी जानकारी होते तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हंगामा करते हुए विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सभी पशु स्थानांतरित कर दिए गए तो बसारा का गौ आश्रय केंद्र प्रभावी रूप से बंद हो जाएगा। गांव के रामलखन, अतेंद्र शुक्ला समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि इस केंद्र में क्षेत्र के आवारा गोवंश को सुरक्षित रखा जाता था, जिससे किसानों की फसलें बचती थीं। किसानों का कहना है कि यदि आश्रय केंद्र समाप्त हुआ तो निराश्रित पशु दोबारा खेतों में पहुंचेंगे और फसलों को नुकसान होगा। ऐसे में किसानों को दिन-रात खेतों की रखवाली करनी पड़ेगी, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित होगी। सूचना पर नीमगांव थाना अध्यक्ष प्रवीर कुमार गौतम को दी। सूचना पाकर बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी सिद्धांत कुमार पवार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। खंड विकास अधिकारी शरद कुमार सिंह का कहना है कि यह स्थानांतरण उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में किया जा रहा है और गौशाला को समाप्त नहीं किया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है और उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी, जबकि ग्रामीणों ने गौ आश्रय केंद्र को यथास्थान संचालित रखने की मांग दोहराई है। इस दौरान सहायक एडीओ पंचायत शिवाशीष श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी अनिरुद्ध सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी दिलीप भार्गव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### केयरटेकरों का भुगतान भी लंबित

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि आश्रय केंद्र का संचालन एक एनजीओ द्वारा किया जाता था, लेकिन वहां कार्यरत केयरटेकरों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। केयरटेकर अजय और प्रवीण समेत अन्य कर्मचारियों में बकाया मजदूरी को लेकर आक्रोश है। साथ ही बकाया मजदूरी दिलाने की मांग मौके पर मौजूद अफसरों से की।

# कोटवा गांव में श्री विष्णु महायज्ञ की हुई पूर्णाहुति



कोटवा के दुर्गा मंदिर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**संवाददाता, केशवापुर**

**अमृत विचार:** कोटवा में मां दुर्गा मंदिर पर हुई सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ की गुरुवार को यज्ञाचार्य कृष्ण मुरारी शास्त्री ने ग्रामीणों व यज्ञ यजमानों से पूर्णाहुति की आहुतियां डलवायीं। पूरे गांव के सहयोग से की गई इस महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद कन्याभोज, खीर, पूड़ी सब्जी का भंडारा कराया गया।

कथाव्यास प्रवीण दीक्षित ने महाभारत से द्रोपदी स्वयंवर की कथा सुनायी। सैकड़ों की संख्या में आये भक्तों ने पावन कथा सुन आनंदित हुए। कथा के उपरांत भगवान शिव-पार्वती की झांकी कलाकारों द्वारा दिखाई गई, जिसे देख दर्शक मंत्र-मुग्ध हो गए। मंदिर पर हुये भंडारे में गांव सहित क्षेत्र के लोगों ने प्राद ग्रहण किया। कालिदास त्रिवेदी, रामनिवास मिश्रा, गौरव त्रिवेदी, चंद्रशेखर त्रिवेदी, रमाकांत त्रिवेदी, रामसागर, गयाप्रसाद, सोनू अवस्थी, पारसनाथ शुक्ल आदि ने सहयोग किया।

### अफवाहों से बचें संदिग्धों की दें सूचना

**फूलबेहड़, अमृत विचार:** आगामी महाशिवरात्रि एवं रमजान पर्व को लेकर थाना फूलबेहड़ परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि दोनों पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। ऐसे में सभी समुदायों को मिल-जुलकर त्योहार मनाने चाहिए। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों को साझा करने से बचें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पीस कमेटी के सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव रखते हुए प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# पीस कमेटी ने की सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील

**संवाददाता, संसारपुर**

**अमृत विचार:** थाना मैलानी की संसारपुर पुलिस चौकी में गुरुवार को चौकी प्रभारी ने आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, होली एवं रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। जिसमें दोनों समुदाय के संभ्रांत नागरिकों तथा धर्म गुरुओं से सुझाव भी लिए गए। चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि रमजान और होली के त्योहार होने के साथ-साथ महाशिवरात्रि का पर्व आ रहा है। ऐसे में सभी लोग त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मिलजुल कर मनाएं। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी को ठेस पहुंचे। एक दूसरे के त्योहारों में शरीक होकर आपस में उत्साहवर्धन करें। आपकी एकता की मिसाल पूरे जनपद में कायम हो। होली पूर्व नियत स्थानों पर ही रखी जाएगी। इसलिए कोई नया स्थान न बनाया जाए। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी के बहकावे में न आए। किसी भी धर्म संप्रदाय के संबंध में भड़काऊ टिप्पणी या पोस्टें करने से बचें। रंग के समय तक सभी व्यापारी मार्केट में दुकानें बंद रखेंगे।

कोई किसी को जबरन रंग न लगाए और रंग से परहेज करने वाले लोग रंग खेले जाने के दौरान अपने-अपने घरों के अंदर ही रहें। पीस कमटी की बैठक में मौलाना साजिद, ग्रंट डाटपुर प्रधान पुत्र इंसाफ खान, संसारपुर प्रधानपति रामप्रसाद देवल, सिसनौर प्रधान मुनीश वर्मा, सौखिया प्रधान प्रतिनिधि अजमतुउल्ला बरकाती, समाजसेवी शीबू खान, सदस्य पंचायत सकील कुरेशी, कांग्रेस नेता रघुनंदन राज सहित दोनो समुदाय के धर्म गुरु, संभ्रान्त नागरिक मौजूद रहे।

# विदाई पार्टी में रोशनी खान मिस और ईशान मिश्रा मिस्टर फेयरवेल चयनित

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**



पार्टी में चुने गए मिस व मिस्टर फेयरवेल। ● अमृत विचार

- जमकर झूमे छात्र-छात्राएं, चेहरे पर खुशी तो आंखों में दिखा विदाई का दर्द

**अमृत विचार:** सिटी मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज में कक्षा 12 (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम) के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दी माध्यम से मिस फेयरवेल 2026 के रूप में रोशनी खान व मिस्टर फेयरवेल के रूप में ईशान मिश्रा को चयनित किया गया। वहीं अंग्रेजी माध्यम से मिस फेयरवेल रिमझिम अग्रवाल एवं मिस्टर फेयरवेल अहद अमन को यह सम्मान प्रदान किया गया।

संस्थापिका कामिनी सेठ, प्रबंधक विशाल सेठ एवं संचालिका लेखनी सेठ ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त करते हुए मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, भावपूर्ण भाषण, रैम्प वॉक, रोचक खेल प्रतियोगिताएं एवं हास्य-मनोरंजन से पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह में जहां हंसी-खुशी और उत्साह का माहौल रहा, वहीं विद्यालय से विदाई की भावुकता भी विद्यार्थियों की आंखों में साफ झलकती रही।

पश्चात प्रबंधक विशाल सेठ ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम को सफलता की कुंजी बताते हुए उच्च लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। वहीं संचालिकाती लेखनी सेठ ने बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम के साथ हुआ।

# चार नई श्रम संहिताओं के विरोध में प्रदर्शन

## विभिन्न संगठनों ने दिया समर्थन, कलेक्ट्रेट पहुंचकर की नारेबाजी, श्रमिक हितों की रक्षा की उठाई मांग




विलोबी मैदान में प्रदर्शन करती सपा मजदूर सभा। ● अमृत विचार



डीएम को ज्ञापन देने जाते यूपीएमएसआरए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार




विलोबी मैदान से जुलूस में जाते प्रदर्शनकारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन (यूपीएमएसआरए) ने समर्थन में आए कई संगठनों के साथ केंद्र सरकार द्वारा 44 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नई श्रम संहिताएं लागू किए जाने के विरोध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हुए श्रमिक हितों की रक्षा की मांग उठाई।

यूपीएमएसआरए, उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन, भाकपा माले और समाजवादी मजदूर सभा के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता विलोबी मैदान में एकत्र हुए। जहां से सभी नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान यूपीएमएसआरए के जिला अध्यक्ष सुजीत गुप्ता भी मौजूद थे। प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर लेकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की और श्रम संहिताओं को कर्मचारी विरोधी बताते हुए उन्हें वापस लेने की मांग की। पदाधिकारियों का कहना था कि नई श्रम संहिताओं के लागू होने से कर्मचारियों की सेवा शर्तों, सामाजिक सुरक्षा, कार्य अवधि और ट्रेड यूनियन अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा कमजोर होगी तथा श्रमिकों के हितों की अनदेखी की जा सकती है। संगठन ने मांग की कि सरकार श्रमिक संगठनों से व्यापक संवाद कर संशोधनों पर पुनर्विचार करे। संगठनों ने ठेका प्रथा, आउटसोर्सिंग और संविदा व्यवस्था समाप्त कर स्थायी रोजगार की गारंटी देने की मांग की। इसके अलावा मनरेगा को प्रभावी ढंग से बहाल कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार सुनिश्चित करने, श्रमिक यूनियन को कमजोर करने वाली नीतियों पर रोक लगाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल थीं। ज्ञापन में कॉरपोरेट और औद्योगिक घरानों के हित में बनाए जा रहे कानूनों को बंद करने, 12 घंटे कार्यदिवस संबंधी आदेश वापस लेने व भारत-अमेरिका के बीच हुई डील में किसानों और पशुपालकों के हितों की सुरक्षा की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान सचिन प्रभाकर, मोहम्मद आरिफ, पप्पू शर्मा, सर्वेश गुप्ता, आदर्श मिश्रा, रमजान, धीरज मिश्रा, फुसरत और रवि शर्मा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। यूपीएमएसआरए पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शन केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा आहूत देशव्यापी आंदोलन के समर्थन में किया गया। उन्होंने कहा कि श्रमिक एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यदि सरकार ने मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों ने सपा मजदूर सभा के प्रमुख रूप से हरजीत सिंह एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह, रियाजुल्ला खान, साबिर अली, गीता देवी, सुधीर यादव, प्रमोद सिंह, मोहम्मद उमर, धर्मराज, सचिन कुमार, अनुपम वर्मा, राजकुमार गुप्ता, पपिल कुमार, सरोज वर्मा, यदुवेन्द्र वर्मा, इसरार अहमद आदि रहे।

## बैंक कर्मियों ने प्रदर्शन कर श्रम कानूनों के बदलाव का किया विरोध



**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त आह्वान पर बुधवार को लखीमपुर में भी बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल पर रहकर विरोध प्रदर्शन किया। बैंक संगठनों के अनुसार हड़ताल के कारण विभिन्न क्षेत्रों में कार्य प्रभावित हुआ और करीब 100 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन प्रभावित रहा। सुबह करीब 11 बजे कंपनी बाग के निकट इंडियन बैंक के मंडलीय कार्यालय के पास विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों ने श्रम कानूनों के बदलावों के विरोध में प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश बैंक इंप्लाइज यूनियन सहित कई संगठन प्रदर्शन में शामिल हुए। संशोधनों को वापस लेने की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि श्रम कानूनों में किए गए बदलावों से कर्मचारियों के अधिकारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और यह ट्रेड यूनियन व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास है। सभा को बैंक इंप्लाइज यूनियन लखीमपुर इकाई के अध्यक्ष अनुराग पांडेय, अतुल मेहरोत्रा, शैलेंद्र कश्यप, लायक गिरि आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस दौरान आनंदी, साधना, मोनिका,, अनिल शर्मा, सुशील यादव समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# कैश वैन और बाइक की भिड़ंत में बाइक का चालक घायल



संसारपुर में घायल बाइक चालक को एंबुलेंस में लादते लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, संसारपुर**

**अमृत विचारः** थाना मैलानी की पुलिस चौकी के कस्बा संसारपुर में नेशनल हाईवे 730 पर स्थित बांबे फैशन प्वाइंट के समीप गुरुवार दोपहर लगभग एक बजे सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायल को इलाज हेतु एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भिजवाया।

कस्बा संसारपुर निवासी प्रशांत कुमार (20) वर्ष पुत्र देवेंद्र कुमार प्रजापति गोला से खुटार की ओर जा रही कैश वैन में पीछे से ओवरटेक करते समय वैन की साइड से टकराकर सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों ने सूचना चौकी पुलिस तथा एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी संसारपुर जितेंद्र कुमार यादव ने घायल प्रशांत को एंबुलेंस की सहायता से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज भेज दिया। जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# बांकेगंज कुकरा मार्ग पर बिजली पोल बना है राहगीरों को खतरा



खतरनाक स्थिति में बिजली का पोल।

**कुकरा, अमृत विचारः** बांकेगंज कुकरा रोड पर बिजली हाइडिल के निकट सड़क से सटे लोहे का बिजली का एक पोल खड़ा है। इस पोल से टकरा कर वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने पोल नहीं हटाया है।

बांकेगंज में हाइडिल के निकट रोड पर लोहे का बिजली का पोल रोड बनने से पहले का खड़ा है। इस पर कोई तार भी नहीं हैं। रोड बनकर पास भी हो गई है किन्तु जिम्मेदारों की इस पर कोई नजर नहीं पड़ी। हाइडिल के निकट होने के पश्चात् भी बिजली विभाग के अधिकारियों की नजर इस पर नहीं पड़ती। पड़ोस में मोड़ होने से आये दिन इससे टकरा कर राहगीर घायल होते रहते हैं। निष्प्रयोज्य खड़े इस पोल को क्यों खड़ा रखा गया है इस बात से राहगिरो को समझ में नहीं आ रही है। कि हर आए दिन इस रोड पर एक्सीडेंट होते रहते हैं। कुछ दिन पहले सेमर का पेड़ इसी रोड पर बाधा बनकर खड़ा था। अब सेमल की जड़ की जगह गड्ढा मौत को दावत दे रहा है, जबकि गुलाब नगर के इरफान, फैज खान, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रधान हरजिंदर सिंह, रिजवान अंसारी, परवेज, दानिश, खालिद, युसूफ, रऊफ अंसारी, मनोज कुमार, संतोष कुमार, उपदेश कुमार, गौरव आदि ने इसे हटाने की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**सूचना**

मैंने अपना नाम सैय्यद आसिम अली SAYED ASIM ALI पुत्र श्री सैय्यद हसन अली SAYED HASAN ALI से बदलकर सैयद आसिम अली SYED ASIM ALI पुत्र श्री सैयद हसन अली SYED HASAN ALI कर लिया है अब भविष्य में मुझे सैयद आसिम अली SYED ASIM ALI पुत्र श्री सैयद हसन अली SYED HASAN ALI नि. वार्ड नं. 11 कस्बा व पोस्ट उसहैत तहसील दातागंज जिला बदायूं नाम से जाना व पहचाना जाये।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



## कार्यालय जिलाधिकारी, शाहजहाँपुर
### (खनिज अनुभाग)

संख्या : 1489/खनिज–ई–निविदा/2025–26 दिनांक 12 /02 /2026

**ई–निविदा सह ई–नीलामी आमंत्रण हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश सं0–1875/86–2017–57(सामान्य)/2017 टी0सी0–1 दिनांक 14.08.2017 द्वारा नदी तल मे उपलब्ध बालू/मोरम के क्षेत्रों को ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रणाली के माध्यम से परिहार पर स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) (47वॉ संशोधन) नियमावली–2019 का प्रख्यापन दिनांक 13.08.2019 को करते हुये शासनादेश दिनांक 14.08.2017 को संशोधित कर शासनादेश संख्या–2168/86–2019–57 (सामा0)/2017 दिनांक 09.10.2019 निर्गत किया गया है। उपरोक्त शासनादेश एवं उ0प्र0 उप खनिज (परिहार) नियमावली–2021 में दिये गये निर्देशानुसार ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रणाली के माध्यम से उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के अध्याय–4 के अन्तर्गत निम्न क्षेत्र ककरा काकर कुण्ड को खनन पट्टा पर स्वीकृत किये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्र संख्या 1320/खनिज–ई–निविदा/2025–26 दिनांक 28.11.2025 द्वारा उपलब्ध घोषित किया गया था, जिसमें 09.01.2026 को बिड खोला गया, तथा ई–निविदा सह ई–नीलामी में प्राप्त बोली में सर्वोच्च बोलीदाता/सफल बोलीदाता मै0 श्री साई कंस्ट्रक्शन को इस कार्यालय के पत्र संख्या 1450/खनिज/आशय पत्र/2025–26 दिनांक 24.01.2026 को लेटर ऑफ इंटेन्ट (आशय पत्र) जारी किया गया था परन्तु उनके द्वारा निर्धारित अवधि में लेटर ऑफ इंटेन्ट में निहित धनराशि जमा न किये जाने के कारण उनके पक्ष में जारी लेटर ऑफ इंटेन्ट को दिनांक 09.02.2026 को निरस्त कर दिया गया है जिस कारण क्षेत्र पुनः रिक्त हो गया है। वर्तमान में अधिसूचना संख्या I/225966/2026 दिनांक 04.02.2026 द्वारा उपखनिजों की रायल्टी में बढ़ोत्तरी की गयी है तद्नुसार खनन क्षेत्र को पुनः शासनादेशों एवं नियमावली के नियम–27(2)(क) के प्राविधानों के अन्तर्गत अन्यून 07 (सात) दिन की अल्पकालिक सूचना द्वारा 05 वर्ष की अवधि हेतु खनन पट्टा पर स्वीकृत किये जाने हेतु उपलब्ध घोषित किया जाता है:–

क्षेत्र का विवरण :–

| क्र0स0 | उप खनिज का नाम | नदी का नाम | क्षेत्र का विवरण: तहसील | ग्राम | गाटा संख्या/खण्ड सं0/जोन संख्या | क्षेत्रफल (हे0 में) | जियो–कॉर्डिनेट | नियमावली, 2021 के अनुसूची–1 के अनुसार रायल्टी दर (रु0 प्रति घ0मी0) | खनन योग आंकलित उपखनिज की मात्रा (घ0मी0 प्रति वर्ष) | प्रथम वर्ष में आंकलित मात्रा की कुल रायल्टी रूपये में (कालम 10 में अंकित घ0मी0 प्रति वर्ष को कालम 9 में अंकित रायल्टी की दर से गुणा करने पर उपलब्ध सकल धनराशि) | अनेस्ट मनी (कालम नं0–11 में अंकित सकल धनराशि का 25 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1. | साधारण बालू | गर्रा | सदर | ककरा काकर कुण्ड | 632, 633, 634, 1332क एवं 1332ख | 10.719 | A 27°52' 34.44"N, 79°53' 17.05"E<br>A1 27°52' 38.97"N, 79°53' 16.94"E<br>A2 27°52' 43.17"N, 79°53' 17.98"E<br>A3 27°52' 47.49"N, 79°53' 18.31"E<br>A4 27°52' 57.11"N, 79°53' 19.81"E<br>B 27°52' 59.15"N, 79°53' 20.40"E<br>B1 27°52' 58.49"N, 79°53' 22.24"E<br>B2 27°52' 57.48"N, 79°53' 23.20"E<br>B3 27°52' 56.54"N, 79°53' 23.70"E<br>C 27°52' 54.76"N, 79°53' 23.74"E<br>C1 27°52' 51.21"N, 79°53' 22.75"E<br>C2 27°52' 46.30"N, 79°53' 23.83"E<br>C3 27°52' 42.59"N, 79°53' 24.38"E<br>D 27°52' 39.58"N, 79°53' 24.59"E<br>E 27°52' 39.51"N, 79°53' 21.16"E<br>F 27°52' 33.41"N, 79°53' 23.18"E | 70/– | 1,60,785 | 1,12,54,950 | 28,13,738/– |

ई निविदा सह ई नीलामी की काल योजना एवं अवधि निम्नानुसार सम्पादित की जायेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| प्रेस विज्ञप्ति (विज्ञप्ति का प्रकाशन) | दिनांक 14/02/2026 | |
| प्री–बिड ई0एम0डी0 एवं आवेदन शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि | ई–निविदा से पूर्व अपेक्षित Pre Bid EMD एवं Application Fee, MSTC Website पर वर्णित दिशा निर्देशों के अनुसार जमा करने की जिम्मेदारी बोलीदाता की है, अतएव बोलीदाता यह सुनिश्चित कर लें। | |
| प्रथम चरण इ निविदा (इ टेण्डर) की अवधि | दिनांक 23/02/2026 (पूर्वाहन 10.00 बजे से) दिनांक 26/02/2026 (सांय 5.00 बजे तक) | |
| विज्ञप्ति में अंकित क्षेत्र का क्रमांक | प्रथम चरण में प्राप्त इ निविदा (बिड) का खोला जाना एवं उसका मूल्यांकन का दिनांक व समय | द्वितीय चरण ई–नीलामी का दिनांक व समय |
| क्रमांक–1 | दिनांक 27/02/2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे। | दिनांक 27/02/2026 अपरान्ह 01:00 बजे से 03:00 बजे तक। |

ई–निविदा सह ई–नीलामी से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं शर्तो की जानकारी आनलाइन एम0एस0टी0सी0 के ई–आक्शन पोर्टल www.mstcecommerce.com पर अपलोड करा दिया गया है, जिसे सम्बन्धित सभी निविदादाता/बोलीदाता द्वारा देखा जा सकता है। उक्त से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं शर्तो की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में खनिज कार्यालय शाहजहॉपुर एवं कार्यालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कलेक्ट्रेट, शाहजहॉपुर से प्राप्त की जा सकती है।

**UP-246001 दिनांक 12.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**जिलाधिकारी, शाहजहॉपुर।**




### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

पत्रांकः 326 /है0व0ख0/टी–08/ दिनांकः 06/02/2026

ई–निविदा सूचना सं0– 08/अ0अ0/2025–26

महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 23.02.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसकी टेक्निकल बिड दिनांक 23.02.2026 अपरान्ह 02:00 बजे मुख्य अभियन्ता (शारदा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, बरेली द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। बिड दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी.सहित) (रू0में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शारदा बैराज बनबसा के बे–सं0 31 से 34 के मध्य डाउनस्ट्रीम में लांचिंग एप्रेन के क्षतिग्रस्त सी0सी0 डेकिंग की मरम्मत के कार्य। | 33.79 | 0.68 | 1 माह | 854.00 | बी एवं उच्चतर |
| 2 | शारदा बैराज बनबसा के बे–सं0 15 से 18 के मध्य डाउनस्ट्रीम में लांचिंग एप्रेन के क्षतिग्रस्त सी0सी0 डेकिंग की मरम्मत के कार्य। | 18.28 | 0.38 | 1 माह | 854.00 | सी एवं उच्चतर |
| 3 | शारदा बैराज बनबसा के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में निर्मित तटबन्ध, स्पर, स्टड, पिचिंग एवं लांचिंग एप्रेन का बाढ़काल के पश्चात साउण्डिग एवं सर्वेक्षण के कार्य। | 21.17 | 0.44 | 1 माह | 854.00 | बी एवं उच्चतर |

**UP - 245873 दिनांक:** 11/02/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(राजीव कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली




### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ

मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-44/अधि0अभि0/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक 19.02.2026 को 12:00 अपराह्न तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को समय 04:50 बजे अपराह्न निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मुल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 14.02.2026 से 19.02.2026 को समय 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुँचने पर कोई उत्तरदायियत्व इस कार्यालय का नहीं होगा। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण/जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैशियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपये का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनाम संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र निविदादाता के हस्ताक्षर किये हुये होना चाहिये एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक होगी तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें 03 माह के लिये वैध रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य+G.S.T +स्टेशनरी चार्जे (रू में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | Drilling of Tubewells of 1.5 Cusec Capacity under project "1750 R&R State tubewells Project" district- Lakhimpur under tubewell division-IInd Sitapur, depth 120 Mtr bore size 450mm to 600 mmØ by using Direct/reverse rotary rig Machine work Including drilling of tubewells, digging of pits for storage of water, lowering of recommended M.S. pipe assembly by ensuring verticality of assembly in proper manner, welding of pipe with socket etc. Screening & feeding of pea gravel after lowering of assembly & working bore properly including cost of wages of drilling staff & T&P excluding cost of HSD. (G.S.T Extra 18%) | 360 Mtr (3 No.) | 5.34 | 10692.00 | 40 दिवस | 225.00+ GST नियमानुसार + 500.00 | "ए" श्रेणी (यॉत्रिक) अथवा उच्च |

नोट- मैनुअल अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**UP - 245833 दिनांक:** 11/02/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(गौरव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ




## कार्यालय सहायक अभियन्ता
### द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन
### हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 के नियन्त्रणाधीन तहसील पूरनपुर, जिला–पीलीभीत के अन्तर्गत निम्नलिखित भूमि को एक वर्ष (फसल खरीफ व रवी 1434) फसली वर्ष 2026–27 के लिये मात्र कृषि कार्य हेतु सार्वजनिक नीलामी दिनांक 24.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे निरीक्षण भवन, बाईफरकेशन जनपद पीलीभीत के प्रांगण में की जायेगी, जो व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, वे निश्चित समय व तिथि पर दस रूपये का स्टाम्प पेपर, पहचान पत्र/आधार कार्ड की छाया प्रति तथा निर्धारित धरोहर राशि जमा कर नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं, उच्चतम बोलीदाता को नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि बोली के तुरन्त बाद एकमुश्त नकद जमा करनी होगी। नीलामी को बिना कारण बताये स्वीकार व अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली को होगा। नीलामी हेतु निर्धारित तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| क्0 सं0 | स्थल का नाम | ग्राम | अग्रिम धरोहर हेतु F.D.R.की राशि | गाटा सं0 | क्षेत्रफल (है0में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | हरदोई शाखा किमी0 19.500 दांयी पटरी | उदयकरनपुर | रू0 3,000.00 | 113 (नवीन गाटा सं0–69) | 0.939 |
| 2 | हरदोई शाखा किमी0 31.500 दांयी पटरी (दंदौल कोठी की भूमि) | दंदौल | रू0 4,000.00 | 116 | 3.343 |
| 3 | हरदोई शाखा किमी0 34.00 से किमी0 34.500 दांयी पटरी | सोहन्ना | रू0 1,000.00 | 75 | 0.288 |
| 4 | हरदोई शाखा किमी0 34.500 से किमी0 34.720 दांयी पटरी | सोहन्ना | रू0 3,000.00 | 72ख | 0.830 |
| 5 | हरदोई शाखा किमी0 34.500 से किमी0 34.720 (साईफन) तक दांयी पटरी | सोहन्ना | रू0 5,000.00 | 77/1 | 3.500 |
| 6 | हरदोई शाखा किमी0 34.720 (साईफन) से किमी0 34.920 तक दांयी पटरी | सोहन्ना | रू0 5,000.00 | 77/2 | 3.517 |
| 7 | सबसीडियरी हरदोई शाखा किमी0 19.00 बांयी पटरी | उदयकरनपुर | रू0 1,000.00 | 68 (नवीन गाटा सं0–217ख) | 0.117 |
| 8 | सबसीडियरी हरदोई शाखा किमी0 19.00 बांयी पटरी | उदयकरनपुर | रू0 2,000.00 | 147 (नवीन गाटा सं0–288) | 0.400 |
| 9 | हरदोई शाखा नहर के किमी0 19.200 पटरी दॉयीं पर स्थित भूमि | ग्राम–अमृतपुर ता0माधोटाण्डा | रू0 3,000.00 | 62 (नवीन गाटा सं0–194) | 0.696 |

नीलामी शर्तेः–

1. नीलामी बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को उपरोक्त विवरण के अनुसार धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बंधक हो, जमा करनी होगी, तभी टोकन नम्बर दिया जायेगा, टोकन नम्बर प्राप्त करने वाले बोलीदाता ही नीलामी में सम्मिलित होंगे तथा वे ही बोली बोलने के हकदार होंगे। नकद धनराशि किसी भी स्थिति में जमा नहीं की जायेगी।
2. उपरोक्त भूमि स्वीकृति की तिथि से खरीफ व रवी 1434 फसली (एक वर्ष) वर्ष 2026–27 के लिये मात्र कृषि कार्य के लिये दी जायेगी, उसके बाद नीलाम क्रेता (ठेकेदार) का कोई अधिकार नहीं होगा। इस भूमि पर नीलाम क्रेता ईख (गन्ना) की फसल नहीं बोएगा, वह ऐसी फसल लगायेगा जो रवी 1434 फसली की समाप्ति से पूर्व काट कर ले जा सके।
3. उच्चतम बोलीदाता को अपनी बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्त होने के तुरन्त बाद एक मुश्त नकद जमा करनी होगी अन्यथा उसके द्वारा जमा धरोहर राशि (एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0) शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और उपरोक्तानुसार क्रमशः द्वितीय व तृतीय उच्चतम बोलीदाता को अवसर दिया जायेगा।
4. नीलामी स्वीकृति के उपरान्त ही नीलाम क्रेता उपरोक्त भूमि पर जुताई बुवाई कर सकेगा।
5. नीलाम क्रेता को नीलामी स्वीकृति प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर नीलामी राशि पर नियमानुसार जी0एस0टी0, 8.5 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क तथा रू0 100.00 का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर अनुबन्ध हेतु जमा करना होगा।
6. नीलाम क्रेता द्वारा नहरी भूमि पर किसी भी प्रकार का स्थाई/अस्थाई निर्माण कार्य नहीं किया जायेगा और भूमि अन्य व्यक्ति को हस्तगत नहीं करेगा, अन्यथा नीलामी निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व नीलाम क्रेता का होगा।
7. नीलाम क्रेता द्वारा नहरी भूमि से मिट्टी आदि किसी प्रकार का खनन नहीं किया जायेगा, नहरी भूमि पर स्थित किसी भवन, नाली, वृक्ष आदि किसी सम्पत्ति को क्षति नहीं पहुँचाई जायेगी।
8. किसी प्रकार का मतभेद होने पर अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
9. वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड–19) का प्रकोप पूरे देश में चल रहा है। अतः नीलामी बोली में उपस्थित बोलीदाता मास्क लगाकर उपस्थित होंगे तथा सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करेंगे एवं मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रह सकेगा।
10. प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता बोली बोलने से पूर्व उपरोक्त नीलामी स्थल का भली–भॉति निरीक्षण कर लें, नीलामी के बाद कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

**UP - 245889 दिनांक:** 11/02/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

**सहायक अभियन्ता**
**द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन**
**हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली**

## थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

**उघैती, अमृत विचार:** आगामी प्रमुख त्योहारों को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें थाना प्रभारी ऋषिपाल सिंह ने गणमान्य लोगों से त्योहार पर क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए की अपील की। कहा कि कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। जो कार्यक्रम जिस स्थान और स्वरूप में परंपरागत रूप से होते आए हैं, उन्हें वैसे ही संपन्न कराया जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा।


**क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स 193–ए, सिविल लाइन्स बरेली मण्डल बरेली।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राशिद जमीर द्वारा सचिव की हैसियत से पीलीभीत मुस्लिम वैलफेयर सोसायटी, मं.नं. 177, मो. दुर्गा प्रसाद, कच्ची सराय के सामने, पीलीभीत का नाम व पता परिवर्तन कर संस्था का नया नाम व पता:– राईन वेलफेयर सोसाइटी, 697, बड़ा खुदागंज जिला पीलीभीत करने हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उपरोक्त संस्था का नाम परिवर्तन किये जाने में यदि किसी सम्मानित पदाधिकारी/सदस्य को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर फोटोयुक्त नोटरीशपथ पत्र के माध्यम से आपत्ति पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करे। यदि उक्त निर्धारित अवधि में किसी की कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है, तद्परान्त आपत्ति के अभाव में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भू.पू./वर्तमान पदाधिकारी/सदस्यों की होगी। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. एक्ट 1860 की धारा–4 क के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली।**



**कार्यालय ग्राम पंचायत लडती विकास खंड खुटार, शाहजहांपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लडती में वित्तीय वर्ष 2025–26 की कार्य योजना के अनुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 17.02.2026 समय दोपहर 02:00 बजे तक निविदाएं प्राप्त करा सकते है। उसी दिन 3:00 बजे ग्राम सचिवालय में निविदाएं खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण | 9 लाख |

सामग्री आपूर्ति का विवरण : भवन निर्माण कार्य हेतु ईट प्रथम, सीमेंट, सरिया, मौरंग, बजरी, लोहा, दरवाजा, विंडो, बिजली फिटिंग, इंटरलॉक ईट, ईट रोडी, सीआईबी बोर्ड, हयूम पाइप, समरसेबल, लोहा पाइप, पीबीसी पाइप, पानी का टैंक आदि सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु समस्त क्रय का भुगतान सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति के बाद किया जाएगा, अग्रिम नहीं।

**संदीप सिंह** — **ग्राम प्रधान** **प्रवीन कुमार** — **सचिव**



**प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर वि.खं. भोजीपुरा (बरेली)**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए /निर्माण/4595– 99/2023–24 दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में प्रा.वि. हमीरपुर के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलमी दिनांक 14.02.2026 दिन शनिवार को प्रात: 11 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी न होने की स्थिति में पुन: दिनांक 16.02.2026 दिन सोमवार को समय प्रात: 11 बजे से की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड व रूपये 10,000/– जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रात: 11 बजे से 11:30 बजे तक होगा। नीलामी की शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

**हरीश कुमार–अध्यक्ष** **जगदीश चन्द्र–सचिव**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर विकास क्षेत्र भोजीपुरा (बरेली)**



**कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा-पीलीभीत**

पत्रांक: मैमो/न.पं.गु.भि./2025–26 **नोटिस** दिनांक: 12.02.2026

**(अन्तर्गत धारा–143, नगर पालिका अधिनियम, 1916)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरण के अनुसार कॉलम–04 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये रजिस्टर्ड बैनामा के द्वारा हस्तातंरण के आधार पर कॉलम–05 में उल्लिखित व्यक्ति ने अपना नाम गृह कर पंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना–पत्र दिया है, यदि कॉलम संख्या– 05 में अंकित व्यक्ति अपने नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 01 माह के अन्दर नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय–सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा के गृहकर रजिस्टर में गृहकर वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर लिया जायेगा।

| क्र. | सम्पत्ति का विवरण | हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति का वार्ड का नाम व पता | रजिस्टर्ड बैनामाकर्ता/ वसीयतनामाकर्ता/ दानकर्ता का नाम व पता | प्रस्तावित व्यक्ति का नाम जो उस व्यक्ति को गृहकर हेतु दर्ज किया जाना है। | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1. | गाटा सं.–40/ 0.247 हे. रकवा– 186.05 वर्ग मी. | वार्ड नं.–06 नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा तहसील– अमरिया जिला– पीलीभीत | श्री सुनील कुमार भाटिया पुत्र ओमप्रकाश वार्ड नं.–06, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा तहसील–अमरिया जिला–पीलीभीत | श्रीमती हरजीत कौर पत्नी श्री लखबीर सिंह नि.– गुलडिया भिण्डारा तहसील–अमरिया जिला–पीलीभीत | रजिस्टर्ड बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत** **अध्यक्ष, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत**



**कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत**

पत्रांक : 166/न.पं.ब./2025–26 दिनांक : 12.02.2026

**ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में 15वां वित्त आयोग (अनटाईड ग्रान्ट बुनियादी अनुदान) के रूप में निकाय को प्राप्त धनराशि व वर्ष 2024–25 के प्रथम त्रैमास एवं द्वितीय तैमास में 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की संग्रहीत धनराशि से नगर पंचायत बरखेड़ा में सी.सी. रोड आदि का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु कार्यों की ई–निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई–प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रकाशित होने की तिथि | 13.02.2026 | प्रात: 08:00 बजे |
| ऑन लाईन बिड अपलोड करने की तिथि | 13.02.2026 | प्रात: 10:00 बजे |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 23.02.2026 | प्रात: 10:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | 23.02.2026 | अपरान्ह 02 बजे |

**(नागेन्द्र पाण्डेय)** उपजिलाधिकारी बीसलपुर, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत
**(श्याम बिहारी भोजवाल)** अध्यक्ष, नगर पंचायत बरखेड़ा, जनपद पीलीभीत



**कार्यालय ग्राम पंचायत गोरा लोकनाथपुर विकास खंड मीरगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में ग्राम पंचायत गोरा लोकनाथपुर में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है –प्रथम श्रेणी ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट,रेत, रोड़ी,सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | भूरे लाल के घर से मनवीर के घर तक सी. सी. व नाली निर्माण कार्य। | 274601/– | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 13.2.2026 से दिनांक 18.02.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 18.02.2026 दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**प्रधान–धर्मेन्द्र सिंह** **सचिव**



**कार्यालय ग्राम पंचायत मोहम्मदगंज (मु०) विकास खंड मीरगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में ग्राम पंचायत मोहम्मदगंज (मु.) में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है – प्रथम श्रेणी ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, रोड़ी, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | संजीव के घर से प्रदीप के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 399401/– | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 13.2.2026 से दिनांक 18.02.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 18.02.2026 दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**प्रधान–प्रेमपाल** **सचिव**


# सरकारी जमीन पर बना मदरसा किया गया ध्वस्त

## नरौली में प्रशासन ने दारूल उलूम मदरसे पर की कार्रवाई

- **इलाके को किया गया छावनी में तब्दील, छतों पर तैनात रही पुलिस**

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** नरौली कस्बे में मोहल्ला बंजारी कुआं में सरकारी जमीन पर बनाये गये दारूल उलूम मदरसे को ध्वस्त करा दिया गया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल, पीएसी और दमकल विभाग की टीम तैनात रही।

नरौली में गाटा संख्या 1635 एवं 1636 राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढे और रास्ते के रूप में दर्ज है। इस जमीन पर मदरसे का निर्माण किया गया वहीं सात-आठ मकान भी बना लिये गये। संबंधित पक्षों को दो बार नोटिस जारी कर समय भी दिया गया, लेकिन निर्माण नहीं हटाया गया। गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे एसडीएम चंदौसी आशुतोष तिवारी, सीओ मनोज कुमार सिंह व नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस व आरआरएफ को मदरसे के चारों तरफ तैनात कर दिया गया। आसपास के मकानों की छत पर भी पुलिस तैनात कर दी। इसके बाद मदरसे पर बुलडोजर एक्शन शुरु हुआ। दोपहर एक बजे तक दो बुलडोजर से मदरसे को जमींदोज कर दिया गया।थाना बनियाठेर प्रभारी मनोज कुमार, थाना हजरतनगर गढ़ी प्रभारी सुधीर पंवार, थाना कुढ़ फतेहगढ़ प्रभारी लोकेन्द्र त्यागी, चंदौसी कोतवाली पुलिस सहित चार-पांच थानों का फोर्स तैनात रहा। एसडीएम आशुतोष तिवारी ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मकानों को भी हटाने का काम किया जायेगा।



संभल के नरोली में मदरसे के निर्माण को ध्वस्त करते दो बुलडोजर। ● अमृत विचार

### बुलडोजर पहुंचे तो सामान निकालने में जुटे लोग

गुरुवार को दो बुलडोजर के साथ एसडीएम, सीओ व पुलिस बंजारी कुंआ इलाके में पहुंचे तो हड़कंप मच गया। नगर पंचायत चेयरमैन बिट्टन व कुछ अन्य लोगों ने एसडीएम से वार्ता कर निर्माण हटाने के लिए समय देने की मांग की। एसडीएम ने कहा कि लंबा समय दिया जा चुका है लेकिन एक भी ईंट नहीं हटाई गई। अब प्रशासन जमीन को कब्जामुक्त करायेगा। जब साफ हो गया कि बुलडोजर चलेगा तो लोग मदरसे का सामान निकालने में जुट गये। कुछ ही देर में मदरसे में रखे सामान के साथ ही पंखे आदि खोलकर बाहर निकाल लिये गये। सामान निकलने के बाद बुलडोजर ने मदरसा ध्वस्त कर दिया।

# पेन्शनर्स ऐसोसियेशन ने दिया हड़ताल को समर्थन



बैठक को संबोधित करते माधव मिश्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर एसोसिएशन शाखा की बैठक कोषागार भवन के कोषागार भवन में हुई। जिसमें अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आवाहन पर हड़ताल का समर्थन करने का निर्णय लिया गया ।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता ने की संचालन मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार शर्मा ने किया। उसके बाद ट्रेड यूनियन के समर्थन में सभी पेंशनर्स मालवीय आवास गृह पहुंचे, बैठक में मुख्य अतिथि प्रांतीय कर्मचारी नेता कवि माधव मिश्र ने कहा आठ वें वेतन आयोग से लेकर पुरानी पेंशन बहाली तक सरकार द्वारा स्पष्ट बयान जारी न करने के कारण, ट्रेड यूनियन, कर्मचारी संगठन, पेन्शनर्स एसोसिएशन आन्दोलन करने को मजबूर है, सरकार द्वारा निजीकरण करने, खाली पदों पर भर्ती न करने से लेकर पुरानी पेंशन जैसे मुद्दे सामने हैं। जबकि सरकार भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती की दावेदारी करती है। जिलाध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता ने कहा कि मांगों को लेकर कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठन आर पार की लडाई लडने के मूड में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र मोहन सक्सेना ने कहा कि 1982 के सुप्रीम कोर्ट की डी यश नकारा की याचिका के निर्णय के अनुसार, पेंशनर्स के हकों को देना सरकार की बाध्यता है। जिला मंत्री उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि पेन्शनर्स का संघर्ष हम सबको सफलता का परिणाम देगा,पेंशनर्स की एकजुटता ही हमें सफल बनायेगी।

बैठक में ब्रिजेश चौहान, समसुद्दीन, हरिओम सिंह, रामलाल मौर्य, बिजेंद्र पाल, महेश चन्द्र सक्सेना,मनसुखलाल गुप्ता, श्यामलाल व किशनलाल अवनीश कुमार शर्मा, प्यारेलाल,सुभाष चंद्र शर्मा, प्रभाकर मिश्रा, रामनिवास बर्मा, छोटे लाल सगर, सूबेदार सिंह, अब्दुल कादिर सुशील कुमार उर्फ नीरू, कृष्ण शर्मा, शकुन्तला देबी, दुर्बिजयसिंह, जगदीश चन्द्र तिबारी अनेक लोग मौजूद रहे।

### बिना लाइसेंस के चल रहा मेडिकल स्टोर पकड़ा, दवाएं सीज

**बरेली, अमृत विचार :** औषधि विभाग की टीम ने गुरुवार दोपहर फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर छापा मारा। संचालक लाइसेंस संबंधी कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। टीम ने 50 हजार की दवाओं की सीज कर दिया। साथ ही पांच संदिग्ध दवाओं के नमूने भी भरे। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि फतेहगंज पूर्वी के गांव पढ़ेरा में बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर के संचालन की सूचना मिली थी। वह औषधि निरीक्षक अनामिका अंकुर जैन के साथ मौके पर पहुंचे। देश दीपक सिंह के मेडिकल स्टोर पर दवाओं का अवैध भंडारण मिला।


**सार्वजनिक सूचना/आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रजनी पत्नी सुनील कुमार एवं श्रीमती सुनैना पत्नी मुकेश कुमार (निवासी: रामावतार वाली गली, सुभाष नगर, बरेली) के भू–खंड (क्षेत्रफल क्रमश: 20.90–20.90 वर्ग मीटर, गली नं. 21, श्याम कालोनी, बरेली) की मूल रजिस्ट्रियाँ गुम हो गई है। विवरण : (1) रजनी : बही 01, जिल्द 5039, पृष्ठ 213–240 सं. 14370, दिनांक 28.12.2011 (2) सुनैना : बही 01, जिल्द 5039, पृष्ठ 241–268 सं. 14371, दिनांक 28.12.2011 (SRO बरेली)

उक्त संपत्तियां अमृत सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह द्वारा उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. में बंधक रखी जा रही है। किसी भी आपत्ति की स्थिति में 10 दिनों के भीतर साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें, अन्यथा प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

**अर्जित सक्सेना (अधिवक्ता)**
**पैनल अधिवक्ता : उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. बरसाना धाम, जवाहरपुरी, बदायूं। मो. 8077430318**



**न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी, बरेली**
**वाद संख्या-सन् 2024**

धर्मपाल सिंह वयस्क पुत्र स्व. हेतराम निवासी ग्राम कन्धरी, परगना तहसील व जिला बरेली।

बनाम

1. ममता पटेल वयस्क पत्नी गंगा सिंह पुत्री धर्म पाल सिंह 2. तेजवीर सिंह वयस्क पुत्र धर्मपाल सिंह 3. जगपाल पुत्र भोला नाथ 4. नरेश पाल सिंह पुत्र भोला नाथ 5. पुत्तू सिंह पुत्र भोला नाथ 6. श्रीमती भानवती पत्नी भोलानाथ 7. अनिल कुमार पुत्र भोला नाथ समस्त निवासी गण ग्राम कन्थरी परगना तहसील व जिला बरेली। 8. गांव सभा ग्राम कन्थरी, परगना तहसील व जिला बरेली–द्वारा प्रधान। 9. राज्य उ.प्र. सरकार द्वारा कलैक्टर साहब, बरेली

चूंकि मुसम्मी धर्मपाल सिंह ने आपके नाम एक नालिश, वास्ते 144 रा.सं. के दायर की है। लिहाजा हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 18.02.26 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ, हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 12.2.26 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**जज-अपर उप जिलाधिकारी (सदर)-बरेली**


## वकील की हत्या पर तहसील में हुआ प्रदर्शन

**बिल्सी, अमृत विचार:** रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की दिनदहाड़े गोली मारकर की हत्या कर दी गई थी। वकील की हत्या के विरोध में बृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित वकीलों ने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम प्रेमपाल सिंह को सौंपा। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की सरेआम गोली मारकर हत्या किया जाना कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिह्न है। महासचिव ज्ञान सिंह त्यागी ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने न्याय की मांग की। इस दौरान विवेक राठी, मुकेश कुमार सिंह, रामनाथ शर्मा, रामप्रकाश श्रीवास्तव, श्री राम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# टिकट को लेकर विवाद, सिर फोड़ने का आरोप

- **गुरुवार को टिकट खिड़की खोलने को लेकर हुआ था विवाद**

संवाददाता, आसफपुर



हंगामा के दौरान मौजूद यात्री के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव बरौलिया निवासी आसाराम पुत्र वेदनाथ दिल्ली में मजदूरी करता है। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव अशोकपुर अपने रिश्तेदारी में आया था। मंगलवार वह आसफपुर रेलवे स्टेशन पर टिकट लेने पहुंचा।

आरोप है कि टिकट खिड़की बंद होने पर उसने बुकिंग क्लर्क से खिड़की खोलने को कहा लेकिन क्लर्क ने ट्रेन दूर होने की बात कहकर खिड़की खोलने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि बुकिंग क्लर्क और रेलवे स्टाफ ने मिलकर यात्री के साथ मारपीट की। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई और वह बेहोश हो गया। यात्री के घायल और बेहोश होने की सूचना पर उसके परिजन स्टेशन पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि जब बीच बचाव के लिए युवक की पत्नी पहुंची तो रेलवे स्टाफ ने उसको भी नहीं बख्शा। उसके साथ भी मारपीट और अभद्रता की। जिससे उसे भी मामूली चोटें आई हैं। उधर स्टेशन मास्टर का आरोप है कि परिजनों ने स्टेशन मास्टर कक्ष में घुसकर तोड़फोड़ की और गमले व टेलीफोन को क्षतिग्रस्त कर दिया।

सूचना मिलने पर आरपीएफ चन्दौसी और थाना फैजगंज बेहटा पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल यात्री को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर भेजा गया है। किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। थानाध्यक्ष फैजगंज राजकुमार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। एक पक्ष की ओर से तहरीर आई है। जांच करके कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां, जनपद-शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 361/न.पा.प.–पु/नीलामी/2025–2026 दिनांक : 09.02.2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, पुवायां की निम्नलिखित निष्प्रोज्य सामग्री की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर निम्नानुसार नकद जमानत धनराशि जमा कर बोली में भाग ले सकते है। सर्वाधिक बोलीदाता को तुरन्त अपने खर्चे से निष्प्रोज्य सामग्री तत्काल उठानी अनिवार्य होगी।

| क्र.सं. | नीलामी की सामग्री का विवरण | नीलामी का प्रकार | जमानत की धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | निष्प्रोज्य सबमर्सिबल पम्प आदि | प्रति नग | 10,000.00 |
| 2. | निष्प्रोज्य ई–रिक्शा | एक मुश्त 7 नग | 25,000.00 |
| 3. | निष्प्रोज्य कूड़ेदान की शीट, एंगल, पाईप, लोहा आदि | प्रति किलो | 10,000.00 |
| 4. | निष्प्रोज्य हाईमास्ट लाईट | एक मुश्त | 10,000.00 |
| 5. | निष्प्रोज्य एल.ई.डी. बल्ब | एक मुश्त | 5000.00 |
| 6. | निष्प्रोज्य प्लास्टिक टंकी | प्रति किलो | 10,000.00 |
| 7. | निष्प्रोज्य पुरानी बैट्री आदि | प्रति किलो | 50,000.00 |

नियम एवं शर्ते :– 1. उपरोक्त नीलामी तालिका के कालम–3 में अंकित नीलामी के प्रकार के अनुसार की जायेगी। तदोपरान्त सर्वाधिक बोलीदाता को सम्पूर्ण धनराशि तत्काल नगर पालिका में जमा करनी होगी। समस्त सामग्री की नीलामी ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर की जायेगी। नीलामी के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम होगा। अन्य शर्तो व नीलामी के सम्बन्ध में जानकारी के लिए कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म उपरोक्त नीलाम हेतु उपलब्ध सामग्री को किसी भी कार्यदिवस में मौके पर देख सकते है।

2. सर्वाधिक बोलीदाता को अपने खर्चे से उपरोक्त सूची में अंकित तौल कराये जाने वाली वस्तुओं की तौल अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कराकर सम्पूर्ण धनराशि तत्काल नगर पालिका में जमा करने के उपरान्त निष्प्रोज्य सामग्री दिनांक 22.02.2026 तक उठाना होगा, अन्यथा जमानत धनराशि जब्त कर पुन: नीलामी की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पुवायाँ (शाहजहाँपुर)** **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पुवायाँ (शाहजहाँपुर)**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)**

पत्रांक : 680/न.पा.परि.आ./2025–26 दिनांक : 11.02.2026

**ई–निविदा सूचना**

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद आंवला/पब्लिक सेक्टर/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अन्य सरकारी विभाग में पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि निकाय को 15वां.वि.आ. अन–टाईड अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 06.03.2026 को समय अपरान्ह 01:00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक 14.02.2026 से 06.03.2026 को समय अपरान्ह 01:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। कार्यो का विवरण निम्नवत् है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली पी.डब्लू.डी. रोड से शराफत के मकान तक व दीवार के पास से आरिफ के मकान होते हुये कलीम के मकान तक नई बस्ती बजीरगंज रोड वार्ड सं. 01 | 1112997 | 22300 | 1200+216 | 3 माह |
| 2. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली होली चौक मोहल्ला विलायतगंज वार्ड सं. 01 | 1191893 | 23900 | 1200+216 | 3 माह |
| 3. | निर्माण इ.ला. रोड व नाली बलि हसन के मकान से कमल हसन के मकान तक व मुजाजिद के मकान से सहीद के मकान होते हुये नासिर के मकान तक गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 264993 | 5300 | 300+54 | 3 माह |
| 4. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली आलम के मकान से रोजी के मकान तक मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 134516 | 2700 | 150+27 | 3 माह |
| 5. | निर्माण इ.ला. रोड व नाली सरताज के मकान के पास व जाबिर के मकान वाली गली मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 203944 | 4100 | 250+45 | 3 माह |
| 6. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली रामलाल के मकान से गीता देवी के मकान तक मोहल्ला खेड़ा वार्ड सं. 05 | 254821 | 5100 | 300+54 | 3 माह |
| 7. | निर्माण इं.ला. रोड व नाली अकमल के मकान से नईम के मकान तक व मोबिन के मकान से सलीम के मकान तक मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 710837 | 14250 | 750+135 | 3 माह |
| 8. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली कूड़ा घर के पास से देवेन्द्र की चक्की के पास पुलिया तक बख्शी वार्ड सं. 09 | 1066821 | 21350 | 1100+98 | 3 माह |
| 9. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली चेतराम के मकान से यादराम के मकान तक व लालमन वाली गली मोहल्ला खेड़ा वार्ड सं. 15 | 381760 | 7650 | 400+72 | 3 माह |
| 10. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली वर्मा जी के मकान से धारा सिंह के गोदाम के पास तक का कार्य मुन्सिफ कोर्ट के सामने वार्ड सं. 16 | 1217219 | 22300 | 1200+216 | 3 माह |
| 11. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली सफीक अहमद के मकान तक नासीर के मकान तक का कार्य मोहल्ला खेड़ा वार्ड सं. 20 | 1217279 | 24500 | 1250+225 | 3 माह |
| 12. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली रामप्रसाद के मकान से मास्टर बनवारी के मकान तक मोहल्ला बेहटा जूनु वार्ड सं. 25 | 421825 | 8450 | 450+81 | 3 माह |
| 13. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली शंकर के मकान से छोटेलाल के मकान तक व बृन्दावन के मकान से भोले के मकान तक तथा सोमपाल के मकान से राजकुमार के मकान तक मोहल्ला बेहटा जूनु वार्ड सं. 25 | 359313 | 7200 | 400+72 | 3 माह |
| 14. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली संजय के मकान से तेजपाल के मकान तक तथा सर्वेश के मकान से दीपचन्द्र के मकान तक मोहल्ला बेहटा जूनु वार्ड सं. 25 | 248353 | 5000 | 300+54 | 3 माह |
| 15. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली लक्ष्मी नर्सिंग होम के पास से महेश के मकान होते हुये भूपराम के मकान तक मोहल्ला किशन टोला वार्ड सं. 25 | 454395 | 9100 | 500+90 | 3 माह |

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)** **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)**

## विधानसभा में मंत्रियों के जवाब...

### 2017 से पहले अपराध था उद्योग : नंदी



मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के चौथे दिन औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने सपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में उद्योग की परिभाषा अपहरण, गुंडा टैक्स और अपराध तक सीमित थी, जबकि आज उद्योग की पहचान निवेश, निर्यात और आर्थिक समृद्धि से होती है। विधायकों के तारांकित प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री नंदी ने कहा कि 2016-17 में प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 13.30 लाख करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़कर 30.25 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। इस प्रकार जीएसडीपी में 127 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि 2018 से अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 12.10 लाख करोड़ रुपये की लागत से 16,478 औद्योगिक इकाइयों की ग्राउंडिंग हुई, जिनमें से 6,352 इकाइयों ने उत्पादन शुरू कर दिया है।

### ओडीओपी से 3.16 लाख को रोजगार : सचान



मंत्री राकेश सचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना ने प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों और उत्पादकों को नई पहचान दी है। उन्होंने बताया कि अब तक 1.31 लाख कारीगरों को नि:शुल्क प्रशिक्षण और टूल किट दी गई है। सहारनपुर में 2275 कारीगरों को प्रशिक्षित किया गया और 454 लाभार्थियों को 16.26 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गई। मंत्री सचान ने कहा कि वर्ष 2017-18 में प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत योगदान ओडीओपी और हस्तशिल्प उत्पादों का है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से अब तक ओडीओपी योजना के माध्यम से 3.16 लाख लोगों को रोजगार मिला है और इसकी सफलता को देखते हुए इसे देशभर में लागू किया गया है।

### पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहेगा: कश्यप



मंत्री नरेंद्र कश्यप

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विधानसभा में कहा कि योगी सरकार में पिछड़े वर्ग के एक भी पात्र छात्र-छात्रा को छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 2 लाख रुपये है, जिसे सरकार निरंतर लागू रखे हुए है। वर्ष 2023-24 से अब तक एक भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहा है। मंत्री कश्यप ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में विभाग का बजट 1286 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर लगभग 3500 करोड़ रुपये हो गया है। यह लगभग तीन गुना वृद्धि है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 38 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का लक्ष्य रखा गया है और छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार केवल घोषणाओं में नहीं, बल्कि धरातल पर काम करने में विश्वास रखती है।

### विवि संशोधन विधेयक पुरस्थापित : उपाध्याय



उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विधानसभा में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 और द्वितीय संशोधन विधेयक 2026 को पुरस्थापित किया। सदन ने बहुमत से दोनों विधेयकों को पुरस्थापित करने की अनुमति प्रदान की। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इन संशोधन विधेयकों के माध्यम से विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक और शैक्षणिक ढांचे को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे शैक्षणिक अनुशासन, जवाबदेही और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा।

# विधानसभा में गूंजे एआई व किन्नर कल्याण के मुद्दे

**बजट सत्र का चौथा दिन : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बोले, एआई का दुरुपयोग राजनीति के लिए खतरनाक**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को विधानसभा में प्रश्नकाल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। न तो किसी दल ने वॉकआउट किया और न ही कोई सदस्य वेल में आया। कार्यवाही के दौरान किन्नर समुदाय, एआई तकनीक के दुरुपयोग और औद्योगिक निवेश जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

सपा विधायक अतुल प्रधान ने नियम-300 के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एआई एक खतरनाक तकनीक बनती जा रही है और इसके जरिए किसी व्यक्ति की आवाज और चेहरा हूबहू नकल कर गलत संदेश फैलाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने अपने जिले के एसएसपी से शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सपा विधायक के आग्रह पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को मामले का संज्ञान लेने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि एआई का दुरुपयोग खासतौर पर राजनीति में सक्रिय लोगों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए ऐसी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

#### संसदीय कार्य मंत्री ने कहा- एआई पर लेंगे विधिक राय

इससे पहले सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि इस विषय पर केंद्र सरकार ने 10 फरवरी 2026 को दिशा-निर्देश जारी किए हैं और उन्हीं के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि विधिक राय लेने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### किन्नर समुदाय के मुद्दे पर असीम अरुण हुए तल्ख

प्रश्नकाल में सपा विधायक सचिन यादव ने किन्नर (ट्रांसजेंडर) समुदाय से जुड़े मुद्दे को सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज के लोगों को शिक्षा, राशन कार्ड, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं आज भी समुचित रूप से नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने ट्रांसजेंडर कल्याण आयोग तो बनाया है, लेकिन उसके अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पुरुष हैं, जिससे इस वर्ग को न्याय मिलना कठिन है। जवाब देते हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में यह इस तरह का पहला सवाल है। उन्होंने बताया कि थानों में इस समुदाय के लिए अलग सेल बनाई गई है, किन्नर समाज के लोग आज स्कूलों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं तथा पहचान सुनिश्चित करने के लिए ट्रांसजेंडर कार्ड बनाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधा के तहत आयुष्मान कार्ड भी उन्हें उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा ट्रांसजेंडर महोत्सव आयोजित कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## कानून-व्यवस्था को लेकर सपा का परिषद से वॉकआउट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियम 105 के तहत सपा सदस्यों ने उठाए सवाल सत्तापक्ष के जवाब से असंतुष्ट सदस्यों ने की नारेबाजी

**अमृत विचार :** विधान परिषद में बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कानून-व्यवस्था को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। सपा विधायकों ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा खतरे में है। सत्तापक्ष से मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 2016 और 2025 में अपराधिक आंकड़ों का तुलनात्मक विवरण पेश करना शुरू किया, विरोध करते हुए नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में सपा सदस्यों ने सदन से सामूहिक वॉकआउट कर दिया।

सदन में प्रश्नकाल के बाद नियम-105 अंतर्गत सपा के मुकुल यादव ने प्रदेश की गिरती कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाया, सपा के अन्य सदस्यों में आशुतोष सिन्हा ने जौनपुर में दो पुलिस कर्मियों द्वारा मोबाइल चोरी की घटना समेत विभिन्न जिलों में घटित कई अपराधिक घटनाओं से प्रदेश की कानून व्यवस्था को तार-तार दिखाने का प्रयास किया। राज्य सरकार की तरफ से मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में प्रदेश की हालत किसी से छिपी नहीं है, योगी सरकार में आजमगढ़ से मां-बेटी रात 12 बजे भी सफर कर रही हैं। अब फावड़ा भी चोरी नहीं हो सकता है, जबकि पहले तो ट्रैक्टर उठा लेते थे। वर्ष 2017 के बाद एक भी दंगा नहीं हुआ है, सपा सदस्य किरण पाल कश्यप ने सरकार की बयानबाजी का विरोध करते हुए कहा कि दंगा कराने वाले सरकार चला रहे हैं, हम सपाई दंगा नहीं कराते हैं, नेता विरोधी दल ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के साथ घटित 55292 मामलों को लेकर सरकार जवाब नहीं दे रही है, गुमराह कर रही है और सदन छोड़ दिया।

इसके अलावा 105 अंतर्गत निर्दलीय राज बहादुर सिंह चंदेल ने संविदा शिक्षकों के खाते में सीधे मानदेय देने का मुददा उठाया, सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह के हस्तक्षेप के बाद बेसिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने आश्वासन दिया। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने 2002 से नियुक्त विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन व्यवस्था में शामिल करने का मुद्दा उठाया, मंत्री गुलाब देवी ने आश्वासन दिया।

## लोकलेखा समिति के तीन प्रतिवेदन विस में पेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कैग की रिपोर्टों में ऑडिट आपत्तियों के आधार पर किए गए तैयार

**अमृत विचार:** विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में लोकलेखा समिति (पीएसी) के तीन प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए। ये प्रतिवेदन भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्टों में दर्ज ऑडिट आपत्तियों के आधार पर तैयार किए गए हैं। लोकलेखा समिति ने संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली, वित्तीय अनुशासन और सार्वजनिक धन के उपयोग की गहन समीक्षा के बाद अपनी सिफारिशें सदन के पटल पर रखीं।

सदन में प्रस्तुत पहला प्रतिवेदन कैग की उस रिपोर्ट पर आधारित है, जो 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए थी और जिसमें कृषि विभाग से जुड़ी ऑडिट आपत्तियों का उल्लेख है। समिति ने कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट उपयोग और प्रक्रियागत खामियों पर टिप्पणी करते हुए विभाग से स्पष्ट जवाबदेही तय करने की सिफारिश की है। दूसरा प्रतिवेदन 31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष की कैग रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें पंचायती राज विभाग से संबंधित ऑडिट आपत्तियों को शामिल किया गया है। इस प्रतिवेदन में ग्राम पंचायतों से लेकर जिला स्तर तक वित्तीय प्रबंधन, कार्यों के निष्पादन और अभिलेखों के रख-रखाव में पाई गई अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया गया है। समिति ने पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता रेखांकित की है। तीसरा प्रतिवेदन 31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष की कैग रिपोर्ट पर आधारित है, जो सामान्य (जनरल एवं सोशल सेक्टर) से संबंधित ऑडिट आपत्तियों पर केंद्रित है।

## तेल और गरम तासीर वाले पदार्थों का कम सेवन करे विपक्ष, गुस्सा नहीं आएगा : पाठक

**विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री ने सपा नेताओं को लिया आड़े हाथ**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सदन में बोलते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विधान परिषद में गुरुवार को प्रश्नकाल में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे पर सपा सदस्यों को जवाब दे रहे थे। उन्होंने नेता विरोधी दल समेत अन्य सदस्यों को तेल और गरम तासीर वाली पदार्थों का कम सेवन की सलाह देते हुए कहा कि इससे गुस्सा जल्दी आता है और शरीर बीमार होता है।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रकृति द्वारा शरीर को अनुमन्य भोज्य पदार्थों का ही सेवन करना चाहिए, शारीरिक श्रम जरूर करना चाहिए। कोई काम न हो तो खुद को घर के काम में व्यस्त रखकर स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गंभीर रोगों से ग्रसित रोगियों के लिए लगातार काम कर रही है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा है। हमारे पास गोरखपुर और रायबरेली में दो एम्स हैं, जो रोगियों का गुणवत्तापूर्ण इलाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानक विहीन चिकित्सालयों के विरुद्ध विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जाती रहती है। वर्तमान में प्रदेश में 16520 चिकित्सक तैनात हैं। नए चिकित्सकों की तैनाती भी की जा रही है।

#### ब्राह्मणों के सम्मान को लेकर उठाए सवाल

**अमृत विचार :** विधान परिषद में सपा सदस्यों ने पीडीए के साथ ही ब्राम्हण कार्ड भी खेला, प्रश्नकाल में सपा के मुकुल यादव ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को स्नान करने से रोके जाने का मुद्दा उठाया, उन्होंने रामचरित मानस की चौपाई का वाचन करते हुए कहा कि शिखा काटना ही ब्राम्हण की मृत्यु समान होता है। प्रदेश में आराजकता का माहौल है, इस पर सत्तापक्ष कहा कि 2015 में सपा सरकार ने उन पर लाठीचार्ज करवाया था।

**इलाज डॉक्टरों से मिलता है इमारत से नहीं :** विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा पर जमकर बरसे। सपा सरकार के कामकाज को कुकर्म बताते हुए गाय-पड़वा की एक देशी कहानी सुनाकर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि सपा ने मेट्रो ही नहीं, अस्पतालों की इमारतें बनवाईं, मगर डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की, उनका चलाने का कोई इरादा नहीं था, सिर्फ ठेकेदारी व लूट का खेल खेला गया। उप मुख्यमंत्री प्रश्नकाल में सपा के आशुतोष सिन्हा के कन्नौज मेडिकल कॉलेज में हृदय और कैंसर हास्पिटल में पद व उपलब्ध इलाज के मुद्दे पर जवाब दे रहे थे, उन्होंने कहा कि सिर्फ बिल्डिंग से अस्पताल नहीं चलता। बिल्डिंग बनाकर छोड़कर चले गए। उन्होंने कहा कि अभी सहायक शिक्षकों की संख्या पर्याप्त है, चार साल की सेवाएं देने के बाद ये प्रमोशन के बाद असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर बन जाएंगे, शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी।

## एएम ग्रुप और इन्वेस्ट यूपी के बीच एमओयू

**289 एकड़ में कार्बन-फ्री डेटा सेंटर, 2030 तक एक गीगावॉट क्षमता से संचालन का लक्ष्य**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



एएम ग्रुप के प्रतिनिधियों को लेटर ऑफ इंटेंट सौंपते यीडा के सीईओ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश को देश का अग्रणी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हब बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल हुई है। राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी और एएम ग्रुप के बीच एक गीगावॉट हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूट (एचपीसी) एवं एआई हब की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

गुरुवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एएम ग्रुप के प्रतिनिधियों को लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) सौंपा। यीडा द्वारा सेक्टर-28 में 114 एकड़ और सेक्टर-8डी में 175 एकड़, कुल 289 एकड़ भूमि के लिए एलओआई जारी किया गया है। इस भूमि पर अत्याधुनिक, वैश्विक मानकों वाला एआई एवं हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग हब विकसित किया जाएगा। परियोजना यीडा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से स्थापित की जाएगी, जिसमें लगभग 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का प्रस्ताव है।

परियोजना के तहत लगभग पांच लाख हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट्स से युक्त डेटा सेंटर विकसित किया जाएगा, जो 24×7 कार्बन-फ्री ऊर्जा पर आधारित होगा। इसके लिए पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पम्प्ड स्टोरेज जैसी स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों का उपयोग किया जाएगा। पहले चरण का संचालन वर्ष 2028 तक शुरू करने का लक्ष्य है, जबकि वर्ष 2030 तक पूर्ण 1 गीगावॉट क्षमता प्राप्त करने की योजना है।

## पर्यटन विकास पारदर्शिता के साथ होगा: जयवीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के चौथे दिन विधान परिषद में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेश में पर्यटन विकास को लेकर सरकार की नीति और प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का तथ्यात्मक उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों का विकास निर्धारित गाइडलाइन, बजट की उपलब्धता और निर्विवाद, निःशुल्क भूमि की शर्तों के आधार पर ही किया जाता है। मंत्री ने ललितपुर, सीतापुर, झांसी और मिर्जापुर के धार्मिक एवं आस्था केंद्रों के संबंध में बताया कि बुनियादी पर्यटक सुविधाएं- जैसे शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साइनेज ही पर्यटन विभाग के दायरे में आती हैं, जबकि जीर्णोद्धार एवं संरचनात्मक कार्य वर्तमान गाइडलाइन्स में अनुमन्य नहीं हैं।

## ब्रह्मोस के संग 'हार्ड पावर' विजन का संदेश




- मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बदली कवर इमेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करने वाली सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने 'नए यूपी' की बढ़ती ताकत का संकेत दिया। बजट 2026-27 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कवर इमेज बदल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मोस संग अपनी फोटो लगाकर 'हार्ड पावर' विजन का संदेश दिया। सोशल मीडिया हैंडल पर मुख्यमंत्री का यह संदेश बताता है कि लखनऊ में ब्रह्मोस निर्माण के जरिए उत्तर प्रदेश एक तरफ रक्षा उत्पादन का उभरता वैश्विक हब हो गया है।

## श्रृंगवेरपुर को मिलेगा अयोध्या जैसा वैभव

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामनगरी अयोध्या की तर्ज पर निषादराज की राजधानी श्रृंगवेरपुर को भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है। प्रयागराज जिले के इस ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल पर निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण तेज गति से जारी है। उप्र. संस्कृति विभाग की इस परियोजना की लागत 19.61 करोड़ रुपये है और लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजना में लगभग 400 लोगों की क्षमता वाला आधुनिक ऑडिटोरियम भी है, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ऑडिटोरियम में स्टेप स्लैब का काम प्रगति पर है और ब्रिकवर्क पूरा हो चुका है। साथ ही पूरे परिसर में आर्किटेक्चरल व स्ट्रक्चरल कार्य, विद्युत और आंतरिक जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है।

## नए बिजली कनेक्शन पर वसूले गए 6016 रुपये समायोजित हों

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नए बिजली कनेक्शनों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर की गई 6016 प्रति उपभोक्ता की अतिरिक्त वसूली के समायोजन और अविकसित कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन संबंधी नियमों में संशोधन की मांग उठाई है। यह प्रस्ताव परिषद के अध्यक्ष एवं सप्लाई को रिव्यू पैनल सब कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष से मुलाकात कर दिया है। परिषद के अध्यक्ष ने गुरुवार को बताया कि 31 दिसंबर से प्रदेश में नई कॉस्ट डाटा बुक लागू की गई है, लेकिन उससे पूर्व बिना आयोग की अनुमति के स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रति उपभोक्ता 6016 की वसूली की गई।

**पायलट प्रोजेक्ट** — लाभार्थियों को नहीं भरना होगा फार्म, पोर्टल कर लेगा ट्रेस

## फैमिली आईडी से ऑटोमेटिक बनेगी वृद्धा पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोरखपुर, कन्नौज, हरदोई ललितपुर व गाजियाबाद में शुरू होगी व्यवस्था

**अमृत विचार :** नियोजन विभाग की तरफ से चल रहा अभियान ''एक परिवार एक पहचान'' के तहत फैमिली आईडी बनवाने वाले बुजुर्ग लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन के लिए न कोई आवेदन करना होगा, न ही कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ेंगे। बल्कि उनकी फैमिली आईडी से उम्र और आय के आधार पर ऑटोमेटिक वृद्धा पेंशन का फार्म भर जाएगा। सिर्फ लाभार्थी की सहमति लेकर उसकी बायोमेट्रिक कराकर पेंशन स्वीकृत कर दी जाएगी।

समाज कल्याण विभाग ये नई व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गोरखपुर, कन्नौज, हरदोई, ललितपुर व गाजियाबाद में शुरू करेगा। इन जिलों में एनआईसी पोर्टल विकसित कर रहा है। नये पोर्टल पर समाज कल्याण विभाग और साथ फैमिली आईडी का विवरण लिंक होगा। यदि फैमिली आईडी में 60 वर्ष से ऊपर का कोई लाभार्थी पेंशन योजना से वंचित होगा तो उसका विवरण समाज कल्याण विभाग से ट्रेस होकर ऑटोमेटिक फार्म भर जाएगा। इसके अलावा जो पहले से पेंशन पा रहे या अपात्र हैं, उन्हें लाभ नहीं मिलेगा। साथ ही डुप्लीकेसी रुकेगी। इससे बिना भागदौड़ और आसानी से घर बैठे बुजुर्गों की पेंशन बनेगी। आगे अन्य योजनाओं में फैमिली आईडी से चयन होगा। अभियान के तहत केंद्र व राज्य के 32 विभागों की 98 महत्वपूर्ण योजनाएं फैमिली आईडी के डाटाबेस के साथ इंटीग्रेट हो चुकी हैं।

#### एक नजर में आंकड़े

- प्रदेश में पेंशनर – 65.50 लाख
- फैमिली आईडी से सृजित 4 करोड़ परिवार
- फैमिली आईडी सृजित 15.62 करोड़ व्यक्ति

#### पोर्टल आय और उम्र से करेगा ट्रेस व बायोमेट्रिक

अब आय समेत अन्य प्रमाण पत्र आधार प्रमाणिक बनते हैं। इस आधार पर नया पोर्टल फैमिली आईडी के पेंशन से वंचित लाभार्थियों की उम्र और आय ट्रेस करके उनका ऑटोमेटिक फार्म भरेगा। इसके बाद लाभार्थी की सहमति लेकर उसका बायोमेट्रिक कराया जाएगा। इससे पात्रता संबंधित पूरी जांच भी हो जाएगी। इस योजना का मकसद जरूरतमंदों का बिना दौड़भाग के ऑटोमेटिक पेंशन का फार्म भरकर लाभान्वित करना है।

## भाजपा सरकार ने देश का बाजार विदेशियों को सौंप दिया : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि ये 'डील' वो 'डाल' है, जिसको उस पर बैठने वाला ही काट रहा है। ये डील हमारे देश की सिर्फ खेती-मज़दूरी ही नहीं, बल्कि हर तरह के पैदावार-उत्पादन, काम-कारोबार और रोज़गार के खिलाफ है। अब भाजपा के वो संगी-साथी कहां भूमिगत हो गये हैं, जो स्वदेशी का नारा लगाते थे। आत्मनिर्भरता की जगह भाजपाइयों को 'परनिर्भरता' का नारा अपना लेना चाहिए। सपा प्रमुख ने गुरुवार को कहा कि भाजपा सरकार ने देश का बाजार विदेशियों को सौंप दिया है। इससे खेती किसानी और किसानों का बड़े पैमाने पर नुकसान होगा।


## छूटे तीन करोड़ बच्चों को आज खिलाई जाएगी दवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का मॉपअप राउंड आज

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर प्रदेश में 6.7 करोड़ बच्चों ने पेट के कीड़ों से बचाव की दवा एल्बेंडाजाल खाई। छूट गए बच्चों के लिए शुक्रवार को मापअप राउंड चलाया जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट में कीड़े रहने से बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। इसलिए बचे सभी 1 से 19 साल आयु के बच्चे शुक्रवार को दवा का सेवन जरूर करें।

एसजीपीजीआई की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ पियाली भट्टाचार्य के अनुसार बच्चों के पेट में कीड़े होने पर वे आंतों में खून चूसते हैं। एल्बेंडाजाल सीधे कीड़े को मारने का काम करती है। दवा खाने के बाद पेट में मौजूद कीड़े मचलते हैं। इससे उल्टी, पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। इसलिए इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इन दुष्प्रभावों को घर पर रहकर की ठीक किया जा सकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सतीश कुमार गौतम ने गुरुवार को बताया कि एल्बेंडाजाल सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से खिलाई जाएगी।



प्रेम का उपहार दिया नहीं जा सकता, यह स्वीकार किए जाने की प्रतीक्षा करता है।
–रवींद्रनाथ टैगोर, साहित्यकार

## महत्वाकांक्षी बजट

उत्तर प्रदेश सरकार का तकरीबन सवा नौ लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट संकेत देता है कि सरकार राज्य को 'ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' के लक्ष्य पर अग्रसर है। बजट में बुनियादी ढांचे, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक निवेश पर विशेष जोर है। एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और औद्योगिक पार्क जैसी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रावधान प्रशंसनीय हैं। इससे निवेश आकर्षित होगा और दीर्घकाल में रोजगार सृजन की संभावना बढ़ेगी। पूर्वांचल और बुंदेलखंड जैसे अपेक्षाकृत पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष योजनाएं क्षेत्रीय असमानता कम करेंगी।

सरकार ने कौशल विकास, स्टार्टअप और स्वरोजगार योजनाओं के लिए बजट बढ़ाया है, हालांकि प्रत्यक्ष सरकारी नौकरियों की बड़ी घोषणाएं सीमित हैं। रोजगार सृजन का भरोसा मुख्यतः निजी निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार पर आधारित है। चुनावी वर्ष की आहट को देखते हुए युवाओं के लिए लक्ष्य आधारित कार्यक्रम स्वागत योग्य हैं, लेकिन उनकी ठोस समय सीमा और निगरानी तंत्र भी स्पष्ट होना चाहिए। सरकारी स्कूलों के आधुनिकीकरण, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने और डिजिटल शिक्षा पर खर्च बढ़ाने से मानव संसाधन विकास को बल मिलेगा। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी पार्क और अनुसंधान केंद्रों के लिए प्रावधान यह संकेत देते हैं कि राज्य तकनीक आधारित विकास मॉडल अपनाना चाहता है। शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन या स्थायीकरण संबंधी कोई स्पष्ट राहत न मिलना असंतोष का कारण बन सकता है। यह वर्ग लंबे समय से नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की मांग कर रहा है। कृषि बजट में सिंचाई, कृषि यंत्रीकरण, फसल बीमा और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की घोषणाओं से उत्पादकता और लागत संतुलन में मदद मिल सकती है, किसानों को तकनीक आधारित सेवाओं और कृषि स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिलना दीर्घकालीन सुधार का संकेत है, पर एमएसपी, गन्ना भुगतान या कृषि ऋण राहत जैसे मुद्दों पर कोई बड़ा और नया एलान भी अपेक्षित था। विधवा, वृद्ध और दिव्यांग पेंशन योजनाएं जारी हैं, परंतु वृद्धावस्था पेंशन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी न होना महंगाई के परिप्रेक्ष्य में निराशाजनक माना जा सकता है। सामाजिक सुरक्षा का दायरा विस्तारित हुआ है, पर राशि में बड़े इजाफे की उम्मीद पूरी नहीं हुई। 8वें वेतनमान की घोषणा न होना यह दर्शाता है कि सरकार वित्तीय अनुशासन बनाए रखना चाहती है। वेतन व्यय पहले ही बजट का बड़ा हिस्सा लेता है, संभव है कि इस पर निर्णय केंद्र के संकेतों के बाद लिया जाए। इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश परियोजनाओं में पिछली घोषणाओं का बड़ा हिस्सा लागू हुआ है, फिर भी कई सामाजिक योजनाओं का पूर्ण क्रियान्वयन अभी मूल्यांकन मांगता है। संभव है कि वर्ष के मध्य में अनुपूरक बजट आए, जिसमें छूटे क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त प्रावधान किए जाएं।

इस बजट में आम नागरिक को बेहतर सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार अवसर के रूप में अप्रत्यक्ष लाभ की उम्मीद है। मध्यम वर्ग को बुनियादी सेवाओं के विस्तार से फायदा होगा, पर तात्कालिक आर्थिक राहत सीमित दिखती है।

### प्रसंगवश

## रेडियो के वो सुहाने दिन बस यादें रह जाती हैं

आज विश्व रेडियो दिवस है। आज से करीब एक सौ बीस साल पहले रेडियो का आविष्कार हुआ था। रेडियो के आविष्कार ने वैश्विक संचार में अभूतपूर्व क्रांति ला दी थी। भारत में आवाज की इस अनोखी दुनिया को एक सौ तीन वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। पिछली करीब एक सदी की शानदार यात्रा में रेडियो, भारत के जन-जन के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। नई संचार तकनीकी के अभ्युदय से पहले रेडियो ने भरोसेमंद जनसंचार के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

तरंगों के द्वारा आवाज को एक स्थान से दूसरे स्थान तक संप्रेषित करने वाले रेडियो नाम के उपकरण को मूर्त रूप लेने में करीब चार दशक लगे। इस कालखंड में अनेक भौतिकविदों एवं अभियंताओं ने रेडियो के क्रमिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार, नैनीताल

1864 में एक अंग्रेज गणितीय भौतिकविद् जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने पहली बार रेडियो तरंगों के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। 1888 में एक जर्मन भौतिकविद हेनरिश हट्र्ज ने रेडियो तरंगों के अस्तित्व को तो स्वीकारा, लेकिन उन्होंने रेडियो तरंगों का दूर संचार में उपयोग की संभावनाओं को नकार दिया था। इसी दरम्यान एक अंग्रेज भौतिकविद् रदरफोर्ड ने तीन चौथाई मील दूरी तक रेडियो संकेत भेजकर हट्र्ज की अवधारणा को गलत सिद्ध कर दिया। 12 दिसंबर,1881 में इटली के विद्युत अभियंता मारकोनी ने एक स्थान से भेजी गई आवाज को सुनने और पुनः अपनी आवाज दूसरे स्थान पहुंचाने में सफ़लता प्राप्त कर ली, लेकिन तब रेडियो का वर्तमान स्वरूप अस्तित्व में नहीं आ पाया था। 1904 में विद्युत अभियंता जॉन एम्ब्रोज फ्लेमिंग और 1906 में अमेरिका के डी. फारेस्टर ने रेडियो के आविष्कार को आगे बढ़ाया।

प्रारंभिक चरण में रेडियो का सबसे अधिक उपयोग समुद्री जहाजों द्वारा किया गया। समुद्री जहाज खतरे या दुर्घटना की स्थिति में एक-दूसरे जहाज या तट से सहायता प्राप्त करने के लिए रेडियो का उपयोग करते थे। 25 दिसंबर, 1906 की रात को अचानक जहाजियों ने तारयंत्र से पहले एक पुरूष की आवाज सुनी फिर उन्हें एक महिला का गीत और वायलन की धुन सुनाई दी, इसी के साथ रेडियो को अपना अस्तित्व मिल गया।

शुरुआती दौर में इंग्लैंड में रेडियो को वायरलेस कहा जाता था। अमेरिका में इसे रेडियो टेलीग्राफ कहते थे। बाद में अमेरिकी लोगों ने इसमें से टेलीग्राफ शब्द को छोड़कर सिर्फ रेडियो कहना शुरू कर दिया। 1920 मे वेस्टिंग हाउस कंपनी के एक इंजीनियर ने अमरीकी सरकार से रेडियो प्रसारण का लाइसेंस प्राप्त कर पिट्सबर्ग में दुनिया का पहला रेडियो प्रसारण केंद्र स्थापित किया। डॉ. फ्रैंक कॉनराड ने रेडियो में सांध्य कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रारंभ की। 23 फरवरी, 1920 को मारकोनी कंपनी ने चेम्सफोर्ड से रेडियो प्रसारण शुरू किया था। नवंबर,1922 में जॉन रीथ के निर्देशन में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी की स्थापना हुई। इसके साथ ही इंग्लैंड में रेडियो का नियमित प्रसारण शुरू हो गया।

1923 में रेडियो क्लब, मुंबई ने भारत में रेडियो का पहला प्रसारण शुरू किया। इसी वर्ष कोलकाता समेत अन्य महानगरों में भी रेडियो प्रसारण शुरू हुए। इसके बाद भारत में इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी का गठन हुआ। कंपनी ने 23 जुलाई, 1927 को मुंबई से रेडियो प्रसारण प्रारंभ कर दिया। 1936 में दिल्ली में रेडियो के केंद्रीय स्टेशन की स्थापना हुई। इसी वर्ष इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग कॉपरेशन वजूद में आई। 1936 में इसका नाम ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया था। 1957 में आकाशवाणी।

# लोकसभा अध्यक्ष पर अविश्वास प्रस्ताव व विपक्ष की राजनीति





विवेक सक्सेना
अयोध्या

वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्षी सांसदों द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव केंद्र सरकार के लिए न सही, पर देश की राजनीति के लिए भी चिंताजनक है। तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर इंडिया गठबंधन के करीब 120 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर वाले इस प्रस्ताव पर नौ मार्च को चर्चा होने की संभावना है। संविधान के अनुच्छेद 94C के तहत अविश्वास प्रस्ताव का यह नोटिस 10 फरवरी को सौंपा गया था। विपक्षी दलों ने बिरला पर सदन में पक्षपात का आरोप लगाते हुए यह प्रस्ताव पेश किया है। विपक्ष ने अध्यक्ष पर लोकसभा में कुछ अप्रत्याशित कार्रवाई करने की बात करते हुए कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ झूठे दावे करने का भी आरोप लगाया है।

तृणमूल ने बिरला को दो दिनों की मोहलत देने की पैरोकारी करते हुए हस्ताक्षर से परहेज किया। राहुल गांधी के भी हस्ताक्षर नहीं हैं, हालांकि इस संदर्भ में तर्क दिया गया कि लोकसभा में नेता विपक्ष का संवैधानिक पद है और इसलिए संसदीय गरिमा-मर्यादा का ध्यान रखते हुए स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। सपा के कई सांसदों के तो हस्ताक्षर हैं, जिसमें डिंपल यादव भी शामिल हैं, लेकिन अखिलेश यादव ने हस्ताक्षर से परहेज किया है। स्पीकर बिरला ने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव नोटिस को आगे की प्रक्रिया के लिए लोकसभा सचिवालय को भेज दिया है। इस बीच बिरला ने फैसला किया है कि महाभियोग प्रस्ताव की प्रक्रिया खत्म होने तक सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेंगे। विपक्षी दलों के इस नोटिस के साथ ही लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को धन्यवाद प्रस्ताव पर नहीं बोलने देने के विवाद ने सियासी संग्राम का नया रूख अख्तियार कर लिया है।

लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्षी सांसदों द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव देश की राजनीति के लिए चिंताजनक है। करीब 120 सांसदों के हस्ताक्षर वाले प्रस्ताव पर नौ मार्च को चर्चा की संभावना है।

भारत में गठबंधन राजनीति की प्रकृति को देखते हुए, स्वतंत्रता के बाद से समय-समय पर अविश्वास प्रस्ताव आते रहे हैं। अविश्वास प्रस्ताव एक राजनीतिक संकट का संकेत होता है, हालांकि ये प्रस्ताव राजनीतिक चर्चा को जटिल बनाते हैं और विपक्ष को अपनी असहमति दर्ज कराने का अवसर प्रदान करते हैं, लेकिन क्या ये प्रस्ताव संकट के समाधान में सहायक होते हैं? जवाहरलाल नेहरू को अविश्वास प्रस्ताव का सामना 1963 में करना पड़ा, जो 1962 के भारत-चीन संघर्ष के बाद की स्थिति थी। इंदिरा गांधी के खिलाफ 1973 में अविश्वास प्रस्ताव पेश हुआ था। इंदिरा गांधी को 1966 से 1977 के बीच अपने कार्यकाल में 12 अविश्वास प्रस्तावों का सामना करना पड़ा। राजनीति के आरोपों से घिरे मोरारजी देसाई के खिलाफ 1979 में संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।

तीन साल के अंतराल के बाद जब इंदिरा गांधी 1980 में सत्ता में लौटीं, तो उन्हें तीन और अविश्वास प्रस्तावों का सामना करना पड़ा। 1993 में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को दिसंबर 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा, हालांकि राव मामूली अंतर से चुनाव जीतने में कामयाब रहे। 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में आई, तो उन्हें लोकसभा का विश्वास खोने के कारण 13 दिनों के भीतर ही इस्तीफा देना पड़ा। वाजपेयी को अगस्त 2003 में जॉर्ज फर्नांडीस को रक्षा मंत्री नियुक्त करने के लिए एक और अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा।

लोकसभा में दो फरवरी से ही व्यवधान देखा जा रहा है, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अध्यक्ष द्वारा पूर्व सेवा प्रमुख एमएम नरवाने की किताब के अंश पर आधारित एक लेख को पढ़ने की अनुमति नहीं दी गई थी, जिसमें भारत-चीन संघर्ष का जिक्र था। चार फरवरी को विपक्ष के हंगामे के कारण प्रधानमंत्री मोदी धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब नहीं दे सके और प्रधानमंत्री के भाषण के बिना ही पांच फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया गया। ये अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया जा रहा है कि उन्होंने राहुल गांधी को सदन में बोलने का अवसर नहीं दिया।

वैसे तो विपक्षी सांसदों की शिकायतों पर सत्ता पक्ष के नेता अपना जवाब देते रहे हैं, पर अब उन्हें ज्यादा गंभीरता से इस प्रस्ताव का सामना करना पड़ेगा। अब सत्ता पक्ष या लोकसभा सचिवालय को भी आंकड़ों के आधार पर बताना होगा कि संसद सत्र में विपक्षी दलों के सांसदों को कितना वक्त बोलने के लिए दिया गया है? विपक्षी दलों के सदस्यों को क्या बोलने से रोका गया है? सत्ता पक्ष की खामियों को उठाना विपक्षी सांसदों का काम है, पर इसको दर्ज कराते समय उससे जुड़े प्रामाणिक तथ्य रखना भी उनकी जिम्मेदारी है, हालांकि संविधान का अनुच्छेद 96 अध्यक्ष को सदन में अपना बचाव करने का अवसर देता है। सदन में अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव पेश किए जाने पर अध्यक्ष अपना मत डाल सकते हैं, लेकिन बराबर होने की स्थिति में मत नहीं डाल सकते।

संख्या बल में सरकार आगे है और ओम बिरला के पद पर किसी तरह का खतरा फिलहाल नहीं है, लेकिन इसकी वजह से संसद में कड़वाहट और टकराव कहीं अधिक तीखा होगा। इसका असर संसद की कार्यवाही पर भी पड़ सकता है, फिलहाल कहना कठिन है कि इस अविश्वास प्रस्ताव का क्या हश्र होगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले विपक्ष ने राज्यसभा के तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की थी। संख्या बल धनखड़ के पक्ष में था, लेकिन अंततः वह इतने कमजोर हो गए कि इस्तीफा देना पड़ा।

धनखड़ की तुलना में ओम बिरला को सदन चलाने का ज्यादा अनुभव है। देश में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बलराम जाखड़ सर्वाधिक नौ वर्ष से ज्यादा समय तक पद पर रहे और उनके बाद ओम बिरला का ही स्थान है। पूर्व में तीन लोकसभा अध्यक्षों जीवी मावलंकर, हुकुम सिंह और बलराम जाखड़ के खिलाफ विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाया जा चुका है, मगर तीनों ही बार यह खारिज हो गया था। दुर्भाग्य है कि आज की राजनीति में यह निरंतर घट रहा है।

### आमने सामने



जब 'आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना' के तहत जनता को हर तरह का मुफ्त इलाज मिल रहा है, तो इस कानून की अलग से कोई जरूरत ही नहीं है। पिछली कांग्रेस सरकार चुनावी फायदे के लिए आचार संहिता से ठीक पहले राइट टु हेल्थ बिल लाई थी।

–गजेंद्र सिंह खींवसर
स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान

विधानसभा में चिकित्सा मंत्री का 'राइट टू हेल्थ' पर बयान निंदनीय है। हमारी सरकार ने यूनिवर्सल हेल्थकेयर योजनाएं जैसे चिरंजीवी योजना एवं निरोगी राजस्थान योजना लागू होने के बावजूद राइट टू हेल्थ की परिकल्पना की, ताकि आपातकालीन स्थिति में मरीज इलाज से वंचित न रहे।

–अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# धमकी से लेकर घुटने टेकने तक पाक का ड्रामा



विवेक शुक्ला
पूर्व सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

पाकिस्तान बीते कई दिनों से कह रहा था कि उसकी टीम भारत के खिलाफ आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप का आगामी 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले मैच का बहिष्कार करेगी। फिर उसने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट संघ (आईसीसी) के दबाव के आगे घुटने टेक दिए। अब उसने कहा है कि वह भारत के खिलाफ मैच खेलेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और उससे जुड़े हलकों ने इस मामले पर जिस तरह से शर्तों और दबाव की भाषा अपनाई है, वह न सिर्फ खेल की मर्यादा के खिलाफ है, बल्कि अंततः उसकी विश्वसनीयता को भी कमजोर करती है। आईसीसी द्वारा पाकिस्तान की किसी भी शर्त को न मानना इस बात का संकेत है कि अंतर्राष्ट्रीय खेल संस्थाएं अब बंदर भभकी और राजनीतिक दबाव की रणनीति से प्रभावित नहीं होने वालीं।

पाकिस्तान लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 'विशेष रियायत' की अपेक्षा करता रहा है। कभी सुरक्षा का हवाला, कभी मेज़बानी के अधिकार, तो कभी बहिष्कार की धमकी। इस बार भी कहानी कुछ अलग नहीं थी। भारत के साथ मुकाबले को लेकर पाकिस्तान ने परोक्ष रूप से यह संदेश देने की कोशिश की कि अगर उसकी शर्तें नहीं मानी गईं, तो वह टूर्नामेंट या मैच से हट सकता है, लेकिन यह धमकी पहले से ही खोखली थी। वैश्विक क्रिकेट को पता है कि भारत–पाक मुकाबला आर्थिक, दर्शक संख्या और प्रसारण तीनों दृष्टि से टूर्नामेंट की रीढ़ होता है और इससे पीछे हटना पाकिस्तान के लिए आत्मघाती कदम होता।

पाकिस्तान कह रहा था कि उसकी टीम भारत के खिलाफ टी–20 वर्ल्ड कप के मैच का बहिष्कार करेगी। अब उसने आईसीसी के आगे घुटने टेक दिए हैं।

आईसीसी का रुख इस बार स्पष्ट और स्वागतयोग्य रहा। उसने न तो अतिरिक्त शर्तों को स्वीकार किया और न ही किसी तरह का दबाव झेला। यह संदेश साफ है, क्रिकेट अंतर्राष्ट्रीय नियमों और तय ढांचे के अनुसार चलेगा, न कि किसी एक देश की अस्थिर राजनीति या घरेलू दबावों के हिसाब से। कोलंबो जैसे तटस्थ स्थल पर मैच कराने का निर्णय पहले से निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुरूप था और इसमें किसी तरह का पक्षपात नहीं था। इसके बावजूद पाकिस्तान का शोर-शराबा यह दर्शाता रहा कि वहां खेल प्रशासन अभी भी भावनात्मक प्रतिक्रिया और तात्कालिक राजनीति से बाहर नहीं निकल पाया है।

ऐसी बयानबाजी से न तो सम्मान मिलता है और न ही सहानुभूति। उल्टा, यह अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश की गंभीरता पर सवाल खड़े करती है। खेल कूटनीति में दृढ़ता का मतलब यह नहीं कि हर बात पर अल्टीमेटम दिया जाए; दृढ़ता का अर्थ है नियमों के भीतर रहकर अपने हितों की रक्षा करना। भारत ने पूरे घटनाक्रम में अपेक्षाकृत संयम दिखाया। न उकसावे का जवाब दिया, न सार्वजनिक बयानबाजी में उलझा। यह परिपक्वता इस बात को रेखांकित करती है कि मजबूत पक्ष अक्सर शोर नहीं करता, वह व्यवस्था पर भरोसा करता है। आईसीसी का फैसला उसी भरोसे की पुष्टि है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट अब किसी एक बोर्ड की धमकियों से नहीं चलती, बल्कि सामूहिक नियमों और पारदर्शिता से संचालित होती है।

पाकिस्तान को आत्ममंथन की जरूरत है। क्या बार-बार विवाद खड़ा कर वह सचमुच अपने खिलाड़ियों और प्रशंसकों का भला कर रहा है? क्या हर बड़े मंच पर नकारात्मक सुर्खियां बटोरना, उसकी क्रिकेट विरासत के अनुरूप है? खेल का मैदान प्रतिस्पर्धा के लिए होता है, बयानबाजी और धमकियों के लिए नहीं। अगर पाकिस्तान वास्तव में सम्मान और स्थिरता चाहता है, तो उसे अपनी रणनीति बदलनी होगी। धमकी की जगह प्रदर्शन और राजनीति की जगह खेल भावना को प्राथमिकता देनी होगी।


कोलंबो में होने वाला यह मैच खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का अवसर है। दर्शक क्रिकेट देखना चाहते हैं। आईसीसी ने सही संदेश दिया है कि नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी बोर्ड उनसे ऊपर नहीं। उम्मीद यही है कि पाकिस्तान इस अनुभव से सबक लेगा और भविष्य में ऐसी बंदर भभकी से परहेज करेगा। आखिरकार, क्रिकेट की जीत इसी में है कि खेल खेला जाए, धमकियां नहीं।

सबसे दुखद बात यह है कि इस पूरे प्रकरण में नुकसान पाकिस्तान के खिलाड़ियों और आम क्रिकेट प्रशंसकों का हुआ। उन्हें एक बार फिर अपने बोर्ड की नाकामी और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का खामियाज़ा भुगतना पड़ा। क्रिकेटरों को मैदान पर अपनी मेहनत से पहचान बनानी चाहिए, न कि बोर्ड की बयानबाज़ी से। अगर पाकिस्तान वास्तव में क्रिकेट का भला चाहता है, तो उसे मेच्योर होना होगा। धमकियों से न सम्मान मिलता है, न सहानुभूति। सम्मान मिलता है प्रदर्शन से, अनुशासन से और नियमों के पालन से। बार-बार पीड़ित बनने की कोशिश करना अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर काम नहीं आने वाला। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की हालत उस बच्चे जैसी हो चुकी है जो हर बात पर ज़मीन पर लोटता है, लेकिन जब मां ध्यान नहीं देती तो खुद ही चुप हो जाता है।

### सोशल फोरम

## कहानी रोम के राजा की

न्यूमा पोंपिलियस जब राजा बना, तो रोम के लोग हैरान थे। यह कैसा राजा था, जो तलवार नहीं उठाता? रोमुलस के जमाने में हर विवाद का फैसला खून से होता था, लेकिन न्यूमा के राज में हर फैसले के लिए 'बातचीत' और 'धर्म' का सहारा लिया जाने लगा। न्यूमा ने सबसे पहले रोम के लोगों को एक नई दिशा दी। उसने कहा, 'हम सिर्फ लड़ने के लिए पैदा नहीं हुए हैं। हमें देवताओं को खुश रखना होगा।' उसने रोम में धर्म की नींव रखी। उसने पुजारियों का एक समूह बनाया जिसे 'पोंटिफेक्स' (Pontifex) कहा जाता था। इनका काम था देवताओं और इंसानों के बीच पुल का काम करना। आज भी 'पोंटिफ' शब्द का इस्तेमाल कैथोलिक चर्च के प्रमुख (पोप) के लिए किया जाता है, जिसकी जड़ें यहीं से जुड़ी हैं।



कलम रंगदार
ब्लॉगर

न्यूमा ने रोम के लिए एक और खास चीज बनाई- 'वेस्टल वर्जिन्स' (Vestal Virgins)। ये कुंआरी लड़कियां थीं, जो देवी 'वेस्टा' (Vesta) के मंदिर में पवित्र आग की रक्षा करती थीं। रोमनों का मानना था कि जब तक यह आग जलती रहेगी, रोम सुरक्षित रहेगा। अगर आग बुझ गई, तो रोम का विनाश तय है। इन लड़कियों को समाज में बहुत ऊंचा दर्जा मिलता था, लेकिन उनकी जिंदगी बहुत सख्त नियमों से बंधी थी। अगर उनसे कोई गलती हो जाती, तो सजा मौत से भी बदतर होती थी। उन्हें जिंदा दफना दिया जाता था, लेकिन न्यूमा का सबसे बड़ा योगदान कुछ और था। उस समय रोम का कैलेंडर बहुत अजीब था। साल में सिर्फ 10 महीने होते थे और सर्दियां कैलेंडर से गायब थीं। खेती-बाड़ी का कोई हिसाब नहीं था। न्यूमा ने देखा कि यह व्यवस्था ठीक नहीं है। उसने चांद की चाल को देखा और हिसाब लगाया। उसने साल में दो नए महीने जोड़े- 'जेनुअरियस' (Januarius) और 'फेब्रूअरियस' (Februarius)। जी हां, जनवरी और फरवरी।

जेनुअरियस, जो 'जेनस' देवता के नाम पर था- दो चेहरों वाले देवता, जो एक साथ पीछे (अतीत) और आगे (भविष्य) देख सकते थे और फेब्रूअरियस, जो शुद्धिकरण का महीना था। न्यूमा ने साल को 355 दिनों का बना दिया (जो बाद में और सुधरा)। उसने दिनों को 'फास्टि' (Fasti-काम करने के दिन) और 'नेफास्टि' (Nefasti-छुट्टी/धार्मिक दिन) में बांटा। आज हम जो छुट्टी मनाते हैं, उसकी शुरुआत कहीं न कहीं न्यूमा की इसी सोच से हुई थी। न्यूमा ने रोम की सीमाओं को भी बदला, लेकिन युद्ध से नहीं। उसने खेतों की सीमाओं पर 'टर्मिनस' देवता की मूर्तियां लगवा दीं।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## बेवजह के विवादों से प्रचार पातीं फिल्में

फिल्मों को एक सुनियोजित रणनीति के तहत विवादों में परोसना और फिर उस पर वितंडा खड़ा करके प्रचार पाना, अब कोई नयी बात नहीं रह गई है। दरअसल फिल्मकारों ने आस्था, भावना और मूल्यों के खिलाफ फिल्में बनाकर बेशुमार धन इकठ्ठा करने का एक चलन बना लिया है। भले ही इससे किसी जाति, धर्म आस्था और भावना को चोट क्यों न पहुंचती हो। ऐसी ही एक फिल्म 'घूसखोर पंडत' भी रुपहले पर्दे पर आने को तैयार है, जिसके टाइटल को लेकर वितंडा उठ खड़ा हुआ है। देश के विभिन्न हिस्सों में इस फिल्म के टाइटल को लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी है।

खुद फिल्म निर्माता संघ (एफएमसी) ने इस फिल्म को लेकर निर्माता नीरज पांडेय को नोटिस जारी किया है और कहा है कि फिल्म निर्माता ने नियमों के अनुसार शीर्षक के लिए अनिवार्य अनुमति प्राप्त नहीं की है। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि फिल्म निर्माता ने जानबूझकर फिल्म को विवादों की परिधि में लाकर प्रचार पाने के लिए यह सारा उपक्रम किया था। अब जब विवाद चरम पर पहुंच गया है और फिल्म भी खूब प्रचार पा ली है, तो फिल्म निर्माता नीरज पांडेय और अभिनेता मनोज वाजपेई द्वारा सफाई दी जा रही है कि उनका मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। वे अब विवादित प्रचार सामग्री को हटाने की भी दुहाई दे रहे हैं। सच तो यह है कि फिल्म निर्माता ने अपनी फिल्म को विवादों के जरिए जितना प्रचार पाना चाहा था, उतना पा लिया। उनका मकसद पूरा हुआ। अब सवाल यह है कि क्या ऐसे फिल्म निर्माताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी, जो धन कमाने के निमित्त इस किस्म का घिनौने हथकंडा अपनाते हैं। कहना मुश्किल है, इसलिए कि इस तरह के हथकंडे बार-बार अपनाए जा रहे हैं।



अरविंद जयतिलक
लेखक

अभी गत वर्ष पहले अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म 'उड़ता पंजाब' विवादों के केंद्र में रहा। इस फिल्म का कथानक पंजाब में नशाखोरी के इर्द-गिर्द गढ़ा-बुना गया था। इसके कुछ दृश्यों और डॉयलाग को लेकर बवाल मचा। बेशक एक फिल्मकार को अधिकार है कि वह फिल्मों का निर्माण करे, लेकिन उसका उत्तरदायित्व भी है कि वह धर्म, संस्कृति और इतिहास को पढ़े-समझे और उसकी वास्तविकताओं एवं भावनाओं का ख्याल रखकर फिल्मों का निर्माण करे। उसे ध्यान रखना चाहिए कि फिल्मों के जरिए समाज के नैसर्गिक स्वभाव और आस्था पर बुरा असर न पड़े।

फिल्मकारों ने यह धारणा पाल रखी है कि फिल्मों पर जितना अधिक बवाल होगा उनकी कमाई में उतना ही इजाफा होगा। बेशक एक स्वस्थ लोकतांत्रिक समाज में कहने-सुनने, लिखने-पढ़ने और दिखने-दिखाने की आजादी होनी चाहिए। विशेष रूप से कला के क्षेत्र में तो और भी अधिक, क्योंकि समाज में जो कुछ भी घटित होता है, उसे कला के जरिए पर्दे पर उकेरा जाता है, लेकिन कला और अभिव्यक्ति की आड़ लेकर अरबों कमाने की लालच में धर्म और आस्था पर प्रहार कहां तक उचित है?

एक वक्त था जब फिल्मों का कथानक समाज और राष्ट्र के जीवन में चेतना का संचार करता था। युवाओं को प्रेरणा देता था। आजादी की लड़ाई को धार देने से लेकर समाज के गुणसूत्र को बदलने-रचने में फिल्मों की अहम भूमिका रही है। आज भी कुछ फिल्में सामाजिक व राष्ट्रीय सरोकारों को उकेरती दिख जाती हैं, लेकिन अधिकांश फिल्में वास्तविकताओं से दूर अतिरंजित और फूहड़पन से लैस होती हैं। अगर किसी फिल्म के शीर्षक, कथानक या डॉयलाग से समाज का कोई वर्ग आहत होता है, तो सेंसर बोर्ड की जिम्मेदारी है कि वह इसे पास न करे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# यूरेका

## खोज

# ऐसे हुआ मोबाइल का आविष्कार




1970 के दशक में अमेरिका की प्रतिष्ठित शोध संस्था बेल लैब्स में एक ऐसी अवधारणा पर प्रयोग शुरू हुए, जिसने भविष्य की संचार दुनिया की दिशा ही बदल दी। शोधकर्ताओं का विचार था कि पूरे देश को षट्भुजाकार (हेक्सागोनल) सेल के एक विशाल नेटवर्क से ढक दिया जाए। प्रत्येक सेल में एक बेस स्टेशन होगा, जो रेडियो आवृत्तियों के माध्यम से मोबाइल फोन से संदेश भेजेगा और प्राप्त करेगा। तकनीकी चतुराई यह थी कि दो आसन्न सेल अलग-अलग आवृत्तियों पर काम करें, ताकि सिग्नल हस्तक्षेप की समस्या न आए।

ये बेस स्टेशन रेडियो सिग्नलों को मुख्य दूरसंचार नेटवर्क से जोड़ते थे और जैसे ही कोई उपयोगकर्ता एक सेल से दूसरे सेल में प्रवेश करता, उसका फोन स्वत: ही फ्रीक्वेंसी बदल लेता। इस निर्बाध हैंडऑफ की कल्पना उस समय क्रांतिकारी थी। 1970 के दशक के अंत तक बेल लैब्स का एडवांस्ड मोबाइल फोन सिस्टम (एएमपीएस) छोटे पैमाने पर सफलतापूर्वक चालू हो चुका था, जिसने व्यावहारिक सेलुलर नेटवर्क का रास्ता खोल दिया। इसी दौर में मोटोरोला में कार्यरत इंजीनियर मार्टिन कूपर एक अलग ही सपने को साकार करने में जुटे थे। वे टीवी सीरीज स्टार ट्रेक के कम्युनिकेटर से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने एक ऐसा पोर्टेबल फोन बनाने का लक्ष्य तय कर लिया, जिसे हाथ में लेकर कहीं भी बात की जा सके। कूपर की टीम ने पहला हैंडहेल्ड मोबाइल फोन विकसित किया, जो बेल के एएमपीएस नेटवर्क से कनेक्ट हो सकता था।

1984 में मोटोरोला ने इस सपने को 'डायनाटैक' के रूप में बाजार में उतारा। एक किलोग्राम से अधिक वजन वाले इस फोन को प्यार से 'द ब्रिक' कहा गया। कीमत आज के हिसाब से लगभग 10,000 डॉलर थी, इसलिए यह आम लोगों की पहुंच से बाहर रहा, लेकिन अमीर फाइनेंसरों और उद्यमियों के बीच यह जल्द ही स्टेटस सिंबल बन गया। 1987 की फिल्म वॉल स्ट्रीट ने डायनाटैक को धन और लालच के प्रतीक के रूप में अमर कर दिया, जब माइकल डगलस द्वारा निभाया गया गॉर्डन गेको समुद्र तट पर टहलते हुए इसी फोन पर बात करता नजर आया। यहीं से मोबाइल फोन सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि आधुनिक शक्ति और महत्वाकांक्षा का प्रतीक भी बन गया।

### वैज्ञानिक के बारे में



मार्टिन कूपर को भले ही दुनिया मोबाइल फोन के जनक के रूप में जानती हो, लेकिन उनकी निजी जिंदगी उतनी ही संतुलित, प्रेरक और मानवीय रही है। उनका जन्म 26 दिसंबर 1928 को अमेरिका के शिकागो शहर में हुआ। एक यहूदी प्रवासी परिवार में पले-बढ़े कूपर ने बचपन से ही पढ़ाई और तकनीक में गहरी रुचि दिखाई। उनकी निजी जिंदगी में सबसे अहम भूमिका उनकी पत्नी आर्लीन हैरिस की रही। आर्लीन स्वयं भी एक प्रतिष्ठित इंजीनियर और उद्यमी हैं और उन्हें वायरलेस टेलीफोन सिस्टम के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। मार्टिन कूपर का निजी जीवन दिखावे से दूर रहा। वे कभी भी केवल प्रसिद्धि या धन के पीछे नहीं भागे। उनका मानना था कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य को स्वतंत्र बनाना है, न कि उसे मशीनों पर निर्भर करना। यही सोच उनकी जीवनशैली में भी झलकती है, सादा जीवन, गहरी सोच और भविष्य को लेकर आशावादी दृष्टिकोण।



# अंतरिक्ष में वायरस और बैक्टीरिया की जंग

एक नए अध्ययन में पाया गया कि पृथ्वी पर रहने वाले बैक्टीरिया-संक्रमित करने वाले वायरस अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की लगभग वजन-रहित 'माइक्रोग्रैविटी' स्थिति में भी अपने ई. कोलाई होस्ट को संक्रमित करने में सफल रहे, लेकिन वायरस-बैक्टीरिया की आपसी लड़ाई पृथ्वी से काफी अलग थी। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन के फिलहस और उनके साथियों के नतीजे बीती 13 जनवरी, 2026 को ओपन-एक्सेस जर्नल 'एलओएस बायोलॉजी' में प्रकाशित हुए। एक प्रयोग के दौरान जब वैज्ञानिकों ने बैक्टीरिया को संक्रमित करने वाले वायरस को अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर भेजा, तो ये सूक्ष्म जीव पृथ्वी पर जैसा व्यवहार करते हैं, वैसा नहीं किया।




डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

माइक्रोग्रैविटी (कम गुरुत्वाकर्षण) में संक्रमण तो हुआ, लेकिन समय के साथ वायरस और बैक्टीरिया दोनों ही अलग-अलग तरीके से विकसित हुए। जेनेटिक बदलाव आए, जिनसे वायरस बैक्टीरिया से चिपकने का तरीका बदल गया और बैक्टीरिया ने खुद को बचाने के नए हथियार विकसित कर लिए। ये खोज फेज थेरेपी (वायरस से बैक्टीरिया को मारने की तकनीक) को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है, खासकर दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों के खिलाफ।

### नए रहस्य

ये बदलाव पृथ्वी से अलग 'ट्रेजेक्टरी' (राह) पर होते हैं यानी स्पेस माइक्रोबियल इकोसिस्टम को नए तरीके से आकार देता है। उदाहरण के लिए स्पेस के फेज पृथ्वी पर दवा-प्रतिरोधी ई. कोलाई (जो यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन पैदा करते हैं) के खिलाफ ज्यादा प्रभावी साबित हुए। इससे पता चलता है कि माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया-फेज की को-इवोल्यूशन (सह-विकास) को रीशेप करती है, जो सूक्ष्मजीवों के अनुकूलन के बुनियादी सिद्धांतों को चुनौती देती है। यह रिसर्च पहली बार आईएसएस पर फेज-बैक्टीरिया की लंबी अवधि की डायनामिक्स को ट्रैक करती है, जो पहले की जमीन आधारित सिमुलेशंस से आगे जाती है।



### एक पृथ्वी, तो दूसरा अंतरिक्ष में

फेज यानी वो वायरस जो बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं और उनके होस्ट के बीच की लड़ाई सूक्ष्मजीवीय पारिस्थितिकी (माइक्रोबियल इकोसिस्टम) में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसे अक्सर एक 'एवोल्यूशनरी आर्म्स रेस' (विकास की हथियार दौड़) कहा जाता है, जहां बैक्टीरिया वायरस से बचने के लिए डिफेंस सिस्टम बनाते हैं और वायरस उन डिफेंस को तोड़ने के नए तरीके ईजाद करते हैं। पृथ्वी पर इस लड़ाई का अध्ययन हो चुका है, लेकिन माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया की फिजियोलॉजी (शरीर क्रिया) और वायरस-बैक्टीरिया के टकराव की भौतिकी को बदल देती है, जिससे सामान्य इंटरैक्शन बिगड़ जाते हैं, अब पता चला है। फिर भी माइक्रोग्रैविटी में फेज-बैक्टीरिया की डायनॉमिक्स पर बहुत कम अध्ययन हुए हैं। इस कमी को दूर करने के लिए हस और उनके साथियों ने दो सेट बैक्टीरियल ई. कोलाई सैंपल्स लिए, जिनमें टी-7 नाम का फेज संक्रमित किया गया, एक सेट पृथ्वी पर रखा और दूसरा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर।

- **संक्रमण की गति में बदलाव-** शुरुआत में संक्रमण धीमा हुआ, क्योंकि माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया की फिजियोलॉजी (शरीर क्रिया) और फेज-बैक्टीरिया के टकराव की भौतिकी को प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए गुरुत्वाकर्षण की कमी से बैक्टीरिया की कोशिकाएं अलग-अलग तरीके से इकट्ठा होती हैं, जिससे फेज का लगाव (अटैचमेंट) मुश्किल हो जाता है।
- **आनुवंशिक उत्परिवर्तन-** अंतरिक्ष के फेज में ऐसे उत्परिवर्तन यानी म्यूटेशन्स जमा हुए, जो उनकी संक्रमण क्षमता या बैक्टीरियल संग्राहक यानी रिसेप्टर्स से चिपकने की ताकत बढ़ाते हैं। वहीं, बैक्टीरिया ने बचाव और अंतरिक्ष में जीवित रहने के नए आनुवंशिक बदलाव विकसित किए। डीप म्यूटेशनल स्कैनिंग तकनीक से पता चला कि फेज का रिसेप्टर बाइंडिंग प्रोटीन (आरबीपी) स्पेस में अलग तरीके से बदलता है।
- **अंतरिक्ष अन्वेषण में उपयोगिता-** अंतरिक्ष अन्वेषण में सूक्ष्मजीव एक बड़ी चुनौती हैं, क्योंकि वे अंतरिक्ष यान (स्पेसक्राफ्ट) को दूषित कर सकते हैं और क्रू की सेहत को प्रभावित कर सकते हैं। यह रिसर्च इन रहस्यों से कई फायदे दे सकती हैं।
- **क्रू हेल्थ प्रोटेक्शन-** लॉन्ग-टर्म मिशन्स (जैसे मंगल यात्रा) में माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया को ज्यादा विरुलेंट (खतरनाक) बना सकती है, लेकिन फेज उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। अध्ययन दिखाता है कि स्पेस में फेज बैक्टीरिया के साथ अनुकूलित होकर नए बचाव तरीके ईजाद करते हैं, जो स्पेस में माइक्रोबियल कंट्रोल के लिए नए टूल्स दे सकता है।
- **ग्रहीय सुरक्षा-** स्पेस में सूक्ष्मजीवों के अनुकूलन को समझने से हम अन्य ग्रहों (जैसे मंगल) पर पृथ्वी के जीवों को फैलने से रोक सकते हैं। फेज रिसर्च से पता चलता है कि माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया के जीनोम में बदलाव लाती है, जो स्पेसक्राफ्ट स्टरलाइजेशन के नए तरीके सुझा सकती है। भविष्य में यह ज्ञान हमारी ग्रहीय सुरक्षा (प्लैनेटरी प्रोटेक्शन) के काम आएगा।
- **भविष्य के मिशन -** नासा और ईएसए जैसे संगठन अंतरिक्ष में माइक्रोबायोलॉजी को समझने के लिए आईएसएस का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह रिसर्च अर्टेमिस या मंगल मिशन्स में क्रू को बैक्टीरियल संक्रमणों से बचाने के लिए फेज-आधारित थेरेपी विकसित करने में मदद करेगी। कुल मिलाकर, ये रहस्य अंतरिक्ष अन्वेषण को सुरक्षित और टिकाऊ बनाते हैं, क्योंकि सूक्ष्मजीव अंतरिक्ष में अप्रत्याशित तरीके से व्यवहार करते हैं।
- **मानव स्वास्थ्य के लिए उपयोगिता-** पृथ्वी पर, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एक वैश्विक संकट है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2050 तक इससे 10 मिलियन मौतें हो सकती हैं। यह शोध मानव स्वास्थ्य में क्रांति ला सकता है।

### आइए जानते हैं

#### बेहतर फेज थेरेपी

स्पेस में हुए म्यूटेशन्स से फेज को इंजीनियर करके दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया (जैसे एमडीआर ई. कोलाई) के खिलाफ ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है। अध्ययन में पाया गया कि अंतरिक्ष के फेज यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) पैदा करने वाले स्ट्रेन्स को बेहतर तरीके से मारते हैं। इससे फेज थेरेपी को क्लिनिकल स्तर पर मजबूत किया जा सकता है, जो एंटीबायोटिक्स का विकल्प है।



#### नई अंतर्दृष्टि

माइक्रोग्रैविटी बैक्टीरिया की प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) और फेज की इवोल्यूशन को अलग तरीके से प्रभावित करती है, जो पृथ्वी पर संक्रमणों के मॉडल्स को सुधार सकती है।

#### व्यापक प्रभाव

यह रिसर्च जैव चिकित्सा उन्नति को बढ़ावा देगी, जैसे कैंसर थेरेपी या वैक्सीन विकास में फेज का इस्तेमाल। शोधकर्ताओं का कहना है कि अंतरिक्ष-प्रेरित बदलावों से पृथ्वी पर 'फार सुपीरियर एक्टिविटी' वाले फेज बनाए जा सकते हैं। इससे अस्पतालों में सुपरबग्स से लड़ना आसान हो सकता है।

## मरीन लाइफ



# सी पेन: समुद्र की गहराइयों में खड़ी एक जीवित कलम

सी पेन (Sea Pen) एक अत्यंत रोचक और कम चर्चित समुद्री जीव है, जो देखने में जितना साधारण लगता है, व्यवहार में उतना ही अनोखा है। यह जीव आमतौर पर एक ही स्थान पर स्थिर रहता है और बहुत अधिक हिलता-डुलता नहीं है। अपनी संरचना और जैविक बनावट के कारण यह समुद्री एनीमोन्स और कोरल से काफी मिलता-जुलता है। एनीमोन्स वही जीव हैं, जिनका नाम फिल्म फाइंडिंग नीमो में नीमो ठीक से नहीं बोल पाता था। सी पेन का नाम उसके आकार से ही पड़ा है। यह बिल्कुल उस पारंपरिक कलम की तरह दिखता है, जिससे कभी लोग लिखते थे। नीचे एक मोटा आधार और ऊपर पंखनुमा फैलाव। वास्तव में सी पेन कोई एकल जीव नहीं होता, बल्कि यह सैकड़ों-हजारों सूक्ष्म जीवों (पॉलीप्स) की एक कॉलोनी होती है, जो मिलकर एक इकाई के रूप में कार्य करते हैं। इसका निचला हिस्सा समुद्र की नरम मिट्टी में धंसा रहता है, जिससे इसे स्थिरता मिलती है। सी पेन दुनियाभर के उष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण जलक्षेत्रों में पाए जाते हैं। ये आमतौर पर समुद्र की गहराइयों में रहते हैं, जहां रोशनी कम और तापमान स्थिर होता है। हालांकि ये पूरी तरह समुद्र तल से चिपके नहीं रहते। जरूरत पड़ने पर ये अपना स्थान बदल सकते हैं और उन क्षेत्रों में पहुंच जाते हैं, जहां जलधाराएं तेज होती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि तेज धारा के साथ प्लवक, जो इनका मुख्य और पसंदीदा भोजन है। सीधे इनके पास पहुंच जाता है।

सी पेन की एक और खास विशेषता इसकी जैवदीप्ति है। कुछ प्रजातियां खतरे की स्थिति में हल्की रोशनी उत्पन्न करती हैं, जो समुद्र की अंधेरी गहराइयों में किसी जादुई दृश्य जैसा प्रतीत होती है। यह रोशनी शिकारियों को भ्रमित करने या डराने के काम आती है। कुल मिलाकर, सी पेन समुद्री दुनिया का एक शांत-स्थिर, लेकिन बेहद रहस्यमय जीव है, जो यह साबित करता है कि समुद्र की गहराइयों में आज भी प्रकृति के अनगिनत चमत्कार छिपे हुए हैं।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# लेजर, पानी और भौतिकी का जादू

यह सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन लेजर किरण वास्तव में पानी की धारा के भीतर 'फंस' सकती है। यह कोई जादू नहीं, बल्कि भौतिकी की एक प्रसिद्ध और रोचक घटना है, जिसे पूर्ण आंतरिक परावर्तन (Total Internal Reflection) कहा जाता है। यही सिद्धांत आज फाइबर ऑप्टिक्स और हाई-स्पीड इंटरनेट की नींव भी है। इस घटना को समझाने के लिए हार्वर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक सरल, लेकिन प्रभावशाली प्रयोग किया। उन्होंने साफ पानी से भरे एक टैंक के एक सिरे पर लेजर लगाया। टैंक के दूसरे सिरे पर एक छोटा सा छेद बनाया गया, जिससे पानी बाहर निकलकर बाल्टी में गिर रहा था। जब लेजर किरण को बहती हुई पानी की धारा पर डाला गया, तो आश्चर्यजनक रूप से रोशनी पानी के बाहर नहीं फैली, बल्कि धारा के साथ-साथ मुड़ती चली गई।

असल में, पानी और हवा के बीच अपवर्तनांक (Refractive Index) का अंतर इस प्रभाव के लिए जिम्मेदार होता है। पानी में मौजूद भारी कण लेजर की गति को धीमा कर देते हैं। जब लेजर किरण एक विशेष कोण पर पानी और हवा की सीमा से टकराती है, तो वह बाहर निकलने के बजाय बार-बार अंदर ही परावर्तित होती रहती है। इसी कारण लेजर किरण पानी की धारा के भीतर "कैद" हो जाती है। इस प्रयोग के दौरान बहता हुआ पानी लाल रंग के चमकदार झरने जैसा दिखाई देता है, क्योंकि लेजर की लाल रोशनी पूरी धारा में फैल जाती है। खास बात यह है कि जब पानी का प्रवाह धीरे-धीरे कम किया गया, तब भी लेजर किरण धारा के भीतर बनी रही। जैसे ही पानी पूरी तरह बंद हुआ, लेजर किरण भी अचानक गायब हो गई। यह प्रयोग न केवल देखने में बेहद आकर्षक है, बल्कि हमें यह भी समझाता है कि आधुनिक संचार तकनीक, जैसे ऑप्टिकल फाइबर असल में प्रकाश को 'फंसाकर' ही सूचना को एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचाती है।

# महासागरों की रहस्यमयी दुनिया

भूमंडल के 70 प्रतिशत भाग पर जलमंडल और 30 प्रतिशत भाग पर स्थल है। संपूर्ण भूमंडल का क्षेत्रफल 51.6 करोड़ वर्ग किमी है। इसमें 36.17 करोड़ वर्ग किमी पर जल और 14.89 करोड़ वर्ग किमी पर स्थल का विस्तार पाया जाता है। इस प्रकार महासागरों की दुनिया पृथ्वी से काफी बड़ी है। जलमंडल के अंतर्गत महासागर, सागर, खाड़ियां आदि सम्मिलित हैं। महासागरों में इतनी विशाल जलराशि है कि यदि इसे धरातल पर समतल रूप में फैला दिया जाए, तो पूरी पृथ्वी पर 4.8 किमी गहरा सागर लहराने लगेगा। महासागरों की तली धरातल की भांति ऊंची-नीची है। महासागर इतने गहरे हैं कि उसमें हिमालय जैसे अनेक विशाल पर्वत समा सकते हैं। धरती की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट की ऊंचाई 8850 मीटर है, जबकि प्रशांत महासागर के मेरियाना गर्त की गहराई 11776 मीटर है। इस प्रकार महासागरों की दुनिया आज भी मानव के लिए एक अनबूझ पहेली बनी हुई है।



समुद्र केवल जलराशि के ही विशाल स्रोत नहीं, बल्कि यह खनिज सम्पदा, नमक, रत्न, मूंगा, मोती, मछलियां, शंख, घोंघा, सीप के भी विशाल भंडार हैं और मानव के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। यह जैविक संपदा के भी भंडार हैं। हमारे महासागरों और सागरों में मौजूद अपार जल संपदा के कारण ही पृथ्वी को 'वाटर प्लेनैट' भी कहा जाता है। जल के कारण ही पृथ्वी पर जीवन है। समुद्रों की महत्ता को बताने और उसके संरक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समुद्र के जल का बढ़ता तापमान पृथ्वी और मानवता के लिए शुभ संकेत नहीं है।

आज पृथ्वी ही नहीं समुद्र के लिए भी सबसे बड़ा खतरा प्लास्टिक वेस्ट है। प्लास्टिक वेस्ट और समुद्र में हो रहे अंधाधुंध परमाणु विस्फोटों के कारण समुद्र का पानी उबल रहा है। इस वजह से तल में मौजूद समुद्री वनस्पतियां तेजी से खत्म होती जा रही हैं। यू.के. सरकार द्वारा हाल में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली वेबसाइट 'इको वॉच' के अनुसार समुद्र में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से प्रत्येक वर्ष 10 लाख से ज्यादा पक्षी एवं एक लाख से ज्यादा समुद्री जीवों की मौत हो रही है। पानी का तापमान बढ़ने से समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं, जिसके भयानक समुद्री तूफान आने की आशंका बनी हुई है।

वैज्ञानिकों के अनुसार हम सब श्वांस लेने के लिए जिस ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं, उसकी दस फीसदी मात्रा हमें समुद्र से ही प्राप्त होती है। समुद्र में मौजूद सूक्ष्म बैक्टीरिया ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जो पृथ्वी पर मौजूद जीवन के लिए बेहद जरूरी है। वैज्ञानिकों को अध्ययन में पता चला है कि समुद्र में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से ये बैक्टीरिया पनप नहीं पा रहे हैं। इससे समुद्र में ऑक्सीजन की मात्रा भी लगातार घट रही है और पशु-पक्षियों समेत इंसानों के लिए बहुत बड़ा खतरा है।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'वर्ल्ड वाइड फंड' द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट के मुताविक 2030 तक पृथ्वी पर प्लास्टिक प्रदूषण दोगुना हो जाएगा। वैज्ञानिकों के अनुसार समुद्र में 1950 से 2016 के बीच 66 वर्षों में जितना प्लास्टिक जमा हुआ है इतना केवल आगामी 10 सालों में जमा हो जाएगा। इससे महासागरों में प्लास्टिक कचरा 30 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। समुद्र में 2030 तक प्लास्टिक दहन पर कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन तिगुना हो जाएगा, जो हृदय संबंधी बीमारियों को तेजी से बढ़ाएगा। हर साल उत्पादित होने वाले कुल प्लास्टिक में से महज 20 फीसदी ही रिसाइकल हो पाता है। 39 फीसदी जमीन के अंदर दबाकर नष्ट किया जाता है और 15 फीसदी जला दिया जाता है। प्लास्टिक के जलने से उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा 2030 तक तीन गुनी हो जाएगी, जिससे हृदय रोग के मामले में तेजी से वृद्धि होने की आशंका है।

डब्ल्यू डब्ल्यू एफ का लक्ष्य 2030 तक स्ट्रा और पॉलिथीन बैग जैसी सिर्फ एक बार प्रयोग की जा सकने वाली प्लास्टिक की वस्तुओं को इस्तेमाल से हटाने का है। वैज्ञानिकों के अनुसार एक बार यूज होने वाली प्लास्टिक सबसे ज्यादा खतरनाक है। प्लास्टिक कचरे में सबसे ज्यादा मात्रा सिंगल यूज प्लास्टिक की होती है। हर साल तकरीबन 10.4 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा समुद्र में मिल जाता है। 2050 तक समुद्र में मछली से ज्यादा प्लास्टिक के टुकड़े होने का अनुमान है। प्लास्टिक के मलवे से समुद्री जीव बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। कछुओं की दम घुटने से मौत हो रही है और व्हेल इसके जहर का शिकार हो रही है। प्रशांत महासागर में 'दा ग्रेट पैसिफिक गार्बेज बैच' समुद्र में कचरे का सबसे बड़ा ठिकाना है। यहां पर 80 हजार टन से ज्यादा प्लास्टिक जमा हो गया है। इस प्रकार प्लास्टिक वेस्ट समुद्र और समुद्री जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है। समुद्र के जल का तापमान निरंतर बढ़ रहा है, जिससे समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं। समुद्री तूफानों के आने की आशंका बनी रहती है।

समुद्र मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। विश्व के लगभग एक तिहाई लोगों का मुख्य भोजन समुद्री मछलियां हैं। जापान, नार्वे, फिनलैंड, आयरलैंड तथा भारत के समुद्र तटीय प्रदेश अपनी आजीविका के लिए समुद्र तटीय प्रदेश अपनी आजीविका के लिए समुद्र पर ही निर्भर हैं। विश्व का 80 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समुद्री मार्ग से ही होता है। समुद्र, पृथ्वी पर होने वाली वर्षा का स्रोत है। समुद्र के जल से ही वाष्प बनती है, जिससे पृथ्वी पर वर्षा होती है। इस प्रकार समुद्र पृथ्वी पर जीवन का आधार है। समुद्र के जल में बढ़ता प्रदूषण पृथ्वी और मानवता के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा है। प्लास्टिक वेस्ट को समुद्र में जाने से रोककर ही हम समुद्र और पृथ्वी के अस्तित्व को बनाए रख सकते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,674.92 | 25,807.20 |
| गिरावट | 558.72 | 146.65 |
| प्रतिशत में | 0.66 | 0.57 |

सोना 1,60,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,68,500 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार, 13 फरवरी 2026

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2595, राज श्री 1900, फ़ॉर्चून कि. 2410, रविन्द्रा 2510, फॉर्चुन 13 किग्रा 2130, जय जवान 2110, सचिन 2190, सूरज 2110, अवसर 1940, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1960, क्लासिक (किग्रा) 2310, मोर 2305, चक्र टिन 2360, ब्लू 2200, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2550

**किराना :** महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि.) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4200, मसूरी- 1400, बासमती- 8000-9200, परमल- 2400-4000

**दाल दलहन :** काला चना- 2400-3900, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 5000, राजमा- 9400-12400, दाल उड़द- 7200, साबुत मसूर दाल- 4200, मसूर दाल- 1400, उड़द साबुत- 10400, काबुली चना- 7400-10200, अरहर दाल- 10200 -12000, लोबिया/करमानी- 2100-4200

# अधिक आयकर संग्रह मध्य वर्ग के आगे बढ़ने का सबूत : सीतारमण

## उच्च सदन में बोलीं- दस साल में किए आर्थिक सुधारों से मध्य वर्ग का हुआ विस्तार

- **वित्त मंत्र ने वृद्धि में योगदान देने वालों का मजाक उड़ाने का विपक्ष पर लगाया आरोप**

नई दिल्ली, एजेंसी



बजट पर चर्चा का जवाब देतीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि व्यक्तिगत आयकर संग्रह बढ़ने का मतलब यह नहीं है कि देश में मध्य वर्ग को दबाया जा रहा है। उन्होंने 2026-27 के केंद्रीय बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश में मध्य वर्ग को दबाने का कोई सबूत नहीं है, बल्कि उनके आगे बढ़ने के सबूत जरूर हैं। सीतारमण ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना अर्थव्यस्था को मृत बताने वाले उनके बयान को नकारात्मक करार देते हुए कहा कि वह देश की जनता का मजाक उड़ा रहे हैं, जो वास्तव में भारत के वृद्धि में अपना योगदान दे रही है।

विपक्ष ने आरोप लगाया कि मध्य वर्ग, अमीर और गरीब वर्गों के बीच फंसा हुआ है। इस पर सीतारमण ने कहा कि ऐसा इसलिए लगता है क्योंकि व्यक्तिगत आयकर का संग्रह कॉरपोरेट कर से अधिक है। वास्तव में दस साल में किए गए आर्थिक सुधारों से ऐतिहासिक रूप से मध्य वर्ग का विस्तार हुआ है। इसके पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। व्यक्तिगत आयकर का अधिक संग्रह का मतलब यह नहीं है कि मध्य वर्ग को दबाया जा रहा है। आज कर योग्य आय वाले लोगों की संख्या अधिक है। अब संगठित क्षेत्र में अधिक आय दिखाई देती है। अर्थव्यवस्था अब केवल कुछ गिने-चुने वर्ग तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें भागीदारी बढ़ी है। मध्य वर्ग का दायरा बढ़ रहा है। 2013-14 और 2024-25 के बीच, करदाताओं की संख्या, यानी रिटर्न दाखिल करने वाले या टीडीएस कटवाने वालों की संख्या, 5.26 करोड़ से बढ़कर 12.13 करोड़ हो गई है। 11 वर्षों में करदाताओं की संख्या दोगुनी हो गई है। यह संचयी रूप से सालाना 7.9 प्रतिशत की वृद्धि है।

वित्त मंत्री ने कहा कि यह इस देश में मध्य वर्ग का सबसे बड़ा संरचनात्मक विस्तार है। इसलिए, अगर कर का दायरा बढ़ रहा है तो दबाव नहीं हो सकता। लोग कर देने के लिए आगे आ रहे हैं और वे इसलिए आगे नहीं आ रहे हैं क्योंकि हम दरें बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विस्तार के बावजूद, आयकर सीमा सभी के लिए 12 लाख रुपये और वेतनभोगी वर्ग के लिए 12.75 लाख रुपये तक बढ़ायी गई है। अगर 12.75 लाख रुपये कमाने वाले वेतनभोगी वर्ग को कर नहीं देना पड़ता, तो फिर दबाने वाली बात कहां है? दूसरा, मानक कटौती भी बढ़ाई गई है। नई कर व्यवस्था ने कर रिटर्न भरने और जांच-पड़ताल को सरल बना दिया है। जीएसटी सुधारों और दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने से भी घरेलू खर्च कम हुए हैं।

# भारत-अमेरिका समझौता : देश को परिधान उद्योग में बांग्लादेश के बराबर मिलेगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी



- **उद्योग मंत्री गोयल बोले- इसका भारतीय कपास किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा**
- **बांग्लादेश वस्त्रों पर शून्य शुल्क तभी लगेगा जब वे अमेरिकी कपास और कृत्रिम रेशों से बने हों**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत को अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी धागा और कपास से बने परिधान पर वही रियायती शुल्क का लाभ मिलेगा, जो बांग्लादेश को वर्तमान में मिल रहा है। अमेरिका, बांग्लादेश की वस्तुओं पर जवाबी शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा, लेकिन वस्त्रों पर शून्य शुल्क तभी लगेगा जब वे अमेरिकी कपास और कृत्रिम रेशों से बने हों। वर्तमान में बांग्लादेशी परिधानों पर 31% शुल्क लगता है (12% तरजीही राष्ट्र शुल्क और 19% जवाबी शुल्क) और यदि उनमें अमेरिकी रेशों का उपयोग किया जाता है, तो शुल्क घटकर 12% हो जाता है।

गोयल ने कहा, बांग्लादेश को जो मिला है, वही भारत को भी अंतिम समझौते में मिलने वाला है। अगर कोई भारतीय कंपनी अमेरिका से धागा और कपास खरीदकर परिधान बनाती है और उन्हें अमेरिका को निर्यात करती है, तो उन परिधानों को भी बांग्लादेशी कंपनियों की तरह अमेरिका में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। गोयल ने कहा कि यह बात अमेरिका-बांग्लादेश समझौते में लिखी है और हमारे समझौते में भी होगी। इसका भारतीय कपास किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मंत्री ने बताया कि अमेरिका में कपास का उत्पादन सीमित है। उसका निर्यात केवल 50 लाख अमेरिकी डॉलर है, जबकि भारत का लक्ष्य 50 अरब डॉलर है। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक रूपरेखा तैयार कर ली है। इसे मार्च में लागू किए जाने की संभावना है। ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता पूरी तरह से आत्मसमर्पण है, जिसमें भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी गई है और किसानों के हितों से समझौता किया गया है।

### घरेलू चिकित्सा उपकरण उद्योग को रियायती शुल्कों पर मिलेगा व्यापक बाजार

मेडटेक, इनोवेशन और स्टार्टअप कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि भारत के अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों से घरेलू चिकित्सा उपकरण उद्योग को रियायती शुल्कों पर व्यापक बाजार पहुंच प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि कुछ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भारतीय चिकित्सा उपकरणों को शुल्क में छूट भी मिलेगी। मंत्री ने कहा कि हम नौ एफटीए के माध्यम से विकसित बाजारों के लिए द्वार खोल रहे हैं, जिनमें 38 ऐसे देश शामिल हैं जहां की आबादी समृद्ध है और प्रति व्यक्ति आय अधिक है। गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) देश में चिकित्सा उपकरण इकाइयों के लिए 50 से 100 एकड़ भूमि आरक्षित करने पर विचार कर सकता है।

# इंटेल पर 27.38 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी



- **बीएमपी के संबंध में अलग वारंटी नीति पर सीसीआई ने की अमेरिकी कंपनी पर कार्रवाई**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने डेस्कटॉप कंप्यूटर के लिए बॉक्स्ड माइक्रो प्रोसेसर (बीएमपी) के संबंध में भारत के लिए एक अलग वारंटी नीति अपनाने को लेकर अमेरिकी कंपनी इंटेल कॉर्प पर 27.38 करोड़ का जुर्माना लगाया है। इंटेल अमेरिका की प्रमुख बहुराष्ट्रीय सेमीकंडक्टर कंपनी है, जो कंप्यूटर प्रोसेसर और चिप विनिर्माण के लिए जानी जाती है।

आयोग ने गुरुवार को कहा कि इंटेल ने भारत में बीएमपी के बाजार में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग किया है। प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच में पाया गया कि भारत के लिए इंटेल की अलग वारंटी नीति चीन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों में लागू उसकी वारंटी नीतियों की तुलना में भेदभावपूर्ण थी। सीसीआई के अनुसार, अमेरिकी कंपनी की इस नीति ने उपभोक्ताओं और समानांतर आयातकों के विकल्प सीमित करने का काम किया, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। समानांतर आयात का मतलब ऐसे वैध उत्पादों के आयात से है, जो किसी कंपनी के आधिकारिक वितरण चैनल के बाहर से खरीदे जाते हैं।

आयोग ने कहा कि डेस्कटॉप कंप्यूटर के बीएमपी पर वारंटी संबंधी इंटेल की यह नीति आठ वर्षों तक लागू रही। इसको ध्यान में रखते हुए नियामक ने इंटेल के औसत प्रासंगिक कारोबार के आठ 8% के बराबर जुर्माना तय किया। 1 अप्रैल, 2024 से नीति वापस लेने को ध्यान में रखते हुए आयोग ने जुर्माने को घटाकर 27.38 करोड़ रुपये कर दिया।

# डिजिटल भुगतान का प्रसार पहली छमाही में भी रहा जारी

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को कहा कि देश में डिजिटल भुगतान का दायरा बढ़ने का सिलसिला अप्रैल-सितंबर, 2025 के दौरान भी जारी रहा। आरबीआई ने कहा कि उसका डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) सितंबर, 2025 में 516.76 पर पहुंच गया, जो सितंबर, 2024 में 465.33 और मार्च, 2025 में 493.22 पर था।

देशभर में डिजिटल भुगतान के प्रसार और दायरे को मापने वाला यह सूचकांक जनवरी, 2021 से प्रकाशित किया जा रहा है और मार्च, 2018 को आधार वर्ष मानता है। आरबीआई ने कहा कि सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण भुगतान प्रदर्शन और भुगतान सक्षम कारकों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी है।

आरबीआई-डीपीआई पांच प्रमुख मानकों पर आधारित है। इसमें भुगतान सक्षम कारक (25 प्रतिशत भार), मांग पक्ष का भुगतान ढांचा (10 प्रतिशत), आपूर्ति पक्ष का भुगतान ढांचा (15 प्रतिशत), भुगतान प्रदर्शन (45 प्रतिशत) और उपभोक्ता केंद्रीकरण (पांच प्रतिशत) शामिल हैं। इन सभी मानकों के कई उप-मानक और मापनीय संकेतक रखे गए हैं, जिनके आधार पर समय-समय पर डिजिटल भुगतान की प्रगति का आकलन किया जाता है।

### केसीसी का दायरा बढ़ाने को मसौदा संशोधन जारी

**मुंबई।** आरबीआई ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन और एकीकरण के लिए बृहस्पतिवार को मसौदा जारी किया जिसका उद्देश्य कवरेज का विस्तार, परिचालन प्रक्रियाओं का सरलीकरण और कृषि क्षेत्र की उभरती जरूरतों का ध्यान रखना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विनियमित संस्थाएं, आम लोग और अन्य हितधारक छह मार्च, 2026 तक मसौदे पर टिप्पणियां और सुझाव दे सकते हैं। आरबीआई ने केसीसी ऋण की स्वीकृति और पुनर्भुगतान कार्यक्रम में एकरूपता लाने के लिए फसल सत्रों की अवधि को मानकीकृत करने का प्रस्ताव भी रखा है। इसके तहत कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों को 12 माह के चक्र और लंबी अवधि वाली फसलों को 18 माह के चक्र के रूप में परिभाषित किया गया है। लंबी अवधि की फसलों के चक्र के अनुरूप ऋण अवधि तय करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की कुल अवधि छह वर्ष करने का प्रस्ताव रखा गया है।



# बजट : पक्ष-विपक्ष में गतिरोध बरकरार

## सत्ता ने किया अर्थव्यवस्था मजबूत होने का दावा, विपक्ष बोला- कोई उपलब्धि नहीं

- **राज्यसभा में चर्चा के दौरान भाजपा ने कहा- सरकार का केवल विरोध करना है इसलिए बजट की आलोचना नहीं की जानी चाहिए**

नई दिल्ली, एजेंसी



आम आदमी के विकास को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए राज्यसभा में सत्ता पक्ष ने कहा कि भारत का दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना बताता है कि सरकार ने कितना काम किया है। वहीं विपक्ष ने दावा किया कि उपलब्धियों के नाम पर सरकार के खाते में कुछ भी नहीं है।

राज्यसभा में बजट पर हो रहीं चर्चा में भाजपा के मदन राठौर ने कहा कि यह पूर्ण बजट है और इसमें पिछले साल तक हुए सरकार के कामकाज को आगे बढ़ाने के लिए समुचित प्रावधान किए गए हैं। केवल विरोध करना है इसलिए बजट की आलोचना नहीं की जानी चाहिए बल्कि उसके सकारात्मक पक्षों को भी देखना चाहिए। अगर कांग्रेस के कार्यकाल से तुलना की जाए तो यह बजट हर मायने में बेहतर है। कांग्रेस के जीसी चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार का ध्यान विज्ञापनों पर है, वह पुरानी योजनाओं को समाप्त कर रही है और कई का नाम बदल रही है। उपलब्धियों के नाम पर उसके खाते में कुछ भी नहीं है।

भाजपा के शंभुशरण पटेल ने कहा कि यह बजट 140 करोड़ देशवासियों के सपने साकार करने वाला बजट है। मयंक नायक ने कहा कि हर मद में बजट बढ़ाया गया और कोई भी वर्ग उपेक्षा का दावा नहीं कर सकता। भाजपा के केसरीदेव सिंह झाला ने कहा कि प्रदूषण की समस्या के हल को बजट में 20 हजार करोड़ तय करना बेहतर कदम है। भाजपा के अमरपाल मौर्य ने कहा कि यह बजट देश के दीर्घकालिक निर्माण की नींव रखता है। सीमा द्विवेदी ने हर जिले में महिला छात्रावास खोलने की सरकार की घोषणा को सराहनीय बताया। राजीव भट्टाचार्य ने कहा कि शिक्षा के बजट में 14.2 फीसदी की वृद्धि की गई है।


भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार पी ने कहा कि सरकार खुद बताए कि उसने आम आदमी के लिए इस बजट में क्या दिया है। शिवसेना (उबाठा) की प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि बजट से 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग बजट में अपने लिए कुछ सुविधा की उम्मीद लगाए हुए थे लेकिन वह लोग निराश हो गए।

## मप्रः सिंगरौली में दो लोगों की दी गई बलि आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में अंधविश्वास से जुड़े मानव बलि के मामले में गुरुवार को तड़के दो लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर लोहरा गांव के बेरिहवा टोल में 21 वर्षीय युवक को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि आरोपी ने फूलकुमारी सिंह गोंड और कमल नारायण सिंह गोंड को घर बुलाकर धारदार हथियार से उन पर हमला किया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। जब दो ग्रामीणों सुमित्रा सिंह और राम भजन सिंह ने हस्तक्षेप की कोशिश की तो आरोपी ने उन्हें घायल कर दिया। यह घटना सुबह चार से पांच बजे के बीच हुई और यह पूर्व नियोजित थी। हत्याओं को आरोपी के घर के बाहर आंगन में चबूतरे के पास अंजाम दिया गया। पुलिस को घटनास्थल से धार्मिक अनुष्ठानों की सामग्री मिली, जिससे संदेह है कि यह अपराध अंधविश्वास और जादू-टोना के कारण हुआ होगा।

# निशिकांत ने की राहुल गांधी के खिलाफ दिए नोटिस पर सदन में चर्चा की मांग



- **भाजपा सांसद बोले- कांग्रेस नेता की सदस्यता रद्द होनी चाहिए, वह कभी चुनाव नहीं लड़ पाएं**

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर अर्बन नक्सल की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया और कांग्रेस नेता के खिलाफ दिये गए विशिष्ट नोटिस पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। शून्य काल के दौरान, भाजपा सांसद ने राहुल पर सोरोस फाउंडेशन और फोर्ड फाउंडेशन के साथ संबंध रखने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अर्बन नक्सल की तरह व्यवहार करते हैं। भाजपा सदस्य ने दावा किया कि राहुल गांधी केवल देशद्रोहियों से मिलने वियतनाम, कंबोडिया, बहरीन और थाईलैंड जाते हैं।

### कांग्रेस को राहुल को समझाना चाहिए कि वह नियमों का उल्लंघन कर नहीं बोल सकते : रीजीजू



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस के सांसदों से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को यह समझाने के लिए कहा कि यदि वह सदन में नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए बोलते हैं तो उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जा सकता है। सदन को गुमराह करने और बेबुनियाद बयान देने के लिए राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस देने की घोषणा के एक दिन बाद रीजीजू ने यह बात कही।

### मुझ पर मुकदमा हो या विशेषाधिकार हनन किसानों के लिए लड़ूंगा : राहुल



राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर देश और किसानों को अमेरिका के हाथों बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार उनके खिलाफ चाहे मुकदमा दर्ज करवाए या विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाए, वह किसानों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी ने एक्स और व्हाट्सएप चैनल पर वीडियो जारी करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा समझौता जो किसानों की रोज़ी-रोटी छीने या खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है। किसान-विरोधी सरकार को अन्नदाताओं के हितों से समझौता नहीं करने देंगे। मोदी ने अन्नदाताओं को, उनके खून-पसीने को ट्रंप के हाथों बेच दिया है।

# माल्या जब तक भारत नहीं लौटता, नहीं होगी सुनवाई

मुंबई, एजेंसी

- **बंबई उच्च न्यायालय ने एफईओ के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर की टिप्पणी**

बंबई उच्च न्यायालय ने गुरुवार को अपने इस रुख को दोहराया कि वह भगोड़े कारोबारी विजय माल्या द्वारा दायर याचिका पर तब तक विचार नहीं करेगा, जब तक वह भारत वापस नहीं लौट आता। अदालत ने यह टिप्पणी माल्या की उस याचिका पर दी जिसमें उसने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है।

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं। माल्या को वापस लौटना होगा... अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते। माल्या 2016 से ब्रिटेन में है। उसने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं, जिनमें से एक में उसने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी है जबकि दूसरी याचिका में उसने 2018 के अधिनियम की संवैधानिकता पर सवाल उठाया है। शराब कारोबारी माल्या (70) भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों में कई मुकदमों का सामना कर रहा है।

## आर्थिक वृद्धि में पशु चिकित्सकों की भूमिका अहम : भागवत

**नागपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि देश के आर्थिक विकास में पशु चिकित्सकों की अहम भूमिका है और उन्होंने उनसे पारंपरिक जिम्मेदारियों से आगे बढ़कर अपना नजरिया व्यापक करने की अपील की।

भागवत ने सह-अस्तित्व की भावना पर कहा कि मनुष्यों, जानवरों और प्रकृति के बीच बेहतर सामंजस्य होना चाहिए और समाज को इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए कि संतुलित सह-अस्तित्व कैसे तय किया जाए। भागवत इंडियन सोसाइटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ कैनाइन प्रैक्टिस और पशु एवं मत्स्य पालन विज्ञान विवि के संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

# वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में हिंसा नियंत्रण में आई



- **उच्चतम न्यायालय को केंद्र बताया- भीड़ को उकसाने वाले मुख्य शख्स हैं सोनम**

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले साल 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा में भीड़ को उकसाने वाले मुख्य शख्स थे। केंद्र से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ को बताया कि वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और हिंसा नियंत्रण में आ गयी।

नटराज ने पीठ को बताया कि वह हिंसा को मुख्य रूप से उकसाने वाले थे। इस हिंसा में चार लोग मारे गए थे और 60 लोग घायल हुए थे। हिरासत आदेश में स्पष्ट संबंध दिखता है, इसमें स्पष्ट रूप से सोची-समझी रणनीति का इस्तेमाल किया गया है।उनकी गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और हिंसा नियंत्रण में आ गई। इसलिए यह साबित हो गया कि गिरफ्तारी का आदेश सटीक था जो उस स्थिति में उचित था। विधि अधिकारी ने कहा कि वांगचुक की हिरासत के लिए इन सभी प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं का सावधानीपूर्वक पालन किया गया है। न्यायालय ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की है।

### ऐसे शीर्षक से किसी वर्ग को अपमानित नहीं किया जा सकता

**फिल्म घूसखोर पंडत**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने घूसखोर पंडत शीर्षक पर अप्रसन्नता जताते हुए फिल्म निर्माता नीरज पांडे से गुरुवार को कहा कि आप इस तरह के शीर्षक का इस्तेमाल करके समाज के किसी वर्ग का अपमान नहीं कर सकते। न्यायालय ने ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स पर मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म की रिलीज पर रोक लगाए जाने संबंधी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने फिल्म के खिलाफ दायर याचिका पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड और पांडे को नोटिस जारी किये। पीठ ने कहा, इस तरह के शीर्षक का इस्तेमाल करके आप समाज के एक वर्ग को अपमानित क्यों कर रहे हैं? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक अलग बात है, लेकिन यह किसी को भी अपमानित करने का अधिकार नहीं देती। यह नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के विरुद्ध है। जब तक आप हमें बदला हुआ शीर्षक नहीं बताते, हम आपको फिल्म रिलीज करने की अनुमति नहीं देंगे। हमने सोचा था कि फिल्म निर्माता, पत्रकार आदि जिम्मेदार लोग होते हैं। याचिका में आरोप लगाया गया कि फिल्म का शीर्षक और कथानक प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक हैं और ये ब्राह्मण समुदाय को अपमानजनक तरीके से चित्रित करते हैं। जनहित याचिका में पंडत शब्द के घूसखोर शब्द के साथ इस्तेमाल पर आपत्ति जताई गई है।

## नीट की छात्रा की मौत के मामले को सीबीआई ने संभाला

**नई दिल्ली।** पटना में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही छात्रा की मौत के मामले की जांच सीबीआई ने स्थानीय पुलिस से अपने हाथ में ले ली है।

जहानाबाद निवासी छात्रा 6 जनवरी को पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित महिला छात्रावास में बेहोश मिली थी। बाद में वह कोमा में चली गई और पांच दिन बाद निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। छात्रा की मौत के बाद मचे हंगामे से बिहार सरकार ने 31 जनवरी को मामला सीबीआई को सौंप दिया। परिजनों ने पीड़िता के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। पीड़िता के परिवार ने अधिकारियों पर मामले को दबाने का भी आरोप लगाया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारत ने चुनाव में मदद के लिए उपहार में दिए नेपाल को 270 वाहन

**काठमांडू।** भारत सरकार ने बृहस्पतिवार को नेपाल को चुनाव से संबंधित सहायता की तीसरी खेप के तौर पर 270 वाहन सौंपे। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने गृह मंत्रालय में आयोजित एक समारोह में यह तीसरी खेप नेपाल के गृह मंत्री ओम प्रकाश अर्याल को सौंपी। भारतीय दूतावास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इसमें 270 वाहन शामिल है, जिनमें 50 ट्रक नेपाल सेना के लिए हैं। साथ ही पांच मार्च को होने वाले चुनाव की तैयारियों के लिए नेपाल की मांग के अनुरूप अन्य सामग्री भी सौंपी गई है। भारत सरकार चुनाव में सहायता के लिए पहली दो खेप जनवरी में नेपाल को सौंप चुकी है, जिसमें 310 से अधिक वाहन और अन्य सामग्री शामिल थी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि आने वाले दिनों में कुछ अतिरिक्त सामग्री भी प्रदान की जाएगी।

### व्हाट्सएप का आरोप, रूस ने की एप को ठप करने की कोशिश

**मास्को।** रूस ने देश में व्हाट्सएप पर पूरी तरह से रोक लगाने का प्रयास किया है। सोशल मीडिया कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह इंटरनेट पर नियंत्रण कड़ा करने के सरकार का नया प्रयास है। व्हाट्सएप के एक प्रवक्ता ने बुधवार देर रात बताया कि रूसी अधिकारियों की यह कार्रवाई 'उपयोगकर्ताओं को सरकारी स्वामित्व के निगरानी वाले ऐप की ओर धकेलने' के उद्देश्य से की गई है। यह रूसी सरकारी समर्थित 'मैक्स' मैसेजिंग एप की ओर इशारा है, जिसे आलोचक एक निगरानी उपकरण मानते हैं। व्हाट्सएप के प्रवक्ता ने बताया, "यह 10 करोड़ से अधिक लोगों को निजी और सुरक्षित संचार से अलग करने का प्रयास है और इससे रूस में लोगों की सुरक्षा में ही कमी आएगी। हम लोगों को आपस में जोड़े रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### नेतन्याहू के साथ बैठक में ट्रंप का ईरान से वार्ता जारी रखने पर जोर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की और ईरान के साथ वार्ता जारी रखने पर जोर दिया। अमेरिका ईरान के साथ परमाणु समझौते को आगे बढ़ाना चाहता है। ट्रंप और नेतन्याहू के बीच यह मुलाकात व्हाइट हाउस में हुई। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, यह मुलाकात बहुत अच्छी रही और दोनों देशों के बीच शानदार रिश्ते जारी रहेंगे। उन्होंने कहा, कुछ भी निश्चित नहीं हुआ है, सिवाय इसके कि मैंने ईरान के साथ बातचीत पर यह देखने के लिए जोर दिया कि यह समझौता हो सकता है या नहीं।

# भारतीय छात्रा की मौत के मामले में 2.9 करोड़ डॉलर में समझौता

सिएटल, एजेंसी

- सिएटल में तेज रफ्तार गाड़ी की चपेट में आकर हुई थी मौत, आरोपी पुलिस अधिकारी बर्खास्त

अमेरिका के सिएटल शहर ने 2023 में एक पुलिस अधिकारी की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से जान गंवाने वाली भारत की 23 वर्षीय छात्रा जाह्नवी कंदुला के परिवार के साथ 2.9 करोड़ डॉलर (262.65 रुपये)के समझौते पर सहमति जताई है। कंदुला को अधिकारी केविन डेव की गाड़ी ने उस समय टक्कर मारी थी, जब वह 40 किमी घंटे की सीमा वाले क्षेत्र में 119 किमी की रफ्तार से जा रहे थे।

कंदुला सिएटल स्थित नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर में इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स में मास्टर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रही थीं। कंदुला के परिवार के वकीलों ने तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी। दोनों पक्षों ने पिछले शुक्रवार को किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में समझौते की सूचना दाखिल की। कंदुला की मौत के बाद व्यापक प्रदर्शन हुए थे।

लोगों का आक्रोश इस बात पर भड़का जब एक अन्य अधिकारी के बॉडी कैमरा की रिकॉर्डिंग सामने आई, जिसमें वह हंसते हुए कंदुला के जीवन को मामूली बताते और यह कहते सुनाई दिया कि शहर को सिर्फ एक चेक लिख देना चाहिए। डेनियल ऑडरर नाम के इस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया था। पुलिस विभाग ने वाहन चला रहे अधिकारी को भी बर्खास्त कर दिया और उसे 5,000 डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया।

## यौन अपराधी खादी कहीं संत के चोले में

# भारत के 'एप्स्टीन'

जेफ्री एप्स्टीन की फाइल्स सार्वजनिक होने के साथ उसके घिनौने अपराधों पर दुनिया में नए सिरे से एक बहस छेड़ी है लेकिन एप्स्टीन को छोड़ भी दिया जाए तो दुनिया का इतिहास क्रूर यौन अपराधों से भरा हुआ है। अपनी संस्कृति और संस्कारों की वजह से जाने जाने वाले भारत में भी ऐसे अपराधों की कमी नहीं है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की अगस्त 2024 में जारी रिपोर्ट ऐसे ही घिनौने सच का पर्दाफाश करती है जिसके मुताबिक देश के 151 से ज्यादा मौजूदा सांसदों और विधायकों पर यौन अपराधों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। संत के चोले में भी तमाम यौन अपराधियों के क्रूर कारनामे जगजाहिर हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि समाज में दबदबा रखने वाले कई यौन अपराधियों के खिलाफ पुलिस के भ्रष्टाचार या राजनीतिक दबाव की वजह से पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया।





### सफेदपोश यौन अपराधी

- देश के 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों ने चुनावी हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों की घोषणा की है।
- एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार इनमें 16 सांसद और 135 विधायक शामिल हैं। दो सांसद, 14 विधायकों पर बलात्कार के आरोप दर्ज हैं।
- भाजपा के सबसे अधिक 54 सांसदों और विधायकों पर ऐसे मामले दर्ज हैं। 23 के साथ कांग्रेस दूसरे 17 के साथ टीडीपी तीसरे स्थान पर है।
- पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 25 जनप्रतिनिधि, आंध्र प्रदेश में 21 और ओडिशा में 17 जनप्रतिनिधियों पर यौन अपराधों के मामले दर्ज हैं।

### सर्वाधिक चर्चित मामले

- पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के यौन शोषण के हजारों वीडियो वायरल हुए थे। उसे अगस्त 2025 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।
- उत्तर प्रदेश के पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को 2017 में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने का दोषी पाया गया। उसे उम्रकैद की सजा दी गई।
- हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा पर एयरहोस्टेस गीतिका शर्मा के यौन उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा, सुसाइड नोट में नाम आया।
- मध्य प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री पर उनके घरेलू पुरुष सहायक ने कुकर्म के आरोप लगाए थे, मामला सुर्खियों में आने के बाद उन्हें इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा था।

### दुनिया के सबसे क्रूर

- जापान के जुंको फुरुता में 1988 में 17 वर्षीय छात्रा को अगवा कर 44 दिनों में 400 से अधिक बार बलात्कार किया गया, उसकी मृत्यु हो गई।
- ऑस्ट्रेलिया में नर्स अनीता कोबी का अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया गया और फिर होश में रहते बेरहमी से उनकी गर्दन काट दी गई।
- दिल्ली में 2012 में चलती बस में छात्रा से हुई दरिंदगी ने दुनिया को झकझोरा जिसकी मृत्यु हो गई। ये मामला निर्भया कांड के नाम से मशहूर हुआ।

**खौफनाक आंकड़ा** | यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 37 करोड़ से अधिक लड़कियां और महिलाएं बलात्कार या यौन हमले का शिकार हुई हैं।

### संतों के चोले में यौन अपराधी

- आसाराम बापू नाबालिग लड़कियों से बलात्कार पर जोधपुर और गांधीनगर की अदालत से उम्रकैद।
- डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को दो महिला अनुयायियों से बलात्कार पर 20 साल जेल।
- आसाराम के बेटे नारायण साई को भी शिष्या से बलात्कार के जुर्म में सूरत की अदालत से उम्रकैद।
- तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित आश्रम संचालक प्रेमानंद ने 13 महिलाओं से बलात्कार किया।
- केरल का स्वयंभू संत अमृता चैतन्य नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के मामले में दोषी पाया गया।

# बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के बीच 13वें आम चुनाव के लिए हुआ मतदान

## भारी सुरक्षा तैनाती के बावजूद मतदान केंद्रों पर धमाके, देर शाम मतगणना शुरू

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए लोगों ने बृहस्पतिवार को हिंसा की घटनाओं के बीच मतदान किया। जटिल 84 सूत्री सुधार पैकेज पर जनमत संग्रह के साथ हुए 13वें आम चुनाव में देश भर में 300 में से 299 संसदीय सीट के लिए सुबह साढ़े सात बजे मतदान शुरू हुआ जो शाम साढ़े चार बजे तक जारी रहा। मतदान पूरा होने के बाद ज्यादातर जगहों पर मतगणना भी शुरू कर दी गई। एक उम्मीदवार की मृत्यु होने के कारण एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान रद्द कर दिया गया है।

हसीना की अब भंग हो चुकी अवामी लीग की गैरमौजूदगी में मुख्य मुकाबला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसकी पूर्व सहयोगी जमात-ए-इस्लामी के बीच है। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की अवामी लीग को पिछले साल भंग कर दिया था और पार्टी के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। बांग्लादेश निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद के मुताबिक दोपहर दो बजे तक 48 प्रतिशत मतदान हुआ। देश भर में 299 निर्वाचन क्षेत्रों में 42,779 मतदान केंद्रों पर लगभग 12.7 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। बांग्लादेश की दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के शीर्ष नेताओं के साथ मुख्य सलाहकार यूनुस ने शुरूआत में ही मतदान किया।



ढाका के एक मतदान केंद्र पर बृहस्पतिवार को अपना वोट डालकर लौटतीं महिलाएं।

**कुल 50 राजनीतिक दलों के 1,755 उम्मीदवार और 273 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। बीएनपी के सर्वाधिक 291 उम्मीदवार हैं, चुनाव में 83 महिला उम्मीदवार हैं।**

### एक के बाद एक मतदान केंद्रों पर होते रहे बम के धमाके

मतदान के बीच कई जगहों से चुनावी हिंसा की खबरें आती रहीं। गोपालगंज में बम हमले में 13 वर्षीय लड़की सहित तीन लोग घायल हो गए। बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे निचुपाड़ा स्थित रेशमा इंटरनेशनल स्कूल में बने मतदान केंद्र में विस्फोट हुआ। इस घटना में चुनाव सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अर्द्धसैनिक सहायक बल 'अंसार' के दो सदस्य भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी जहिरुल इस्लाम ने बताया कि घायलों को मामूली चोट आई थी और मतदान थोड़ी देर बाद फिर शुरू हो गया। एक अन्य घटना में मुंशीगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के बाहर सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए, जिससे मतदान अस्थाई रूप से बाधित हो गया। सुबह करीब 10 बजकर 15 मिनट पर मखाती गुरुचरण हाई स्कूल में बने मतदान केंद्र के सामने विस्फोट हुए। अधिकारियों ने बताया कि 10 से 12 देसी बमों में धमाका हुआ। केंद्र पर मतदान कुछ देर के लिए रोक दिया गया। पीठासीन अधिकारी मोहम्मद तितुमिर ने कहा कि विस्फोटों से मतदाताओं में दहशत फैल गई लेकिन कुछ देर बाद मतदान फिर से शुरू हो गया। इसके अलावा, खुलना में एक मतदान केंद्र के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के दौरान एक बीएनपी नेता की मौत हो गई। बीएनपी का कहना है कि जमात के एक नेता के धक्का देने की वजह से पेड़ से टकराकर वह घायल हो गए थे, जिससे उनकी मौत हुई।

### ऐतिहासिक: हिंसा रोकने के लिए 10 लाख सुरक्षा कर्मी

निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर लगभग 10 लाख सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जो देश के चुनावी इतिहास में सुरक्षाकर्मियों की अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। इसके अलावा प्रशासन ने राजधानी के प्रमुख इलाकों में बख्तरबंद वाहन और त्वरित कार्यबल (आरएटी) तैनात किए हैं। पहली बार चुनाव सुरक्षा के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। करीब 81 स्थानीय संगठनों के 55,454 पर्यवेक्षकों ने चुनाव की निगरानी की, जबकि विदेशी चुनाव पर्यवेक्षकों की संख्या 394 रही। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों में से 80 विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों की तरफ से हैं, जबकि बाकी अलग-अलग देशों से हैं, जिनमें स्वतंत्र यूरोपीय पर्यवेक्षक भी शामिल हैं।

### धांधली और फर्जी मतदान की भी तमाम खबरें

उत्तर पश्चिमी जॉयपुरहाट के कलाई इलाके में एक पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच मतपत्रों की फोटोकॉपी वितरित करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, उत्तर पूर्व सिलहट के बालागंज उप-जिले में मतपत्रों की हेराफेरी के आरोपों में जमात और बीएनपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई, जहां एक स्थानीय जमात नेता और कई अन्य लोग आधी रात के आसपास एक मतदान केंद्र में घुस गए तभी बीएनपी कार्यकर्ताओं ने उन पर धावा बोला, जिसके परिणामस्वरूप हाथापाई हुई जिस पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

## मतदान से पहले हिंदू मजदूर की हत्या

- चाय बागान में मिला खून से लथपथ शव, रस्सी से बंधे थे हाथ-पैर

**ढाका।** पूर्वोत्तर बांग्लादेश के मौलवी बाजार इलाके में एक युवा हिंदू चाय बागान मजदूर का खून से लथपथ शव मिला जिसके हाथ-पैर रस्सियों से बंधे हुए थे। बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान से पहले यह लगातार दूसरे दिन किसी हिंदू व्यक्ति की हत्या का मामला है।

पुलिस ने बुधवार को ढाका से लगभग 200 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित मौलवी बाजार के कमलगांज उपजिले के एक चाय बागान से 28 वर्षीय रतन शुवो कार का शव बरामद किया। 'द डेली स्टार' ने कमलगांज पुलिस थाने के प्रभारी अब्दुल अवाल के हवाले से खबर दी कि मृतक रतन शुवो कार इस्लामपुर यूनियन के अंतर्गत चंपारा चाय बागान में बतौर मजदूर काम करता था। लोगों ने बुधवार पूर्वाह्न करीब 10:00 बजे बागान में शव को देखा और अधिकारियों को सूचना दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक शव पर चोट के स्पष्ट निशान थे और वह खून से लथपथ था। रतन के बड़े भाई लक्ष्मण कार ने बताया कि परिवार मंगलवार रात से ही उसकी तलाश कर रहा था। उन्होंने बताया, बुधवार सुबह हमें सूचना मिली कि उसका शव बागान में पड़ा है। हम वहां गए और उसकी पहचान की। हमें नहीं पता कि उसकी हत्या क्यों की गई।

## इतालवी तटों पर कड़ी नौसैनिक नाकाबंदी का विधेयक पारित

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के नेतृत्व वाली रूढ़िवादी सरकार ने अवैध आव्रजन से निपटने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दी है जिसके तहत इतालवी तटों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे प्रवासी पोतों के लिए नौसैनिक नाकाबंदी करने का प्रावधान भी शामिल है।

विधेयक को मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दे दी गई। यह विधेयक संसद के दोनों सदनों में चर्चा और मंजूरी के बाद प्रभावी होगा। इसमें सीमाओं पर कड़ी निगरानी और यूरोपीय एजेंसियों के साथ सहयोग का प्रावधान शामिल है। विधेयक प्रवासन और शरण संबंधी नए यूरोपीय संघ समझौते को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद पारित किया गया है।

### भारत के साथ समझौता ऐतिहासिक, विशाल ऊर्जा निर्यातक बनेंगे हम : ट्रंप



- अमेरिका के कोयला निर्यात में भारी वृद्धि होने का किया दावा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अमेरिका भारत और उन देशों को कोयले का निर्यात बढ़ाएगा जिनके साथ उसने व्यापार समझौते किए हैं। ट्रंप ने 'चैंपियन ऑफ कोल' शीर्षक वाले एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हमारे नेतृत्व में हम एक विशाल ऊर्जा निर्यातक बन रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में ही हमने जापान, कोरिया, भारत और अन्य के साथ ऐतिहासिक व्यापार समझौते किए हैं ताकि हमारे कोयला निर्यात को बढ़ाया जा सके। अमेरिका और भारत ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वे व्यापार पर एक अंतरिम समझौते की रूपरेखा पर पहुंच गए हैं जिसके तहत नई दिल्ली सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं, खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगी या घटाएगी और अगले पांच साल में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी उत्पादों की खरीद करेगी।

### ब्रिटिश शाही सेना के पायलटों को प्रशिक्षण देगी भारतीय वायुसेना

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना पहली बार ब्रिटेन की शाही वायुसेना के पायलटों को प्रशिक्षण देने जा रही है। यह निर्णय बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में आयोजित 19वीं ब्रिटेन-भारत वायुसेना वार्ता में लिया गया। ब्रिटेन के मुताबिक, नवीनतम समझौते के तहत, भारतीय वायुसेना तीन योग्य उड़ान प्रशिक्षकों को ब्रिटेन में शाही वायुसेना ली में तैनात करेगी जो ब्रिटिश लड़ाकू विमानों के पायलटों के लिए प्रशिक्षण केंद्र है। यह पहली बार है कि भारतीय योग्य उड़ान प्रशिक्षक आरएएफ वैली में ब्रिटिश पायलटों को लड़ाकू विमानों का प्रशिक्षण देंगे।

### मोदी का करियर बर्बाद नहीं करना चाहता... ट्रंप के वीडियो पर कार्रवाई करेगा भारत

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने वीडियो से जताई अनभिज्ञता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबंधित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस वीडियो से अनभिज्ञता जताई है जिसमें वह यह कहते सुने गए कि वह मोदी का राजनीतिक करियर बर्बाद नहीं करना चाहते। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा है कि अगर ऐसा वीडियो है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा, आप जिस वीडियो की बात कर रहे हैं, मैंने उसे नहीं देखा है। सोशल मीडिया में ट्रंप का यह वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि वह मोदी से प्रेम करते हैं और उनका राजनीतिक करियर बर्बाद नहीं करना चाहते। एप्स्टीन फाइल से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, जहां तक एप्स्टीन फाइल का प्रश्न है, आपने हमारा बयान देखा होगा। आप उस बयान का संज्ञान लें।

## कनाडा पर टैरिफः पहली बार अमेरिकी प्रतिनिधि सभा राष्ट्रपति के विरोध में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कनाडा पर लगाए गए टैरिफ को पलटने के लिए मतदान किया जो व्हाइट हाउस के एजेंडे की एक दुर्लभ आलोचना है। बुधवार को इस प्रस्ताव के पक्ष में 219 और इसके खिलाफ 211 मत पड़े। ऐसा संभवतः पहली बार है जब रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा ने किसी महत्वपूर्ण नीति को लेकर राष्ट्रपति का विरोध किया है।

प्रस्ताव का उद्देश्य उस राष्ट्रीय आपात स्थिति को समाप्त करना है, जिसे ट्रंप ने टैरिफ लगाने के लिए घोषित किया है लेकिन इस नीति को पलटने के लिए वास्तव में ट्रंप के भी समर्थन की जरूरत होगी जो असंभव प्रतीत होता है। यह प्रस्ताव अब सीनेट के पास जाएगा। ट्रंप का मानना है कि टैरिफ अमेरिकी व्यापार साझेदारों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए असरदार हैं लेकिन सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापार युद्धों के कारण जूझ रहे कारोबारियों एवं इनके जेब पर पड़ने वाले असर एवं ऊंची कीमतों से परेशान मतदाताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति में डेमोक्रेटिक पार्टी के शीर्ष नेता एवं न्यूयॉर्क से सांसद ग्रेगरी मीक्स ने यह प्रस्ताव पेश किया।

# कई वैश्विक हस्तियां आएंगी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में

नई दिल्ली, एजेंसी

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम (कर्टेन रेजर) 'एआई फॉर ऑलः रीइमेजिनिंग ग्लोबल कोऑपरेशन' में वक्तव्य देंगे। सार्वजनिक नीति शोध संस्था कार्नेगी इंडिया ने यह घोषणा की। इस आयोजन के लिए अब तक 100 से अधिक देशों के 35,000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 500 से अधिक स्टार्टअप सम्मिलित हैं।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे




- सौ देशों के 35,000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण
- मैक्रों और सुनक भी आएंगे, भारत मंडपम में 16 से पांच दिनी कार्यक्रम

और इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मैक्रों मोदी के साथ 'होराइजन 2047 रोडमैप' के अंतर्गत द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक चर्चा करेंगे। वे मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का भी उद्घाटन करेंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर केंद्रित है। 'जनमानस, पृथ्वी और प्रगति' के तीन आधारभूत स्तंभों पर आधारित यह शिखर सम्मेलन वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, नवाचारियों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाएगा, ताकि शासन, नवाचार और सतत विकास में एआई की भूमिका पर विचार किया जा सके।संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।


### एआई यानी अमेरिका-इंडिया, मोदी का यह कथन सटीक

इस सम्मेलन में यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम ( यूएएसआईएसपीएफ) की भागीदारी होगी। सम्मेलन से पूर्व यूएएसआईएसपीएफ ने ''बोर्ड एआई टास्क फोर्स'' के गठन की घोषणा की है जिसका नेतृत्व जॉन चैंबर्स करेंगे। कार्यबल के शुभारंभ पर जॉन चैंबर्स ने कहा, जैसा कि मोदी ने कहा है, एआई का अर्थ ''अमेरिका और इंडिया'' है। सिलिकॉन वैली के अपने अनुभव से मैं देख सकता हूं कि एआई हमारे समय की निर्णायक तकनीक बनेगी, ठीक वैसे ही जैसे भारत-अमेरिका संबंध इस युग की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 13 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 14 .25 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मूल 16 .12 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज मन में असंतोष का भाव रह सकता है। धार्मिक लोगों से सलाह लेना उत्तम होगा। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। आर्थिक निवेश को लेकर सावधान रहें। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। सर्दी-खांसी से आपको परेशानी हो सकती है।

**वृष** — आज ऊंचाई वाली जगहों से दूरी बनाकर रखें। जीवनसाथी के प्रति आसक्ति का भाव बढ़ेगा। संतान से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। आप अपने मित्रों की काफी सहायता करेंगे। अविवाहित लोगों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपका दिन विशेष उन्नतिकारक रहेगा। आय की दृष्टि से भी दिन बहुत ही अच्छा है। दोपहर तक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपके स्वभाव में विनम्रता बढ़ेगी। आप चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। अधूरे पड़े कार्य आप प्रारंभ कर सकते हैं।

**कर्क** — आज पुराने लोन को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके भीतर स्नेह और वात्सल्य की भावना रहेगी। पाचन तंत्र की सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है। आप काफी अच्छा महसूस करेंगे।

**सिंह** — आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों को महत्व दें। वाणी में संयम रखें। रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या** — आज जीवन की सच्चाइयों का सामना करना पड़ेगा। आपको कारोबार में अतिरिक्त प्रयास करने पड़ेंगे। आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिए। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रखें। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाकर रखें।

**तुला** — आज प्रतियोगिता और परीक्षा में आपको सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपको पिछले अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। उच्च-अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आप अपनी आय बढ़ाने के लिए अत्यधिक प्रयत्नशील रहेंगे। परिवार में छोटों की चिंता रहेगी। प्रियजनों के व्यवहार को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ाएगा। लोगों पर आपका प्रभाव काफी अच्छा पड़ेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहना वाला है। प्रेमीजन से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आप दूसरों की सहायता करेंगे। नए कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। उच्च अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं।

**मकर** — आज के दिन आपको तनाव का सामना करना पड़ेगा। दांपत्य जीवन में कड़वाहट हो सकती है। कुछ लोग आपकी तरक्की से ईर्ष्या कर सकते हैं। मेडिकल सेवा से जुड़े लोगों को परेशानी हो सकती है। अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करें।

**कुंभ** — आज दार्शनिक लोगों के विचारों से आप प्रभावित रहेंगे। लोगों की बातों को अधिक महत्व न दें। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें, इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। पुराने लोन को चुकाने में आसानी होगी।

**मीन** — आज आपको शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ सकता है। सरकारी कार्यों में ध्यान देने का प्रयास करें। गंभीरता से परिस्थितियों का अवलोकन करें। घर के वास्तु में कुछ परिवर्तन करने का विचार बना सकते हैं। पिता की सलाह से काम करना हितकर होगा।

## सुडोकू -60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 5 | | |
| 3 | 8 | | | | 2 | | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | | 1 |
| 8 | | | | 5 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | 2 | | 7 | | | | 6 |
| 6 | | | 3 | | 9 | | | |
| | 1 | | 2 | | | | 3 | 8 |
| | | 4 | | | 8 | | | |

### सुडोकू - 59 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 9 |



> विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अभी पूरी तरह फिट नहीं है। वह एक-दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। उन्हें पेट में इन्फेक्शन के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बुधवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।
> –सूर्यकुमार यादव, कप्तान

## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया-जिम्बाब्वे | पूर्वाह्न 11 बजे |
| कनाडा-यूएई | दोपहर 3 बजे |
| नीदरलैंड्स-अमेरिका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### चोटिल लियोनेल मेसी का खेलना संदिग्ध

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी की बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है जिसके कारण उनका इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस कप में 21 फरवरी को एलएएफसी के खिलाफ होने वाले सत्र के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। इंटर मियामी की टीम ने बुधवार को मेसी के चोटिल होने के बारे में जानकारी दी। एमएलएस के लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेस्सी ने पिछले सप्ताहांत इक्वाडोर में सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ के लगभग 12 मिनट बाद उन्हें संभवत: हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। इंटर मियामी ने एक बयान में कहा अभ्यास में उनकी वापसी आने वाले दिनों में उनकी फिटनेस की प्रगति पर निर्भर करेगी।

### फेडरर के समारोह के टिकट दो मिनट में बिके

**न्यूपोर्ट (अमेरिका)।** रोजर फेडरर ने भले ही टेनिस को अलविदा कह दिया हो लेकिन उनका जादू अब भी प्रशंसकों पर सर चढ़कर बोलता है जिसकी बानगी यहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ़ फेम में शामिल करने के समारोह के टिकटों की भारी मांग में देखने में मिली। फेडरर से जुड़े इस समारोह के सभी टिकट दो मिनट में बिक गए। आयोजकों ने आउटडोर पार्टी के लिए अलग से अतिरिक्त टिकट जारी किए जो हाथों हाथ बिक गए। आखिर में आयोजकों को कहना पड़ा कि उनकी क्षमता सीमित है और वह अधिक टिकट जारी नहीं कर सकते हैं।

### भारतीय घुड़सवारी महासंघ को नोटिस

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 156 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) को पहली बार 4 .62 करोड़ रुपये का मांग नोटिस जारी किया है। आधिकारिक दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई है। ईएफआई को नौ फरवरी, 2026 के नोटिस में कहा गया है कि इस खेल महासंघ को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4,62,18,102 रुपये की राशि भुगतान करनी होगी। इस नोटिस की एक प्रति पीटीआई के पास भी है जिसमें कहा गया है कि निर्धारित की गई राशि नोटिस मिलने के 30 दिनों के भीतर किसी अधिकृत बैंक में जमा करनी होगी।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने सड़क पर बिताया समय

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी टीम के सदस्यों को कैनबरा पहुंचने पर कई घंटे सड़क पर बिताने पड़े क्योंकि धन के अभाव में पाकिस्तान हॉकी महासंघ होटल के बिल का भुगतान नहीं कर सका जिससे होटल बुकिंग रद्द हो गई। पाकिस्तानी टीम होबर्ट में एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण के मैच खेलने आस्ट्रेलिया में है। टीम के सूत्रों के अनुसार खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को घंटों तक सड़क पर रहना पड़ा। एक सूत्र ने बताया खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिये कैनबरा में एक चार सितारा होटल में कमरे बुक किये गए थे। उन्हें बताया गया था कि पाकिस्तान खेल बोर्ड और पीएचएफ ने कैनबरा में उनके रहने के लिये सारे भुगतान कर दिए हैं।

### अर्जेंटीना ने हॉकी प्रो लीग में भारत को रौंदा

**राउरकेला।** भारत को बृहस्पतिवार को यहां एफआईएच पुरुष प्रो लीग के राउरकेला चरण में अर्जेंटीना से 0-8 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना के लिए टॉमस डोमेने ने चार गोल दागे। डोमेन (15, 20, 26, 60वें मिनट) के अलावा टॉमस रुइज (14वें मिनट), लुसियो मेंडेज (22वें मिनट), इग्नासियो इबारा (25वें मिनट) और निकोलस डेला टोरे (30वें मिनट) ने भी गोल किए। भारत ने शुरुआत में बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन कुछ देर तक दबदबे के बाद उन्होंने पहले क्वार्टर के अंत में पेनल्टी स्ट्रोक मिलने पर बढ़त लेने का सुनहरा मौका गंवा दिया। हरमनप्रीत सिंह के प्रयास को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। अर्जेंटीना ने तुरंत गोल दाग दिया।

# ईशान और हार्दिक की तूफानी पारियों से भारत की बड़ी जीत

## टी-20 विश्व कप : नामीबिया को 93 रनों से हराया



ईशान किशन।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और हार्दिक पंड्या के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के एकतरफा मैच में बृहस्पतिवार को यहां नामीबिया को 93 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

ईशान (61 रन, 24 गेंद, पांच छक्के, छह चौके) और पंड्या (52 रन, 28 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक से भारत ने नौ विकेट पर 209 रन बनाए जिसके जवाब में नामीबिया की टीम चक्रवर्ती (सात रन पर तीन विकेट), (21 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 116 रन पर सिमट गई। नामीबिया की ओर से सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप (29) और जेन फ्राइलिंक (22) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। टीम ने अपने अंतिम आठ विकेट सिर्फ 30 रन जोड़कर गंवाए। भारतीय टीम अब अपना अगला मैच 15 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी जिस पर सभी की नजरें टिकी होंगी।

### भारत

**209/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ईशान का शिकोंगो बो इरास्मस | 61 |
| सैमसन का स्टीनकैंप बो शिकोंगो | 22 |
| तिलक वर्मा का स्मिट बो इरास्मस | 25 |
| सूर्यकुमार स्टं ग्रीन बो स्कोल्ट्ज | 12 |
| हार्दिक का स्थानापन्न बो इरास्मस | 52 |
| शिवम दुबे रन आउट | 23 |
| रिंकू सिंह का इरास्मस बो स्मिट | 01 |
| अक्षर पटेल बो इरास्मस | 00 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 |

**गेंदबाजी :** ट्रंपलमैन 4-0-38-0, शिकोंगो 3-0-41-1, स्मिट 4-0-50-1, हेइंगो 1-0-18-0, गेरहार्ड इरास्मस 4-0-20-4, स्कोल्ट्ज 4-0-41-1

### नामीबिया

**116/10** (18.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| लॉरेन स्टीनकैंप बो चक्रवर्ती | 29 |
| जेन फ्राइलिंक का दुबे बो अर्शदीप | 22 |
| जेन निकोल का अक्षर को चक्रवर्ती | 13 |
| गेरहार्ड का तिलक बो अक्षर | 18 |
| जेजे स्मिट बो चक्रवर्ती | 00 |
| जेन ग्रीन हिट विकेट दुबे | 11 |
| मलान क्रूगर का बुमराह बो अक्षर | 05 |
| रूबेन ट्रंपलमैन बो बुमराह | 06 |
| स्कोल्ट्ज का अक्षर बो पंड्या | 04 |
| बेन शिकोंगो पगबधा बो पंड्या | 00 |
| मैक्स हेइंगो नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** पंड्या 4-0-21-2, अर्शदीप 3-0-36-1, दुबे 2.2-0-11-1, बुमराह 4-0-20-1, चक्रवर्ती 2-0-7-3, अक्षर 3-1-20-2

लक्ष्य का पीछा करने उतरे नामीबिया ने पावर प्ले में एक विकेट पर 57 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। फ्राइलिंक ने पंड्या पर चौका और छक्का मारने के बाद अर्शदीप सिंह पर भी लगातार दो चौके जड़े लेकिन इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर डीप मिडविकेट पर दुबे को कैच दे बैठे। स्टीनकैंप ने छठे ओवर में अर्शदीप पर दो चौके और एक छक्के से 17 रन बटोरे। चक्रवर्ती ने पहली ही गेंद पर स्टीनकैंप को बोल्ड करके नामीबिया को दूसरा झटका दिया। कप्तान इरास्मस ने अक्षर पटेल का स्वागत मिडविकेट पर दो छक्कों के साथ किया लेकिन जेन निकोल लॉफ्टी ईटन (13) चक्रवर्ती की गेंद को हवा में लहराकर लॉन्ग ऑफ पर अक्षर के हाथों लपके गए। चक्रवर्ती ने एक गेंद बाद जेजे स्मिट (00) को भी बोल्ड किया।

भारतीय टीम के लिए ईशान किशान और संजू सैमसन की जोड़ी ने तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए महज दो ओवर में 25 रन बना डाले। इसी दौरान दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर बेन शिकोंगो ने संजू सैमसन को अपना शिकार बना लिया। संजू सैमसन ने आठ गेंदों में तीन छक्के और एक चौका उड़ाते हुए 22 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। ईशान किशन ने 24 गेंदों में छह चौके ओर पांच छक्के लगाते हुए 61 रनों की पारी खेली। उन्होंने महज 20 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। 11वें ओवर में सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुये। तिलक वर्मा ने 21 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 25 रन बनाए। एक समय महज 20 रन जोड़कर भारत ने तीन विकेट गंवा दिए थे। ऐसे समय हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे की जोड़ी ने एक बार फिर भारतीय पारी को संभाला और तेजी के साथ रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 81 रनों की उपयोगी साझेदारी हुई।



हार्दिक पंड्या

# इटली ने नेपाल को रौंद आईसीसी टूर्नामेंट में जीत का खाता खोला

**मुंबई, एजेंसी**


इटली के बल्लेबाज एंथनी मोस्का और जस्टिन मोस्का। एजेंसी

- **एंथनी और जस्टिन मोस्का ने नाबाद पारियां खेल आसानी से हासिल किया लक्ष्य**

इटली ने टी20 विश्व कप पदार्पण में अपने दूसरे ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया और बृहस्पतिवार को यहां के ग्रुप सी मैच में नेपाल को 44 गेंद रहते 10 विकेट से रौंदकर आईसीसी टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

इटली के स्पिनरों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए नेपाल की पूरी टीम को 19.3 ओवर में महज 123 रन पर समेट दिया। इसके बाद उसने एंथनी मोस्का (नाबाद 62 रन) और जस्टिन मोस्का (नाबाद 60 रन) के बीच अटूट साझेदारी से 12.4 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत हासिल की। मोस्का बंधुओं में से बड़े भाई एंथोनी ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह छक्के और तीन चौके जड़े जबकि छोटे भाई जस्टिन ने 44 गेंद की नाबाद पारी के दौरान तीन छक्के और पांच चौके जमाए। यह इटली के लिए टी20 विश्व कप इतिहास का दूसरा ही मैच था। पिछले मैच में उसे कोलकाता में स्कॉटलैंड से 73 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मुकाबले में नेपाल को जीत का दावेदार माना जा रहा था जिसने इसी स्थल पर इंग्लैंड को कड़ी चुनौती दी थी। लेकिन उनका कोई भी बल्लेबाज इटली की सटीक स्पिन गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के सामने नहीं टिक सका। नेपाल ने अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर संदीप लामिचाने को इस्तेमाल में भी बहुत बाद में किया। इंडियन प्रीमियर लीग सहित कई टी20 टूर्नामेंट खेल चुके लामिचाने को तब गेंदबाजी के लिए लगाया गया जब इटली के सलामी बल्लेबाज 58 रन बना चुके थे।

इटली के सलामी बल्लेबाजों ने प्रति ओवर करीब 10 रन बनाए और नेपाल किसी भी मौके का फायदा नहीं उठा सका जिससे वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद बड़ी संख्या में उसके प्रशंसकों को काफी निराशा हुई। इससे पहले यहां स्पिनरों का दबदबा जारी रहा जिसमें इटली के लिए बेन मानेंटी ने नौ रन दकर दो जबकि कृशन कालुगामागे ने 18 रन देकर तीन विकेट झटके। सटीक लाइन एवं लेंथ के साथ इटली के क्षेत्ररक्षकों ने भी शानदार प्रदर्शन किया जिससे नेपाल के खिलाड़ी दबाव में रहे। नेपाल के लिए आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन और कप्तान रोहित पौडेल ने 23 रन बनाए।

### भारत-पाकिस्तान का मैच देखने जाएंगे बीसीबी प्रमुख

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रमुख अमीनुल इस्लाम ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप मैच देखने के लिए कोलंबो में जाएंगे। उन्हें उम्मीद है कि पिछले कुछ सप्ताह से चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ उनके संबंध सुधरेंगे। इस्लाम ने बांग्लादेश के अखबार 'प्रथम आलो' से कहा कि इस हाई-प्रोफाइल मैच के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तरफ से निमंत्रण मिला है। उन्होंने कहा आईसीसी ने एक फैसला लिया है। आईसीसी के प्रमुख हितधारक ये पांच एशियाई देश हैं तथा वह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को होने मैच के लिए सभी पांच एशियाई देशों के प्रतिनिधि एक साथ स्टेडियम में मौजूद रहें, मैच देखें और एक-दूसरे से बात करें। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एशिया के आईसीसी में महत्वपूर्ण सदस्य हैं। इस्लाम से पूछा गया कि क्या इस बैठक से बीसीसीआई के साथ उसके तनावपूर्ण संबंध खत्म करने में मदद मिलेगी, उन्होंने कहा, आप इसे कुछ इसी तरह मान सकते हैं।

# मेंडिस, रत्नायके व शनाका की पारी से श्रीलंका की बड़ी जीत

**पल्लीकल, एजेंसी**


विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते श्रीलंका के बल्लेबाज पवन रत्नायके। एजेंसी

- **ओमान को 105 रनों से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें मजबूत कीं**

कप्तान दासुन शनाका सहित तीन बल्लेबाजों के अर्धशतक और बाद में धारदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के मैच में गुरुवार को यहां ओमान को 105 रन से करारी शिकस्त देकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। कुसल मेंडिस (45 गेंद पर 61 रन), पवन रत्नायके (28 गेंद पर 60) और शनाका (20 गेंद पर 50) ने अर्धशतक जमाए और ओमान के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के धुर्रे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। श्रीलंका ने इनके शानदार प्रदर्शन की मदद से पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद पांच विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

ओमान के बल्लेबाजों के पास श्रीलंका के तेज और स्पिन आक्रमण का कोई जवाब नहीं था और उसकी टीम नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से केवल मोहम्मद नदीम ही संघर्ष कर पाए जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 52 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से दुष्मंत चामीरा और महीश तीक्षणा ने दो दो विकेट लिए। श्रीलंका की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह चार अंक लेकर ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है। ओमान को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले श्रीलंका के बल्लेबाजों ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाकर बड़ी जीत की नींव रखी। जितेन रामानंदी ओमान के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 41 रन देकर दो विकेट लिए। मेंडिस ने अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखी जबकि रत्नायके और शनाका ने महत्वपूर्ण समय पर अपनी लय हासिल की। आयरलैंड के खिलाफ केवल पांच रन बनाकर आउट होने वाले रत्नायके ने 24 गेंद पर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया।

उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 12वें ओवर में तेज गेंदबाज रामानंदी पर पारी का पहला छक्का लगाया और सुफयान महमूद को लगातार तीन चौके लगाकर यह अपना अर्धशतक पूरा किया। रत्नायके और मेंडिस ने केवल 52 गेंद पर 94 रन की साझेदारी की। इस बीच उन्होंने स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान दिया।

# उम्मीद जीवंत रखने की कोशिश करेगा नीदरलैंड्स

**चेन्नई, एजेंसी**

- **अमेरिका को करनी होगी वापसी बल्लेबाज नहीं दिखा पाए जलवा**


नीदरलैंड्स के बल्लेबाज मैक्स ओडॉउड।

पिछले मैच में जीत हासिल करके वापसी करने वाले नीदरलैंड्स को शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में अमेरिका के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए आक्रामक बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी करनी होगी जो सुपर आठ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए जरूरी है। नीदरलैंड को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान से मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने अपने अगले मैच में नामीबिया को हराकर शानदार वापसी की। नीदरलैंड ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दो ओवर शेष रहते सात विकेट से जीत हासिल की। नीदरलैंड्स की टीम के पास शीर्ष क्रम में विस्फोटक बल्लेबाज हैं लेकिन उसके मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है।

अमेरिका ने गेंदबाजी में तो अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बल्लेबाजी में वे लड़खड़ा गए और खराब फील्डिंग ने भी उन्हें नुकसान पहुंचाया। अमेरिका के गेंदबाजों में शैडली वैन शालविक ने पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन किया है।

### हमारे बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी खेलने में सक्षम : हैरी ब्रूक


**मुंबई।** इंग्लैंड के बल्लेबाजों की टी20 विश्व कप के दौरान स्पिन गेंदबाजों को खेलने की कमजोरी भले ही खुलकर सामने आ गई हो लेकिन उसके कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा कि उनके बल्लेबाज स्पिनरों को खेलने में पूरी तरह से सक्षम है। इंग्लैंड को अपने पिछले मैच में वेस्टइंडीज से 30 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 196 रन बनाए जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 19 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड के छह बल्लेबाजों को स्पिन गेंदबाजों ने आउट किया। जब ब्रूक से पूछा गया कि क्या इंग्लैंड को स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ रहा है, तो उन्होंने कहा मुझे ऐसा नहीं लगता। उन्होंने विश्व कप से ठीक पहले स्पिन गेंदबाजों की प्रमुखता वाली टीम श्रीलंका पर मिली 3-0 की जीत का उदाहरण दिया।

**टी20 विश्व कप** | ग्रुप बी मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबला आज, मार्श की फिटनेस पर होगी निगाह

# बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**कोलंबो, एजेंसी**


ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श।

कई प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम जब शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा तो कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस पर निगाह टिकी रहेगी।

मार्श बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार इस ऑलराउंडर को मैदान पर वापसी करने से पहले काफी आराम की जरूरत होगी। मार्श के कवर के रूप में स्टीव स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की टीम में लिया गया है। उनकी टीम को हालांकि आयरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में मार्श की कमी नहीं खली। ऑस्ट्रेलिया ने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके 67 रन से जीत हासिल की थी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के किसी भी बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं लगाया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने 180 से अधिक रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके बाद तेज गेंदबाज नाथन एलिस और लेग स्पिनर एडम जम्पा ने मिलकर आठ विकेट लिए और अपनी टीम को पूरे दो अंक दिलाए। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहेगी। उसे सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और ग्लेन मैक्सवेल से बड़ी पारियों की उम्मीद होगी। मार्श अगर टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया को बहुत अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि स्मिथ ने हाल में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

जिम्बाब्वे ने अपनी पिछले मैच में ओमान को आसानी से हराया था। उसके पास ब्रैड इवांस, ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगारवा जैसे तेज गेंदबाज हैं जो अपने दिन में सबसे मजबूत बल्लेबाजों को भी कड़ी टक्कर दे सकते हैं। सिकंदर रजा की ऑफ और लेग ब्रेक गेंदों का मिलाजुला रूप उनकी गेंदबाजी को एक नया आयाम देता है। टी20 के बेहद अनुभवी खिलाड़ी रजा को ब्रायन बेनेट, डियोन मायर्स और 40 वर्षीय ब्रेंडन टेलर के साथ बल्लेबाजी में भी योगदान देना होगा।

### कनाडा-यूएई की निगाह पहली जीत पर

**नई दिल्ली।** अपने शुरुआती मैच में करारी हार झेलने वाले कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शुक्रवार को यहां जब टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मुकाबले में आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल करना होगा। तीन शीर्ष 10 टीमों न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ 'ग्रुप ऑफ डेथ' में शामिल होने के कारण यूएई और कनाडा दोनों को सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए कड़ी और असंभव चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों टीमों के अभियान की शुरुआत निराशाजनक रही। जहां कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा, वहीं यूएई को न्यूजीलैंड ने करारी शिकस्त दी।